RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 31
नई दिल्ली, रविवार, 5 दिसंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



लक्ष्मण 13 दिसंबर को एनसीए से जुड़ेंगे
स्पोर्ट्स-12

# देश में ओमीक्रोन के दो नए मामले

## ● गुजरात और महाराष्ट्र में एक-एक केस सामने आया, दोनों ने अफ्रीका की यात्रा की थी

**भाषा।** अहमदाबाद, मुंबई

**देश** में शनिवार को कोरोना वायरस संक्रमण के ओमीक्रोन स्वरूप के दो नए मामले सामने आए। गुजरात के 72 वर्षीय व्यक्ति जबकि महाराष्ट्र के 33 वर्षीय व्यक्ति के ओमीक्रोन से संक्रमित होने की पुष्टि के बाद अब तक देश में इस स्वरूप के कुल चार मामले दर्ज किए जा चुके हैं। इससे पहले, कर्नाटक में दो व्यक्ति वायरस के इस स्वरूप से संक्रमित मिले थे। गुजरात के स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को बताया कि जिम्बाब्वे से लौटा गुजरात के जामनगर शहर का 72 वर्षीय एक व्यक्ति कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संक्रमित पाया गया है।

गुजरात के स्वास्थ्य आयुक्त जयप्रकाश शिवहरे ने पुष्टि की कि जामनगर शहर का संबंधित व्यक्ति कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संक्रमित पाया गया है। अधिकारियों ने कहा कि यह व्यक्ति 28 नवंबर को जिम्बाब्वे से गुजरात आया था और दो दिसंबर को कोरोना वायरस से संक्रमित मिला था, जिसके बाद उसका नमूना जीनोम अनुक्रमण के लिए भेजा गया था। हालांकि, संक्रमित व्यक्ति टीके की दोनों खुराक ले चुका है। जामनगर के निगमायुक्त विजय कुमार खराडी ने कहा था कि नमूना जीनोम अनुक्रमण के लिए अहमदाबाद भेजा गया था ताकि यह पता लगाया जा सके कि व्यक्ति ओमीक्रोन से संक्रमित है या नहीं। उन्होंने कहा कि यह व्यक्ति पिछले कई साल से जिम्बाब्वे में रह रहा है और वह राज्य में अपने ससुर से मिलने आया था। अधिकारी ने कहा कि बुखार होने के बाद डॉक्टर ने उन्हें आरटी-पीसीआर टेस्ट कराने की सलाह दी और निजी प्रयोगशाला ने बृहस्पतिवार को अधिकारियों को उसके कोरोना वायरस से संक्रमित होने की सूचना दी। खराडी ने कहा कि इसके बाद, इस व्यक्ति को गुरु गोबिंद सिंह सरकारी अस्पताल के पृथक वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जिला अधिकारियों ने प्रोटोकॉल के अनुसार इस व्यक्ति के संपर्क में आए लोगों का पता लगाना पहले ही शुरू कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने ओमीक्रोन को चिंताजनक स्वरूप की श्रेणी में रखा है। केंद्र के अनुसार, अधिक जोखिम वाले देशों में ब्रिटेन सहित यूरोपीय देश और दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, बोत्सवाना, चीन, मॉरीशस, न्यूजीलैंड, जिम्बाब्वे, सिंगापुर, हांगकांग तथा इज़राइल शामिल हैं। उधर, मुंबई के पास कल्याण डोंबिवली नगर निकाय क्षेत्र का एक व्यक्ति कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संक्रमित पाया गया है। महाराष्ट्र में इस स्वरूप के संक्रमण का यह पहला मामला है। अधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को दिल्ली में ( शेष पेज 8 )



बेंगलुरु में शनिवार को कोरोना संक्रमण का पता लगाने के लिए जांच करती स्वास्थ्यकर्मी

### वैज्ञानिकों ने दोनों खुराक देने पर दिया जोर

**वैज्ञानिकों** का कहना है कि भारत में अभी जनसंख्या के एक बड़े हिस्से को संक्रमण के प्रति आधारभूत सुरक्षा मिलनी बाकी है। इसलिए कोविड-रोधी टीके की बूस्टर खुराक देने की बजाय लाभार्थियों को दोनों खुराक देने को प्राथमिकता देनी चाहिए। कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के सामने आने से उपजी चिंता और टीके से संक्रमण के प्रति मिली सुरक्षा में कमी होने से बूस्टर खुराक देने की जरूरत समझी जा रही है। बहुत से देशों में भले ही बूस्टर खुराक देना पहले से शुरू कर दिया गया हो, लेकिन कई विशेषज्ञों का कहना है कि भारत में चूंकि बड़े स्तर पर टीकाकरण अभियान छह से आठ महीने पहले ही प्रारंभ हुआ था, इसलिए यहां की प्राथमिकता अलग होनी चाहिए। भारतीय सार्स-कोव-2 जीनोमिक्स सिक्वेंसिंग कंसोर्टियम (इंसाकोग) ने, जोखिम वाले इलाकों और संक्रमण के ज्यादा करीब रहने वाली जनसंख्या के 40 वर्ष से ( शेष पेज 8 )

### स्वास्थ्य मंत्रालय ने छह राज्यों को चेताया

**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, जम्मू-कश्मीर, ओडिशा और मिजोरम को पत्र लिखकर कोविड-19 के प्रसार पर नियंत्रण के लिए जांच- पता लगाना- उपचार करना- टीका लगाना- कोविड उपयुक्त व्यवहार अपनाने की नीति के लिए आवश्यक कदम उठाने को कहा। कुछ जिलों में संक्रमण के बढ़ते मामलों, साप्ताहिक संक्रमण दर और साप्ताहिक मृत्यु के बढ़ते मामलों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। नए ओमीक्रोन स्वरूप को देखते हुए सभी राज्यो, केंद्र शासित प्रदेशों को 27 नवंबर को लिखे पत्र का जिक्र करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने शनिवार को कहा कि सभी राज्यों को सलाह दी गई है कि अंतरराष्ट्रीय यात्रियों पर कड़ी नजर रखें, उभरते हॉटस्पॉट की निगरानी करें, संक्रमित लोगों के संपर्क में आए लोगों का तुरंत पता लगाएं। साथ ही सभी संक्रमित नमूने को जीनोम सिक्वेंसिंग के ( शेष पेज 8 )

# कांग्रेस से अलग गठबंधन, यानी 'फासीवादी' ताकतों की मजबूती

## ● एनसीपी-शिवसेना ने ममता बनर्जी की वैकल्पिक विपक्षी मोर्चा बनाने की कोशिशों को दिया झटका

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** की राजधानी मुम्बई से कांग्रेस के खिलाफ बिगुल फूंकने वाली तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी को वहीं से झटका लगा है। शिवसेना और एनसीपी दोनों ने ही शनिवार को कहा कि कांग्रेस के बिना कोई भी मोर्चा भाजपा को ही मजबूत करेगा। शिवसेना और एनसीपी राज्य में कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार चला रही हैं। एनसीपी यूपीए का प्रमुख घटक दल भी है। शिवसेना ने शनिवार को बनर्जी की आलोचना करते हुए कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी को राष्ट्रीय राजनीति से अलग रखकर और इसके बगैर संप्रग के समानांतर विपक्षी गठबंधन बनाना सत्तारूढ़ भाजपा और 'फासीवादी' ताकतों को मजबूत करने के समान है।

शिवसेना ने पार्टी के मुखपत्र 'सामना' में कहा कि जो लोग कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) की सरकार नहीं चाहते हैं, उन्हें अपना रुख सार्वजनिक करना चाहिए, न कि पीठ पीछे बातें करके भ्रम पैदा करना चाहिए। शिवसेना ने कहा कि जो लोग भाजपा से लड़ रहे हैं, यदि ( शेष पेज 8 )

### ममता को मिला अखिलेश का साथ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस** के नेतृत्व वाले यूपीए के अस्तित्व पर सवाल उठाकर अलग मोर्चा बनाने में जुटीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव का साथ मिला है। यादव ने कहा कि वह तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो के नेतृत्व वाले ऐसे राजनीतिक मोर्चे में शामिल हो सकते हैं। आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की संभावनाओं के बारे में बात करते हुए अखिलेश ने कहा कि जनता उन्हें नकार देगी, उन्हें 0 सीटें मिलेंगी। झांसी में पत्रकारों से बातचीत करते हुए समाजवादी पार्टी के मुखिया ने विधानसभा चुनाव से पहले राज्य में कांग्रेस को खारिज कर दिया है। भाजपा से मुकाबले के लिए विपक्ष को एकजुट करने की ममता की बनर्जी की पहल पर सपा प्रमुख ने कहा कि वह ममता के प्रयासों का स्वागत करते हैं। जिस तरह उन्होंने बंगाल में भाजपा का सफाया किया, उत्तर प्रदेश की जनता भी उसी तरह भगवा पार्टी को साफ कर देगी।

# उत्तराखंड को 18000 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

## ● अब दुनिया के किसी देश के दबाव में नहीं आ सकता भारतः मोदी

**भाषा।** देहरादून

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उत्तराखंड में देहरादून-दिल्ली के बीच महत्वपूर्ण एक्सप्रेस वे के शिलान्यास सहित 18000 करोड़ रुपए की कई विकास योजनाओं की आधारशिला रखी और लोकार्पण किया। मोदी ने वर्चुअल तरीके से जिन 11 परियोजनाओं की आधारशिला रखीं उनमें आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा निवेश को प्रोत्साहन देने के उददेश्य से 8700 करोड़ की अनुमानित लागत से बनने वाला 175 किलोमीटर लंबा दून-दिल्ली एक्सप्रेस वे भी शामिल है।

इसके बनने से दिल्ली से देहरादून की दूरी ढाई घंटे की हो जाएगी। इस पर वन्यजीवों के आवागमन के लिए अवरोध मुक्त एशिया का सबसे बड़ा 12 किलोमीटर लंबा वन्यजीव एलिवेटेड कारिडोर भी प्रस्तावित है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री ने 220 करोड़ की लागत से बदरीनाथ धाम तथा 54 करोड़ की लागत से गंगोत्री और यमुनोत्री में कई विकास योजनाओं तथा लक्ष्मणझूला सेतु के समीप गंगा नदी पर 69 करोड़ की लागत से 132 मीटर लंबे पुल की भी आधारशिला रखी। लोकार्पण की गई सात प्रमुख परियोजनाओं में यमुना नदी पर 120 मेगावाट की व्यासी पन बिजली परियोजना और चारधाम आलवेदर सडक परियोजना का राष्ट्रीय राजमार्ग 58 पर देवप्रयाग और श्रीकोट के बीच 38 किलोमीटर सड़क चौड़ीकरण परियोजना भी शामिल है। इसके अलावा, वह आल वेदर सड़क परियोजना के तहत ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्रहमपुरी और कौडयाल ( शेष पेज 8 )



देहरादून में एक प्रदर्शनी में भावी परियोजना का स्वरूप देखते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

# केंद्र सरकार ने रूस के साथ राइफल सौदे को दी मंजूरी

## ● अगले सप्ताह होने वाले पुतिन-नरेंद्र मोदी शिखर सम्मेलन के लिए मंच तैयार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**अगले** सप्ताह नई दिल्ली में होने वाले व्लादिमीर पुतिन-नरेंद्र मोदी शिखर सम्मेलन के लिए मंच तैयार करते हुए भारत सरकार ने बहुप्रतीक्षित एके-203 राइफल सौदे को मंजूरी दे दी है। भारत और रूस के बीच संयुक्त उद्यम में अमेठी के कोरवा में लगे कारखाने में एके-203 के नवीनतम संस्करण की छह लाख से अधिक राइफलों का निर्माण होगा। बीते 24 नवंबर की द पायनियर की रिपोर्ट के अनुसार पहले चरण में सशस्त्र बलों को एके-203 राइफलें मिलेंगी और दूसरे चरण में केंद्रीय अर्ध-सैन्य बल और राज्य उनका अधिग्रहण करेंगी। सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) ने इस सप्ताह की शुरुआत में एके-203 सौदे को मंजूरी दी। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की अध्यक्षता करने वाले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 24 नवंबर को अनुबंध को मंजूरी दी थी। इस सौदे पर शिखर सम्मेलन के दौरान हस्ताक्षर किए जा सकते हैं। सीसीएस को यह मंजूरी कुछ दिन पहले मिली है जब पुतिन सोमवार को यहां मोदी के साथ बातचीत करेंगे। उच्च स्तरीय शिखर सम्मेलन से पहले भारत और रूस के संबंधित रक्षा और विदेश मंत्री के बीच पहली बार टू-प्लस-टू वार्ता होगी। भारत का अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ ऐसा टू-प्लस-टू प्रारूप है। सरकारी सूत्रों ने शनिवार को एके-203 सौदे के संबंध में कहा कि यह भारत में रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता को एक बड़ा बढ़ावा देगा। यह खरीद (वैश्विक) से मेक इन इंडिया में रक्षा अधिग्रहण में बढ़ते प्रतिमान को दर्शाता है। यह प्रयास रूस के साथ साझेदारी और रक्षा क्षेत्र में दोनों देशों के बीच गहरे संबंधों को दर्शाता है।

# केंद्र से बात करने को किसानों की पांच सदस्यीय समिति बनी

## ● एसकेएम का ऐलान सभी मांगें पूरी होने तक जारी रहेगा आंदोलन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**संयुक्त** किसान मोर्चा (एसकेएम) ने एमएसपी, कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा और प्रदर्शनकारियों के खिलाफ मुकदमे वापस लेने सहित अपनी अन्य लंबित मांगों पर सरकार से बातचीत के लिए शनिवार को पांच सदस्यीय समिति बनाई। बीते शुक्रवार को ही गृह मंत्री अमित शाह ने दो किसान नेताओं से बात की थी और भरोसा दिया था कि सरकार उनकी मांगों के प्रति गंभीर है। एसकेएम की तरफ से यहां आयोजित बैठक के बाद किसान नेताओं ने यह भी ऐलान कि सरकार की ओर से मांगें माने जाने का संतोषजनक जवाब मिलने तक आंदोलन जारी रहेगा। बैठक के बाद भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत ने बताया कि सरकार से बातचीत के लिए बनाई गई समिति में किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल, अशोक धावले, शिव कुमार कक्का, गुरनाम सिंह चढ़ूनी और युधवीर सिंह होंगे। टिकैत ने कहा कि आंदोलन के भविष्य की दिशा तय करने के लिए मोर्चा की अगली बैठक सात दिसंबर को सुबह 11 बजे होगी। बैठक के बाद एसकेएम नेताओं ने कहा कि वे सिंघू बॉर्डर से तब तक नहीं हटेंगे, जब तक कि किसानों के खिलाफ दर्ज मामले वापस नहीं ले लिए जाते और लिखित में आश्वासन नहीं मिल जाता। उन्होंने कहा कि विभिन्न राज्यों में किसानों की तरफ से कौन बातचीत करेगा, यह समिति तय करेगी। किसान ( शेष पेज 8 )



नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते किसान मोर्चे के प्रवक्ता राकेश टिकैत

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,696 | |
| निफ्टी | 17,196 | |
| सोना | 46,581 | /10g |
| चांदी | 59,878 | /kg |

## क्विक न्यूज

### कृषि निर्यात अप्रैल-नवंबर में करीब 13 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत का कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-नवंबर के दौरान 13 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 23.26 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। चावल का निर्यात अप्रैल-नवंबर 2021-22 के दौरान 5.93 अरब डॉलर के साथ शीर्ष विदेशी मुद्रा अर्जक था, जो 2020-21 में इसी अवधि में 11 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 5.3 अरब डॉलर था। चालू वित्त वर्ष की आठ महीने की अवधि के दौरान मांस, डेयरी और पोल्ट्री उत्पादों का निर्यात भी 12 प्रतिशत बढ़कर 2.66 अरब डॉलर हो गया। फलों और सब्जियों का निर्यात 12 प्रतिशत बढ़कर 1.72 अरब डॉलर हो गया। कोरोना से उबरती अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र की भी अहम भूमिका होगी।

# जानेमाने पत्रकार विनोद दुआ का 67 साल की उम्र में निधन

**भाषा।** नई दिल्ली

**श्याम-श्वेत** युग में दूरदर्शन के साथ अपना करियर शुरू करने और बाद के दशकों में डिजिटल दुनिया में अपनी पहचान बनाने वाले जानेमाने पत्रकार विनोद दुआ का शनिवार को दिल्ली के अपोलो अस्पताल में निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। विनोद दुआ की बेटी एवं अभिनेत्री-हास्य कलाकार मल्लिका दुआ ने बताया कि जानेमाने टेलीविजन पत्रकार का अंतिम संस्कार रविवार को यहां लोधी रोड स्थित शवदाह गृह में किया जाएगा।

इस साल की शुरुआत में कोविड के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था और कोरोना वायरस से संक्रमित होने के चलते इसी साल जून में उन्होंने अपनी पत्नी, रेडियोलॉजिस्ट पद्मावती चिन्ना दुआ को खो दिया था। अस्पताल ने एक बयान में कहा कि विनोद दुआ का निधन इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में शाम करीब पांच बजे हुआ। इसी अस्पताल में उनका लीवर की पुरानी बीमारी का इलाज किया जा रहा था। बयान में कहा गया, उन्हें गंभीर हालत में गहन चिकित्सा इकाई में भर्ती कराया गया था और वरिष्ठ डॉक्टरों की एक टीम उनकी निगरानी कर रही थी। इस दुखद समय में, हमारी संवेदना उनके परिवार और प्रियजनों के साथ है। मल्लिका दुआ ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, हमारे निर्भीक, निडर और असाधारण पिता विनोद दुआ का निधन हो गया है। उन्होंने एक ( शेष पेज 8 )



# ऐजाज के परफेक्ट 10 के बाद भारत ने कसा शिकंजा

## ● भारतीय गेंदबाजों ने न्यूजीलैंड को 62 रन पर किया ढेर

**भाषा।** मुंबई

**मुंबई** में जन्में न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर ऐजाज पटेल ने भारतीय पारी के सभी दस विकेट लेकर इतिहास रच दिया लेकिन इसके बाद भारतीय गेंदबाजों ने दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन न्यूजीलैंड पारी को 62 रन पर समेटकर मेजबान को पहली पारी में 263 रन की विशाल बढत दिला दी। न्यूजीलैंड टीम फॉलोआन नहीं बचा सकी थी लेकिन भारतीय कप्तान विराट कोहली ने दोबारा बल्लेबाजी का फैसला किया। दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 69 रन बना लिए थे।

पहली पारी के शतकवीर मयंक अग्रवाल 38 और चेतेश्वर पुजारा 29 रन बनाकर खेल रहे थे। भारत के पास अब 332 रन की विशाल बढ़त हो गई है जबकि तीन दिन का खेल बाकी है। इससे पहले न्यूजीलैंड की पारी सिर्फ 28.1 ओवर तक चली और भारत के खिलाफ किसी टीम का यह न्यूनतम टेस्ट स्कोर है। न्यूजीलैंड के लिए यह दिन कभी खुशी कभी गम वाला रहा जहां एक ओर पटेल ने गेंदबाजी में इतिहास रचा तो बल्लेबाजों ने भी ऐसा रिकॉर्ड टीम के नाम किया जिसे वे कभी याद नहीं रखना चाहेंगे। भारत ने मयंक अग्रवाल के 150 रन और अक्षर पटेल (52) के पहले अर्धशतक की मदद से पहली पारी में 325 रन बनाए। विकेट से मिल रही उछाल और टर्न का पूरा फायदा उठाते हुए भारत के लिए रविचंद्रन अश्विन ने आठ ओवर में आठ रन देकर चार विकेट लिए जबकि मोहम्मद सिराज को तीन, अक्षर पटेल को दो और जयंत यादव को एक विकेट मिला। न्यूजीलैंड के लिए ऐजाज ने रिकॉर्ड पुस्तिका में अपना नाम दर्ज कराते हुए 47.5 ओवर में 119 रन देकर दस विकेट लिए। किसी विदेशी गेंदबाज का भारत में यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पटेल ने इंग्लैंड के जिम लेकर और भारत के अनिल कुंबले जैसे दिग्गजों की बराबरी कर ली। लेकर ने 1956 में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैनचेस्टर में यह कमाल किया था।

उन्होंने 51.2 ओवर में 53 रन देकर दस विकेट लिए थे। वहीं कुंबले ने पाकिस्तान के खिलाफ दिल्ली में फरवरी 1999 में 26.3 ओवर में 74 रन देकर दस विकेट लिए थे। अपने कैरियर का 11वां टेस्ट खेल रहे पटेल ने शनिवार से पहले पारी के पांच विकेट लेने का कमाल दो बार किया था। उन्होंने मोहम्मद सिराज को आउट करके अपना दसवां विकेट लिया जो भारतीय मूल के ही रचिन रविंद्र को कैच देकर लौटे। भारतीय ड्रेसिंग रूम में अश्विन ने खड़े होकर उनकी इस उपलब्धि का अभिवादन किया और अंपायरों ने उन्हें वह गेंद भी सौंप दी। वहीं न्यूजीलैंड को अच्छी शुरूआत से वंचित करते ( शेष पेज 8 )



# हर घर से अगले 7 सालों तक कूड़ा उठाएगा प्राधिकरण

## पांच हिस्सों में बांटा ग्रेटर नोएडा शहर, 9.70 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

डि-सेंट्रलाइज्ड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट विकेंद्रीकृत ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन के अंतर्गत ग्रेटर नोएडा के हर घर से अगले 7 वर्षों तक कूड़ा उठाने और उसका निस्तारण डिस्पोज कराने के लिए प्राधिकरण प्रयासरत है।

प्राधिकरण ने दो और क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले सेक्टरों और गांवों में डोर.टू.डोर वेस्ट कलेक्शन के लिए टेंडर निकाले हैं। इसके लिए इच्छुक कंपनियां शुक्रवार से ही डॉक्यूमेंट अपलोड कर सकती हैं। 20 दिसंबर को प्री-क्वालीफिकेशन बिड खुलेगी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ नरेंद्र भूषण के निर्देश पर डि-सेंट्रलाइज्ड सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पर अधिक जोर दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत चयनित कंपनी घरों से कूड़ा उठाएगी। उसे एमएआरएफ सेंटर तक ले जाएगी और प्रोसेस कर उसका कंपोस्ट बनाएगी।



फाइल फोटो

डोर-टू-डोर कलेक्शन के लिए प्राधिकरण ने ग्रेटर नोएडा को पांच क्लस्टर में बांट रखा है। क्लस्टर एक की कंपनी को लेटर ऑफ अवार्ड दे दिया गया है। इस क्लस्टर से मिलने वाले कूड़े को निस्तारित करने के लिए बायोमेथेनेशन टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा।

क्लस्टर तीन की एरिया में डोर-टू-डोर वेस्ट कलेक्शन के लिए प्राधिकरण टेंडर प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है। क्लस्टर चार के एरिया लिए प्राधिकरण कॉर्पोरेट सोशल रेस्पोंसबिलिटी के तहत डोर कलेक्शन शुरू कराने के लिए प्रयासरत है। बहुत जल्द इसे भी अंतिम रूप दे दिया जाएगा। वहीं, अब क्लस्टर दो और पांच के एरिया वाले घरों से डोर-टू-डोर कलेक्शन के लिए प्राधिकरण ने टेंडर निकाल दिए हैं।

क्लस्टर दो के एरिया में अगले सात साल तक के लिए डोर-टू-डोर कलेक्शन से लेकर डिस्पोजल करने तक करीब 5.50 करोड़ रुपये और क्लस्टर पांच के लिए 4.20 करोड़ रुपये खर्च होने का आकलन है। इच्छुक कंपनियां ऑनलाइन आवेदन कर सकती हैं। शुक्रवार से इसके डॉक्यूमेंट अपलोड कर सकते हैं। 17 दिसंबर अंतिम तिथि है। 20 दिसंबर को प्री क्वॉलीफिकेशन बिड खुलेगी। इसके बाद फाइनेंशियल बिड होगी, जिसमें चयनित कंपनी अगले सात साल तक घरों से डोर-टू-डोर कलेक्शन करेगी। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के महाप्रबंधक परियोजना एके अरोड़ा ने पांचों क्लस्टर में अगले सात साल तक घरों से कूड़ा उठाने वाली कंपनी का चयन शीघ्र कर लिए जाने की उम्मीद जताई है।

# कियोस्क लीज पर देगा नोएडा प्राधिकरण



**नोएडा।** नोएडा के अंदर कम पूंजी में व्यवसाय शुरू करने के लिए प्राधिकरण ने खास योजना निकाली है। नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-18 की मार्केट में 17 कियोस्क बनाए हैं।

जिसके लिए नोएडा प्राधिकरण ने कियोस्क के आवंटन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह कियोस्क व्यापारियों को लीज पर दी जाएंगी। यह योजना व्यवसाय शुरू करने वालों के लिए काफी लाभदायक है। नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर-18 में बनी इन कियोस्क को बेचने की वजह लीज पर का फैसला किया है।

प्राधिकरण ने इन कियोस्क का किराया कम से कम 27 हजार रुपए सुनिश्चित किया है। प्राधिकरण ने 17 कियोस्क बनाए हैं यह सभी लोगों को लीज पर दिए जाएंगे। इनके आवंटन की प्रक्रिया भी प्राधिकरण द्वारा शुरू कर दी गई है। व्यापारी को इन कोशिकाओं को लीज पर ऑनलाइन नीलामी के माध्यम से दी जाएंगी। अंतिम मासिक किराया बोली के बाद ही इन 17 कियोस्क का किराया तय किया जाएगा। लेकिन फिलहाल प्राधिकरण ने इन कियोस्क का किराया 27 हजार रुपए मासिक कम से कम तय किया है। इन कियोस्क के लिए ऑनलाइन नीलामी 28 दिसंबर को होगी। पिछले एक साल से इस योजना पर प्राधिकरण द्वारा कार्य किया जा रहा है। नोएडा प्राधिकरण के विशेष कार्य पदाधिकारी कुमार संजय ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा इस तरह की खास योजना काफी लंबे समय के बाद निकाली गई है।

# ऑनलाइन जमा कर सकेंगे कूड़ा कलेक्शन शुल्क

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन यूजर चार्ज अब उपभोक्ता ऑनलाइन ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। इस संबंध में गाजियाबाद नगर निगम ने ऑनलाइन सुविधा शुरू कर दी है। आपको बता दें कि प्रॉपर्टी टैक्स भी पहले से ही ऑनलाइन जमा हो रहा है। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी





डॉक्टर संजीव सिन्हा ने बताया कि महापौर आशा शर्मा तथा नगर आयुक्त के कुशल नेतृत्व में शहर वासियों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन यूजर चार्ज जमा कराने के लिए सॉफ्टवेयर तैयार किया जा चुका है तथा बाइलॉज के अनुसार निर्धारित दरें जिन पर यूजर चार्ज ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा शहर वासियों को दी जा रही सुविधा जिसमें डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन प्रत्येक जोन में मोहल्लों के अंदर वाहनों के माध्यम से कराया जा रहा है। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन यूजर चार्ज को कैटेगरी अनुसार वर्गीकृत करते हुए शुल्क निर्धारित किया गया है और उसी अनुसार पूर्व से ही बिल जारी किए जाते रहे हैं। समस्त भवन स्वामी अपना यूजर चार्ज बिल संबंधित जोन में उपस्थित होकर मैनुअली जमा करते थे परंतु शहर वासियों की सुविधा को देखते हुए वर्तमान में गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत स्थित समस्त भवनों से यूजर चार्ज की वसूली हेतु ऑनलाइन सॉफ्टवेयर तैयार हो गया है। उन्होंने बताया कि शहर वासियों की सुविधाओं को और अधिक बढ़ाते हुए पेमेंट गेटवे को सार्वजनिक बैंक यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से लिंक कराया गया है जिससे समस्त भवन स्वामी अपना यूजर चार्ज बिल की धनराशि गाजियाबाद नगर निगम सिम अंतर्गत स्थित किसी भी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में उपस्थित होकर भी भुगतान कर सकते हैं।

निगम द्वारा भवन स्वामियों से यह भी अपील की गई है कि अपना-अपना डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन यूजर चार्ज बिल संबंधित जोनल कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से भुगतान कर सुविधा का लाभ प्राप्त कर सकते हैं ।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर क्रैश बीम बैरियर लगाने के काम में तेजी

- हाइवे पर कम होंगे हादसे, 80 किमी तक फैलाया है जाल

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

यमुना एक्सप्रेसवे पर सबसे ज्यादा हादसे होते है। इन हादसों को रोकने के लिए यमुना एक्सप्रेसवे के डिवाइडर के दोनों और क्रैश बीम बैरियर लगाने का 50 फीसदी काम पूरा हो गया है। एक्सप्रेसवे में 80 किलोमीटर तक क्रैश बीम बैरियर लगा दिए गए हैं। इसके अलावा सुरक्षा उपाय के लिए कई और काम पूरे कर लिए गए हैं। यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसों को रोकने के लिए यमुना प्राधिकरण ने आईआईटी दिल्ली से सुरक्षा ऑडिट कराया था। यह आडिट सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में गठित सुड़क सुरक्षा समिति के आदेश पर कराई गई थी। दिल्ली

> "दिल्ली आईआईटी ने यमुना एक्सप्रेसवे के डिवाइडर के दोनों ओर क्रेश बीम बैरियर लगाने का सुझाव दिया था। यह काम लगभग आधा पूरा हो चुका है। बचे हुए काम को भी पूरा कराया जा रहा है।"
> -डॉ अरुणवीर सिंह, सीईओ

आईआईटी ने एक्सप्रेसवे का सुरक्षा आडिट करके अपनी रिपोर्ट यमुना प्राधिकरण को सौंप दी थी। आईआईटी की टीम ने हादसों को रोकने के लिए कई सुझाव दिए थे।

इसमें मुख्य सुझाव एक्सप्रेसवे के डिवाइडर के दोनों ओर क्रैश बीम बैरियर लगाने का था। आईआईटी का कहना था कि तेज रफ्तार वाहन अनियंत्रित होने के बाद दूसरी तरफ सड़क पर पहुंच जाते हैं। इससे हादसा और बड़ा हो जाता है। इसलिए क्रैश बीम बैरियर लगाने का सुझाव दिया था। इस पर करीब 250 करोड़ रुपए खर्च होने हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में झुलसी महिला की अस्पताल में मौत

**नोएडा।** थाना एक्सप्रेस वे क्षेत्र के सेक्टर 128 स्थित जेपी अस्पताल में भर्ती गंभीर रूप से झुलसी महिला की मौत हो गई। थाना एक्सप्रेस वे पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि महिला दिल्ली की रहने वाली थी।

थानाध्यक्ष यतेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि दिल्ली के राजेंद्र नगर की रहने वाली सोनिया कौशिक पत्नी आशीष कौशिक अपने घर पर संदिग्ध परिस्थितियों में जल गई थीं। उन्हें नोएडा के जेपी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां पर उपचार के दौरान बीती रात को उनकी मौत हो गई।

## अलग-अलग घटनाओं में 2 युवकों ने की आत्महत्या

**नोएडा।** नोएडा थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के सेक्टर 19 में रहने वाले 24 वर्षीय युवक ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, वहीं थाना बिसरख क्षेत्र से भी एक युवक द्वारा आत्महत्या की घटना सामने आई है। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना सेक्टर 20 क्षेत्र के सेक्टर 19 में रहने वाले शोभित गर्ग (24) पुत्र मुकेश गर्ग ने शुक्रवार रात को कथित तौर पर मानसिक तनाव के कारण घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

# संक्षिप्त समाचार





फिल्म फेस्टिवल के अंतिम दिन समारोह में कलाकारों का सम्मान।

### 14वें ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल का समापन

**नोएडा।** अपने काम के प्रति लगन, मेहनत और ईमानदारी के साथ जज्बा होना बहुत जरूरी है अगर आप एक्टिंग की फील्ड में उतरना चाहते है तो क्योंकि यह एक ऐसी फील्ड है इसमें इंसान कब अर्श पर होता है और कब कब फर्श पर नजर आता है यह पता ही नहीं चलता यह कहना था लव स्टोरी, बेताब और अर्जुन जैसी फिल्मों का निर्माण करने वाले राहुल रवैल का जो 14वें ग्लोबल फिल्म फेस्टिवल के अंतिम दिन समारोह में शिरकत करने पहुंचे और छात्रों से रूबरू हुए और उनके मन में उठ रहे सवालों के जवाब दिए। इस अवसर पर एक्टर अमित बहल, प्रोडूसर राजीव चौधरी, एक्टर जतिन सरना, अनूप बोस, डायरेक्टर आर्यन सिंह, एक्ट्रेस शायनी दीक्षित, सिंगर अंकित सचदेवा, एक्ट्रेस पायल घोष, निर्देशक अशोक त्यागी भी उपस्थित हुए। मारवाह स्टूडियो के निदेशक डॉ संदीप मारवाह ने कहा कि इस तीन दिन के समारोह में हमे बहुत सी महान विभूतियों के साथ बैठने का और सीखने का अवसर मिला। फेस्टिवल डायरेक्टर अशोक त्यागी ने समारोह को सफल बनाया।

### भूमि विवाद मामलों का शीघ्र निस्तारण कराएं : डीएम

**हापुड़।** शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की अध्यक्षता में जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा शासन द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुंचना चाहिए। जनता की जो भी समस्याएं व शिकायतें हैं संबंधित अधिकारी त्वरित कार्यवाही करते हुए समयसीमा के अंतर्गत उसका निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने राजस्व, भूमि विवाद संबंधित मामलों को विशेष प्राथमिकता देते हुए समुचित निस्तारण कराएं जाने के निर्देश दिए, उन्होंने सख्त हिदायत देते हुए कहा कि इसमें कोई भी शिथिलता या लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। एक ही शिकायत के लिए फरियादी को बार-बार न आना पड़े। इस दौरान 39 शिकायतें आई।

### पड़ोसी के घर संदूक में मिला बच्ची का शव



**हापुड़।** सिटी कोतवाली क्षेत्र के बुलंदशहर रोड स्थित मोहल्ला त्रिलोकी पुरम में दो दिन से लापता एक सात वर्षीय बच्ची की शव पड़ोस में एक ताला लगे मकान से पुलिस ने बरामद की है। बच्ची के शव मिलने से घर और मोहल्ले में कोहराम मच गया। मासूम के साथ दरिंदगी के बाद हत्या किये जाने की आशंका जतायी जा रही है। आपको बता दें कि हापुड़ के बुलन्दशहर रोड़ स्थित त्रिलोकपुरम् की गली नं 5 निवासी मेहराज की सात वर्षीय पुत्री दो दिन पूर्व संदिग्ध हालत में घर से लापता थी और परिजन थाने में गुमशुदगी की सूचना देने के बाद उसकी तलाश में लगे थे। शनिवार सुबह घर के आस-पास बदबू आने पर घर के बाहर भीड़ जुट गई, जिसकी सूचना पाकर आला अधिकारियों सहित भारी पुलिस बल ने तुरंत मौके पर पहुंच कर बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर लापता बच्ची के शव को संदूक से बरामद कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक सर्वेश मिश्रा ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट ही मामला स्पष्ट हो सकेगा आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 20 दिसंबर से दिल्ली-नोएडा का सफर होगा मुश्किल

- तीन स्थानों पर मरम्मत के चलते दो महीने तक चलेगा काम

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

आने वाले समय में दिल्ली-नोएडा सफर करना बेहद मुश्किल होने वाला है। तीन स्थानों पर निर्माण कार्य के चलते दिल्ली-नोएडा रूट पर सफर करने वालों को जाम से जूझना पड़ेगा।



नोएडा-दिल्ली फ्लाईओवर डीएनडी पर 20 दिसंबर से मरम्मत कार्य शुरू करने की योजना है। दरअसल, रिंग रोड पर आश्रम अंडरपास के निर्माण के साथ ही आश्रम फ्लाईओवर के एक्सटेंशन का कार्य चल रहा है। वहीं, डीएनडी पर बने गड्ढे भरे जाने हैं। साथ ही अफ्रीका एवेन्यू फ्लाईओवर के ज्वाइंट एक्सपेंशन की मरम्मत का कार्य भी चल रहा है। डीएनडी की सड़क कुछ स्थानों से टूटी है, जिस पर पैच वर्क का कार्य किया जाना है।

बताया जा रहा है कि करीब 2 महीने बाद ही लोगों को राहत मिल सकती है। डीएनडी पर कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट भी खराब हैं। उनकी मरम्मत का कार्य भी किया जाना है। डीएनडी फ्लाईवे से अफ्रीकन एवेन्यू फ्लाईओवर के बीच लगभग 15 किमी की दूरी में तीन स्थानों पर होने वाले इन कार्यों की वजह से आने वाले दिनों में परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

इस रूट पर व्यस्त समय में सुबह और शाम के समय लगभग साढ़े तीन लाख वाहन गुजरते हैं। पीडब्ल्यूडी की ओर से यातायात पुलिस को पत्र लिखकर मरम्मत कार्य शुरू करने की सूचना दी गई है। यातायात पुलिस की ओर से जैसे ही मरम्मत कार्य के लिए ट्रैफिक व्यवस्था की जाएगी, कार्य शुरू कर दिया जाएगा। डीएनडी पर किलोकरी से लेकर टोल बूथ तक आने और जाने वाले दोनों मार्गों पर जगह.जगह गड्ढे हो गए हैं।

पूरे मार्ग पर छोटे-बड़े 200 से अधिक गड्ढे हैं। क्षतिग्रस्त सड़क के कारण वर्तमान समय में यातायात धीमी गति से चलता है।

नोएडा से दिल्ली आने और जाने वाले हजारों चालकों को जाम से रोज जूझना पड़ता है।

# मां ने ही अपनी 6 साल की बेटी को मौत के घाट उतारा

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

नोएडा पुलिस ने एक सनसनीखेज मामले का खुलासा किया है। नोएडा में एक महिला ने अपनी 6 साल की बच्ची की हत्या करके शव को फेंक दिया था। इस मामले में पुलिस ने बच्ची की मां को गिरफ्तार कर पूरे मामले का खुलासा किया है।

यह घटना काफी भयानक और रिश्तों को तार-तार करने वाली है। पुलिस ने बताया कि बीते 12 नवंबर को नोएडा के सेक्टर.93 में एक बच्ची का शव बरामद हुआ था। पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

जांच में पता चला कि बच्ची का नाम नेहा शर्मा था, जो केवल 6 साल की थी। पुलिस ने इस मामले में काफी गंभीरता से जांच पड़ताल की। पुलिस ने बताया कि जांच पड़ताल करने के दौरान पुलिस ने 6 साल की बच्ची नेहा शर्मा की मां अनुराधा को गिरफ्तार किया और पूछताछ शुरू की। अनुराधा ने पूछताछ में बताया कि उसके पहले से ही 5 बेटियां हैं। उसका कोई भी बेटा नहीं है। जिसकी वजह से वह काफी परेशान थी।

# जेवर एयरपोर्ट पहुंचने का एक और रास्ता खुला, एनएचएआइ बनाएगा हाइवे

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

जेवर एयरपोर्ट तक पहुंचने के विकल्पों को बढ़ाने के लिए एक और कदम बढ़ गया है। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे को एयरपोर्ट से जोड़ने, यमुना एक्सप्रेसवे पर इंटरचेंज बनाने और इंटरचेंज से टर्मिनल बिल्डिंग तक एलिवेटेड सड़क बनाने का काम एनएचआई करेगा।

इस पर होने वाले खर्च को कौन-कौन वहन करेगा, इस पर जल्द फैसला हो जाएगा। इसके बनने से हरियाणा और उत्तर प्रदेश दोनों को फायदा मिलेगा। पिछले दिनों लखनऊ में जेवर एयरपोर्ट की तक पहुंच बढ़ाने के लिए कौन-कौन से काम होने हैंए इसको लेकर बैठक हुई।

बैठक में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे को जेवर एयरपोर्ट से जोड़ने को लेकर भी बात हुई। दिल्ली मुंबई एक्सप्रेसवे को जेवर एयरपोर्ट से जोड़ने के साथ यमुना एक्सप्रेसवे पर इंटरचेंज और इंटरचेंज से लेकर टर्मिनल बिल्डिंग तक सड़क बनाने पर सहमति बन गई है। प्रदेश सरकार ने इसकी अनुमति दे दी है। अब इसके फंडिंग मॉडल पर जल्द फैसला हो जाएगा। बताया जाता है कि बैठक में फंडिंग को लेकर चर्चा हुई है।

# हिंडन पार क्षेत्र में एक दर्जन से भी अधिक अवैध निर्माण सील

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

हॉट सिटी में अवैध निर्माणों के खिलाफ गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में एक दर्जन से भी अधिक भूखंडों पर अवैध निर्माण के चलते उन्हें जीडीए के सचल दस्ते ने सील कर दिया ।

यह जानकारी गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के सचिव श्री त्रिपाठी ने यहां दी। उन्होंने बताया कि प्रवर्तन जॉन सात में सहायक अभियंता संजय मेहरोत्रा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। राजेंद्र नगर के विभिन्न भूखंडों पर अवैध निर्माण चल रहा था। यह अवैध निर्माण अनिल गुप्ता द्वारा चिकंबरपुर, साहिबाबाद आदि इलाकों में किए जा रहे थे, जिन्हें सभी को सील बंद कर दिया गया है । इस मौके पर प्राधिकरण की पुलिस भी मौजूद थी।

जीडीए अपर सचिव सीपी त्रिपाठी ने आम जनता से आग्रह किया है कि जीडीए की परमिशन के बिना कोई भी अवैध निर्माण माना जाएगा। इसलिए मानचित्र पास कराकर ही निर्माण कार्य कराएं।



अवैध निर्माण को सीलबंद करते हुए जीडीए कर्मचारी।

# दूसरा आगरा बनवाएगा यमुना विकास प्राधिकरण

- राया-टप्पल में शहर बसाने की चल रही कवायद, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम भी बनाएंगे

**पायनियर समाचार सेवा। नोएडा**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शिलान्यास होने के बाद यमुना सिटी का विकास काफी तेजी से होने लगा है। यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे टप्पल और राया के बाद नया आगरा शहर बसाया जाएगा।



इसको लेकर यमुना प्राधिकरण ने तेजी से तैयारी करना शुरू कर दिया है। इसके अलावा यमुना प्राधिकरण इलाके में एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम भी बनाएगा। यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे नए शहर बनाने की योजना चल रही है।

इन शहरों की दौड़ कनेक्टिविटी पर भी जोर दिया जा रहा है। हालांकि जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनने के बाद एयर कनेक्टिविटी तो मिल ही जाएगी लेकिन रोड कनेक्टिविटी भी बेहतर करने की तैयारी हो रही है। यमुना प्राधिकरण यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे तीन नए शहर स्थापित करेगा। जो टप्पलए राया और आगरा है। मिली जानकारी के अनुसारए यमुना एक्सप्रेसवे के किनारे आगरा जिले की सीमा के पास यमुना प्राधिकरण की नया आगरा बनाने की योजना है। आगरा में बसने वाला नया शहर पर्यटन और उद्योग के केंद्र के तौर पर विकसित होगा। आगरा में दोनों गतिविधियों के लिए अपार संभावनाएं हैं। यमुना प्राधिकरण सबसे पहले इस शहर का मास्टर प्लान बनाएगा। यह इलाका एनसीआर से बाहर है। इसलिए इसका मास्टर प्लान एनसीआर प्लानिंग बोर्ड से भी पास नहीं कराना पड़ेगा। मास्टर प्लान पर प्रदेश सरकार की मुहर के बाद इस पर काम शुरू हो जाएगा। प्राधिकरण ने आगामी वित्तीय वर्ष में इस नये शहर का मास्टर प्लान बनवाने का लक्ष्य रखा है। यमुना प्राधिकरण अभी टप्पल अलीगढ़ और राया मथुरा में नए शहर बसाने की तैयारी कर रहा है। राया में नया वृंदावन शहर बसाया जाना है। इसकी डीपीआर बनाने के लिए आरएफ पी रिक्वेस्ट फ ॉर प्रपोजल निकाला हुआ है। इसके लिए आवेदन करने वाली कंपनियां अगले हफ्ते प्रजेंटेशन देंगी।

# हेल्थकेयर सेक्टर में पीपीपी मॉडल कर सकते हैं चमत्कार : डॉ. उपासना

**पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद**

यशोदा अस्पताल की चेयरपर्सन डॉ. उपासना अरोड़ा ने कहा है कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में पीपीपी मॉडल पर सरकारी में निजी संस्थान संयुक्त रूप से काम करके चिकित्सा जगत में नया परिवर्तन कर सकते हैं।



अरोड़ा स्वास्थ्य सेवा में डिजिटल परिवर्तन के मार्ग में चुनौतियों का समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रही थी । अरोड़ा ने स्वास्थ्य एवं चिकित्सा छेत्र के वरिष्ठ प्रबंधकों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि हम स्वास्थ्य सेवा में तकनीकी व इलेक्ट्रॉनिक विकास के बारे में बात करना चाहते हैं तो हमें ग्रामीण स्तर या प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर से शुरू होने वाले आम लोगों की बहुत ही बुनियादी स्वास्थ्य आवश्यकताओं को संबोधित करना शुरू करना होगा।

स्वास्थ्य राष्ट्र की संपत्ति है, प्रशिक्षित और कुशल नर्स, पैरामेडिकल और हेल्थकेयर कर्मी समय की जरूरत है और सरकार को हस्तक्षेप करना चाहिए और ऐसी अनुकूल नीतियां बनानी चाहिए।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादकः नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# आप का एमसीडी में बदलाव का शंखनाद

### पंद्रह साल से निगम की सत्ता पर काबिज भाजपा को हराने के संकल्प के साथ चुनाव अभियान शुरू

● सिसोदिया ने कहा-तीन महीने में 50 लाख लोगों को पार्टी से जोड़ने का है लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच राष्ट्रीय राजधानी में भी आगामी दिल्ली नगर निगम चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने बिगुल फूंक दिया है। निगमों से भाजपा को बेदखल करने के मकसद से पार्टी ने एमसीडी बदलाव अभियान शुरू किया है। इस मुहिम के जरिए आप कार्यकर्ताओं ने हर घर दस्तक देकर तीन महीने में 50 लाख लोगों को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा है।

उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और आप के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने शनिवार को मिस्ड कॉल सदस्यता अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर सिसोदिया ने दिल्ली वालों से 8882828282 नंबर पर मिस कॉल कर आम आदमी पार्टी के सदस्य बननें और देश को बदलने के इस आंदोलन से जुड़ने का अनुरोध किया है।

मनीष सिसोदिया और गोपाल राय ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली को बर्बाद करने वाली भगवा पार्टी को बार एमसीडी से उखाड़ फेंकना है। क्योंकि उसने एमसीडी में अपने 15 साल के शासन में दिल्ली वालों को तीन कूड़े के पहाड़ और भ्रष्टाचार के दो तोहफे दिए हैं। हर घर दस्तक देकर लोगों से अपील की जाएगी कि अब एमसीडी में बदलाव का समय आ गया है। दिल्ली सरकार पैसा देते-देते थक गई, लेकिन भाजपा नेता भ्रष्टाचार करते नहीं थके। भाजपा के लोग भ्रष्टाचार करने के लिए अब एमसीडी की संपत्तियों को अब बेचने का अभियान चल रहे हैं।

कार्यकर्ताओं से बात करते सिसोदिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी कोई पार्टी नहीं, बल्कि एक आंदोलन है। वह पिछले 9 सालों से पूरे देश में एक आंदोलन चला रहे है। देश को लेकर हमारे कुछ सपने व लक्ष्य हैं। जब से आम आदमी पार्टी राजनीति में आई हैं तब से बाकी सभी पार्टियां आम आदमी पार्टी को फॉलो करने लगी है। देश के 75 साल के राजनीतिक इतिहास में ऐसा नहीं हुआ, लेकिन आम आदमी पार्टी ने 9 सालों में ऐसा कर दिखाया कि हम जहां जाते है वहां की पार्टियां आप की नकल करना शुरू कर देती है।



सदस्यता अभियान की शुरुआत करते उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और पर्यावरण मंत्री गोपाल राय।

## देश की राजनीति को शिक्षा पर बात करने के लिए मजबूर किया

मनीष सिसोदिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार लाल बत्ती कल्चर खत्म करने वाली देश की पहली सरकार बनी। आज आम आदमी पार्टी का कोई भी कार्यकर्ता अपने रिश्तेदारों के यहां उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश या किसी भी राज्य में जाता है तो वहां के लोग बोलते हैं कि आप ने तो दिल्ली में शिक्षा में कमाल कर दिया। उन्होंने देश के नेताओं को शिक्षा पर बात करने के लिए मजबूर कर दिया है। उत्तर प्रदेश के शिक्षा मंत्री ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश के स्कूल बेहतरीन हो गए है और हमें बोला कि उत्तर प्रदेश आकर वहां के स्कूल देखे। जब हम स्कूल देखने गए तो उत्तरप्रदेश के खस्ताहाल पड़े स्कूलों की पोल खुलने के डर से लखनऊ में ही उन्हें पुलिस द्वारा रोक दिया गया। क्योंकि उनके पास दिखाने के लिए एक भी मॉडल स्कूल नहीं था। यही हाल उत्तराखंड और पंजाब के स्कूलों का है। उन्होंने दिल्ली के ढाई सौ स्कूलों की लिस्ट जारी कर दी लेकिन उसके बावजूद पिछले 1 हफ्ते में पंजाब की ओर से कोई लिस्ट जारी नहीं की गई।

# ओमीक्रोन को लेकर दिल्ली पुलिस सतर्क

● पुलिसकर्मियों को दिया गया निर्देश, जल्द से जल्द लगवा लें दोनों टीके

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के बढ़ते खतरे के बीच दिल्ली पुलिस ने अपने कर्मियों और उनके परिवारवालों को टीके की दोनों खुराक लेने का निर्देश दिया है। विभाग ने अपने कोविड-19 स्वास्थ्य निगरानी प्रकोष्ठ को भी पुनर्जीवित करने को कहा है जिसके प्रमुख निरीक्षक रैंक के अधिकारी हैं।

अधिकारियों ने कहा कि ऑक्सीजन सिलेंडर तथा जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। पुलिस अधिकारियों को कोविड-19 हेल्पलाइन शीघ्र चालू करने तथा कोविड-19 से बचाव के अनुरूप व्यवहार नहीं करने वालों के प्रति कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। विशेष पुलिस आयुक्त (कल्याण) शालिनी सिंह ने दो दिसंबर को जारी एक आदेश में सभी 15 पुलिस जिलों तथा अन्य इकाइयों को निर्देश दिया है कि अपने कोविड-19 नोडल अधिकारियों के माध्यम से ओमीक्रोन संबंधित किसी भी प्रकार की तात्कालिक जरूरत के लिए पूरी तरह तैयार रहें। पुलिस बल को कोविड देखभाल केंद्र, ऑक्सीजन सिलेंडर तथा सान्द्रक की उपलब्धता, जीवन रक्षक दवाओं, अस्पताल के बिस्तर, एम्बुलेंस, सेनिटाइजर, मास्क, दस्ताने, पीपीई किट और अन्य आवश्यक वस्तुओं की तैयारी करने को कहा गया है।

# आईजीआई पर कोविड टीके की बुकिंग के लिए 20 काउंटर खुले

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कोविड-19 जांच की बुकिंग कराने वाले अंतरराष्ट्रीय यात्रियों के लिए 20 विशेष काउंटर खोले गए हैं ताकि यात्रियों को लंबी लाइनों और इंतजार से छुटकारा मिल सके। कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के मद्देनजर विदेश से आने वाले यात्रियों की जांच की जा रही है और उन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के दिशा निर्देशों के अनुसार, संक्रमण की दृष्टि से जोखिम वाले देशों से आने वाले सभी यात्रियों को अनिवार्य रूप से आरटी-पीसीआर जांच से गुजरना होगा जबकि दूसरे देशों से आने वाले यात्रियों को भी जांच से गुजरना होगा।

दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने कहा यात्रियों की सुविधा के लिए डायल ने उन यात्रियों के लिए आगमन पर 20 समर्पित काउंटर खोले हैं, जिन्होंने अपने आरटी-पीसीआर, रैपिड पीसीआर जांच की पहले ही बुकिंग करवा ली है। मालूम हो कि कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप को बेहद संक्रामक एवं घातक माना जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी इसे लेकर चिंता जाहिर कर चुका है।

### संक्रमण के 51 नए मामले

राजधानी दिल्ली में पिछले चौबीस घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 51 नए मामले सामने आए। इस दौरान किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। साथ ही संक्रमण की दर 0.08 प्रतिशत दर्ज की गई। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार, अब तक संक्रमण के 14,41,295 मामले सामने आ चुके हैं। अच्छी बात यह है कि अब तक 14.15 लाख से ज्यादा लोग कोविड से पीड़ित होने के बाद ठीक हो चुके हैं।

## संक्षिप्त समाचार


निगमकर्मी को फुलमाला पहनाकर सम्मानित करते महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल

### महापौर ने कर्मचारियों का किया सम्मान

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के महापौर श्याम सुंदर अग्रवाल और निगम पार्षदों ने निगम मुख्यालय में प्रदूषण रोधी मुहिम में कार्यरत निगम के कर्मचारियों को मिठाई खिलाकर व माला पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि पूर्वी दिल्ली नगर निगम के 40 वाटर स्प्रिंकलर्स, 10 मैकेनिकल रोड स्विंपिंग मशीनें, जेट मशीनें और एंटी स्मॉग गन प्रदूषण रोधी उपायों के तहत तैनात है और प्रदूषण शमन के लिए कार्य कर रही हैं। निगम की 128 टीमें प्रदूषण फैलाने संबंधी गतिविधियों की निगरानी कर रही हैं और उन पर अंकुश लगाने का कार्य कर रही है। वहीं, दूसरी तरफ दिल्ली सरकार प्रदूषण पर केवल विज्ञापनबाजी कर रही है।


यमुना विहार में आयोजित संगठनात्मक मंडल कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी।

### सांसद ने केंद्र और अपनी उपलब्धियां गिनाई

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने शनिवार को गृह मंडल यमुना विहार की संगठनात्मक मंडल कार्यकारिणी में भाग लिया और केंद्र सरकार एवं संसदीय क्षेत्र में अपने द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी दी। कार्यकारिणी की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मुकेश गोयल ने की एवं विधायक अजय महावर, निगम पार्षद प्रमोद गुप्ता, जिला अध्यक्ष मोहन गोयल, उपाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, पूनम चौहान, आनंद त्रिवेदी महामंत्री डॉ यूके चौधरी प्रवक्ता हरीश शर्मा मंडल महामंत्री रोहतास कश्यप एवं पुनीत कुमार सहित मंडल में निवास करने वाले सभी अपेक्षित लोग मौजूद रहे। केंद्र सरकार का लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुए सांसद तिवारी ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी की सरकार सबको साथ लेकर सबके विकास के लिए काम कर रही है। कोरोना महामारी के दौरान 20 लाख करोड़ से अधिक की धनराशि महामारी से निपटने के लिए आरक्षित कर देश के करोड़ों लोगों की प्राणों की रक्षा के लिए सरकार का समर्पण दुनिया ने देखा। स्टार्टअप मुद्रा लोन जहां करोड़ों लोगों के रोजगार और स्वरोजगार का साधन बने वहीं स्व निधि योजना मजदूर वर्ग की रोजी रोटी और आजीविका में सहायक सिद्ध हो रही है।

# डीजल पर वैट कम करने को भाजपा का प्रदर्शन

● पिछले 3 दिनों से राजधानी में कई जगह हाथों में प्ले कार्ड लेकर विरोध कर रहे कार्यकर्ता

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली




केजरीवाल सरकार के खिलाफ प्रदेश भाजपा के विभिन्न मोर्चों द्वारा लगातार तीसरे दिन डीजल के वैट में कमी न करने पर विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजपा की मांग है कि डीजल के वैट में कमी की जाए जिसके लिए पार्टी के विभिन्न मोर्चों जिसमें अनुसूचित जाति मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा एवं ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ताओं द्वारा दिल्ली के विभिन्न प्रमुख 18 स्थानों पर हाथों में प्ले कार्ड लेकर केजरीवाल सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई।

प्रदेश भाजपा मीडिया प्रमुख नवीन कुमार जिंदल ने कहा कि बाकी राज्यों में सरकारें पेट्रोल और डीजल पर वैट कम कर चुकी हैं जिससे वहां की परिवहन व्यवस्था से लेकर माल ले जाने- आने में किराया भी सस्ता हो गया है, लेकिन अरविंद केजरीवाल सिर्फ घोषणाएं करने और दूसरे राज्यों में प्रचार तंत्र फैलाने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के विभिन्न मोर्चों द्वारा पिछले तीन दिनों से डीजल पर वैट कम करने को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है क्योंकि दिल्ली में सबसे ज्यादा डीजल का ही प्रयोग किया जाता है, लेकिन अरविंद केजरीवाल अपनी 'घोषणा मंत्री' वाले छवि को और पुख्ता करने में लगे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने सत्ता में आने से पहले वादा किया था कि वह दिल्ली में पेट्रोल और डीजल पर सभी राज्यों की तुलना में सबसे कम वैट लगाएंगे लेकिन डीजल पर 12 प्रतिशत वैट था जिसे बढ़ाकर 30 प्रतिशत कर दिया।

## जेएनयू में दाखिले के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रवेश परीक्षा-2021 के मास्टर और बीए के प्रवेश परीक्षा के अंतिम परिणाम आ चुके हैं और पिछली वर्ष की भांति इस बार भी नए छात्रों का एड्मिशन पूर्णतः ऑनलाइन मोड में हो रहा है। चूंकि यह प्रकिया पूर्णतः ऑनलाइन होती है इसलिए नए छात्रों को तकनीकी कठिनायों से जूझना पड़ता है। इसलिए एबीवीपी ने स्कूल और सेन्टर वाइज हेल्पलाइन नंबर जारी करके सभी अभ्यर्थियों देश के प्रत्येक कोने के छात्रों की मदद कर रही है।

एबीवीपी जेएनयू अध्यक्ष शिवम चौरासिया ने बताया कि एडमिशन प्रक्रिया ऑनलाइन होने की वजह से तकनीकी कुशलता कम होने से कुछ छात्र अपनी एड्मिशन प्रक्रिया तय समय मे पूरा नहीं कर पाते हैं जिसकी वजह से या तो उनका एडमिशन निरस्त हो जाता है या तो प्रक्रिया पूरी न होने से एडमिशन पूर्ण नहीं हो पाता है।

## वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में

**नई दिल्ली।** राजधानी की वायु गुणवत्ता शनिवार को थोड़ी और गिरकर बहुत खराबश्रेणी में पहुंच गई। पिछले चौबीस घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक 362 रहा, जो शुक्रवार को 346 था। पड़ोसी शहरों फरीदाबाद (356), गाजियाबाद (327), ग्रेनो (335), गुरुग्राम (334) व नोएडा (355) में भी वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में रही।

आईएमडी ने कहा कि शहर का न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक 11 डिग्री सेल्सियस रहा जबकि अधिकतम तापमान 26.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो औसत से दो डिग्री अधिक है।

# नए ठेके खोलने में करोड़ों का भ्रष्टाचार : कांग्रेस

### डिफॉल्टर कंपनियों को लाइसेंस देकर सीएम ने नई शराब नीति को किया नजरअंदाज : चोपड़ा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली में शराब नीति पर अरविन्द केजरीवाल सत्ता में आने से पहले कांग्रेस की दिल्ली सरकार को दिल्ली में शराब बिक्री पर कोसते रहते थे कि दिल्ली में शराब की दुकाने के नजदीक गुंडागर्दी होने से महिलाओं -बहनों का जीना दूभर हो गया है, अपराधों में बढ़ोतरी हो रही है। परंतु मौजूदा मुख्यमंत्री होने के बाद वही केजरीवाल ने दिल्ली में शराब की नीति में बदलाव लाकर शराब के व्यापार को निजी हाथों में सौंपकर करोड़ों का भ्रष्टाचार किया है।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को शनिवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं दिल्ली विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा और कम्यूनिकेशन विभाग के चैयरमेन अनिल भारद्वाज ने सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि डीडीए के चैयरमेन, दिल्ली के उपराज्यपाल ने शराब के ठेकों को नॉन कंफर्मिंग रिहायशी क्षेत्रों में खोलने की इजाजत दी जो नई शराब नीति के विरुद्ध है।

चोपड़ा ने कहा कि दिल्ली कांग्रेस केजरीवाल की शराब नीति का शुरु से विरोध करती आ रही है और 17 नवंबर को पूरी दिल्ली में निजी ठेके खुलने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 55 जगह प्रदर्शन किए थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता के साथ विश्वासघात करने वाले केजरीवाल की गलत नीतियां को दिल्ली कांग्रेस बर्दाश्त नही करेगी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल पंजाब में ड्रग माफिया और नशा मुक्ति सहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपये देने की बात करते है परंतु अपने अधिकृत राज्य दिल्ली में उन्होंने युवाओं की शराब पीने की उम्र 25 से घटाकर 21 कर दी है और प्रत्येक वार्ड में 3-4 शराब दुकाने के अनुपात पर पूरी दिल्ली में 849 दुकाने खोल रहे है।

# हेपेटाइटिस भी अधिसूचित रोगों में शामिल होगा

### *मरीजों के साथ होने वाले भेदभाव के खिलाफ सख्त कानून बनाएगी सरकार : जैन*

● आईएलबीएस में 24वां हेपेटाइटिस दिवस मनाया गया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी की सरकार हेपेटाइटिस को दिल्ल्ली अधिसूचित रोगों की सूची में शामिल करेगी। साथ ही स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली (एचएमआईएस प्रोजेक्ट) में हेपेटाइटिस का टेस्ट अनिवार्य करेगी। इससे सरकार यह सुनिश्चित कर सकेगी कि हर स्वास्थ्य कार्ड धारक ने जीवन में एक बार हेपेटाइटिस का टेस्ट जरूर कराया हो। दिल्ली सरकार ने इस बात का संज्ञान लिया कि हेपेटाइटिस से पीड़ित मरीजों को समाज में बहुत भेदभाव का सामना करना पड़ता है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में हेपेटाइटिस बी और सी के रोगियों के साथ होने वाले भेदभाव के खिलाफ एक कानून पारित करेगी, जो देश में पहली बार होगा।

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने इंस्टिट्यूट ऑफ लीवर एंड बिलियरी साइंस (आईएलबीएस) में शनिवार को 24वें हेपेटाइटिस दिवस में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने हेपेटाइटिस जागरूकता गतिविधियों पर एक रिपोर्ट भी जारी की। उन्होंने सतत विकास लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में संस्थान द्वारा वर्षों से की जा रही विभिन्न गतिविधियों के लिए आईएलबीएस अस्पताल को बधाई दी। इनका मकसद वर्ष 2030 तक वायरल हेपेटाइटिस को समाप्त करना है।



शनिवार को आईएलबीएस में 24वें हेपेटाइटिस दिवस पर रिपोर्ट जारी करते स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन।

दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय
आज़ादी का अमृत महोत्सव
आपका सहयोग

दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण
द्वारा
दिल्ली यातायात पुलिस
के सहयोग से
नेशनल लोक अदालत
का आयोजन
11 दिसंबर, 2021
को
प्रातः 10:00 बजे से शाम 3:30 बजे तक

सभी प्रकार के वाहनों (व्यावसायिक वाहनों सहित) के भुगतान योग्य यातायात चालानों
(मौके पर व नोटिस ब्रांच द्वारा जारी किये गए)
के निपटारे के लिए
तीस हज़ारी, कड़कड़डूमा, पटियाला हाउस,साकेत,रोहिणी, राउज़ एवेन्यू और द्वारका कोर्ट परिसरों में

सभी चालान/नोटिस वादियों द्वारा दिल्ली पुलिस की वेबसाइट से डाउनलोड किये जायेंगे और प्रिंट आउट निकालने की कोई भी सुविधा कोर्ट परिसरों में नहीं होगी।

चालान/नोटिस का प्रिंट आउट निकालने के लिए
https://delhitrafficpolice-nic-in/notice/lokadalat पर लॉग इन करना होगा

यह लिंक 7 दिसंबर को प्रातः 10 बजे से चालानों की तय सीमा पूरी होने तक खुला रहेगा।

यदि आप अपने चालान का निपटारा चाहते हो तो चालान में लिखित कोर्ट परिसर, व कोर्ट संख्या में निर्धारित दिए गए समय पर ही जाए, कृपया लोक अदालत में अपना प्रिंट आउट साथ लेकर जायें।

दिल्ली यातायात पुलिस हेल्पलाइन 011-25844444 / 1095

नोट: इस लोक अदालत में भुगतान अयोग्य (Non compoundable) चालान/नोटिस स्वीकार नहीं किये जायेंगे। 31/08/2021 तक के सभी भुगतान योग्य (मौके पर व नोटिस ब्रांच द्वारा जारी किये गए) चालान स्वीकार किये जायेंगे। कोविड-19 के दिशानिर्देशों का पालन व सामाजिक दूरी ध्यान में रखते हुए प्रत्येक अदालत में 1000 चालान/नोटिस लिए जायेंगे, जो सभी कोर्ट परिसरों की 120 अदालतों में 11 दिसंबर 2021 को कुल 120,000 चालानों का निपटारा किया जायेगा।

DP/9306/21

दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण
पटियाला हाउस कोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, 1 फ्लोर, प्री. फेब बिल्डिंग नई दिल्ली-110001

दिल्ली राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण
हेल्पलाइन 1516

आप हमसे जुड़े: https://twitter.com/dtptraffic https://www.facebook.com/dtptraffic

ट्रैफिक प्रहरी बनें
एप डाउनलोड करें

पुलिस आयुक्त, दिल्ली को ई-मेल करें: cp.rakeshasthana@delhipolice.gov.in | लिखें : पुलिस आयुक्त, दिल्ली को, पोस्ट बॉक्स नं. 171, जीपीओ, नई दिल्ली पर

तुरंत पुलिस सहायता के लिए कॉल करें 112
पुलिस को सूचना देने के लिए कॉल करें 1090

बीमारी का पता लगने के एक साल के भीतर लगी वैक्सीन

# दिल्ली एम्स में बालक अयांश को लगी 16 करोड़ रुपये की वैक्सीन

## चाइल्ड न्यूरो सर्जन डा. शैफाली गुलाटी और उनकी टीम ने लगाई वैक्सीन

## रविवार तक एम्स में ही चिकित्सकों की निगरानी में रहेगा अयांश

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**आखिरकार** बालक अयांश को 16 करोड़ रुपये की वैक्सीन लग ही गई। अमेरिका से आई यह वैक्सीन शनिवार सुबह 10 बजे एम्स दिल्ली में लगाई गई। चिकित्सकों के दल ने कोरोना महामारी के बीच सभी ऐहतियात बरतते हुए वैक्सीन लगाई। इस प्रक्रिया में करीब एक घंटा लगा। रविवार तक अयांश चिकित्सकों की निगरानी में रहेगा। सोमवार को छुट्टी मिलेगी।

वैक्सीन लगने के दौरान अयांश की मां वंदना उसे गोद में ही लिए बैठी रहीं। उनकी आंखों में बेटे के ठीक होने की उम्मीद साफ देखी जा सकती थी। बेटे की बीमारी को लेकर बार-बार भावुक होने वाली मां वंदना को पिता प्रवीण मदान ने सदा हिम्मत रखने को प्रेरित किया। अपने आंसुओं को छिपाकर वे परिवार में अपनी जिम्मेदारियों को सदा मजबूती से निभाते रहे।

अयांश एसएमए (स्पाइनल मस्क्यूलर एट्रॉफी) नामक बीमारी से ग्रस्त है। अयांश इस बीमारी से ग्रस्त है, इसका उनके माता-पिता वंदना मदान एवं प्रवीण मदान को तब पता चला, जब वह मात्र आठ महीने का था। अभी उसकी उम्र 20 माह है। अयांश को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में लेकर गए। जहां डॉ. विश्वस्वरूप और डॉ. रिचा ने अयांश की जांच की। कुछ टेस्ट भी कराए गए। तब पता चला कि अयांश एसएमए नामक गंभीर बीमारी से ग्रस्त है। डॉक्टर्स की उस रिपोर्ट से परिजनों का तनाव बढ़ गया। फिर भी उनका दिल नहीं मान रहा था कि अयांश को इतनी गंभीर बीमारी है। अपना शक मिटाने को उन्होंने लाल पैथ लैब से दोबारा टेस्ट कराए। वहां की रिपोर्ट में भी एसएमए बीमारी की सामने आई। एम्स के डॉक्टर्स ने बताया कि इसका उपचार अमेरिका की दवाई से होगा, जिसकी कीमत 16 करोड़ रुपये है।



दिल्ली एम्स में अयांश को लगाई जा रही 16 करोड़ रुपये की वैक्सीन।

### क्राउड फंडिंग से इकट्ठे हुए 16 करोड़

**16 करोड़** का जुगाड़ करने के लिए उन्होंने प्रयास शुरू किए। धन जुटाने को उन्होंने लकी ड्रॉ तक के कूपन भरे, लेकिन किस्मत ने साथ नहीं दिया। इसके बाद उन्होंने क्राउड फंडिंग (जनता से दान) से धन जुटाने का काम शुरू किया। देश-विदेश के नागरिकों को अपनी नेक कमाई से दान करने की गुहार लगानी शुरू की। मीडिया से रूबरू होते हुए अयांश के माता-पिता की आंखों में अश्रुधारा के बीच बेटे का जीवन बचाने का सपना लिए हर किसी की तरफ उम्मीद की निगाह से देखते रहे। अयांश के पिता प्रवीण जैन ने डा. नीलू गुगलानी (एमडी पैथॉलोजी) और डा. अषिता जैन का भी धन्यवाद किया है, जिन्होंने फंड जुटाने उनकी मदद की।

### दो साल की उम्र तक ही लग सकती है यह दवा

**यह** दवा बच्चे की दो साल की उम्र के भीतर ही लगनी जरूरी है। अयांश इस मामले में लकी ही कहा जाएगा कि उसे एक साल में यह दवा लग गई। क्योंकि 16 करोड़ जुटाना आसान नहीं था। एक बार फिर से वंदना और प्रवीण मदान ने देश-दुनिया के दानियों का धन्यवाद किया है। सोशल प्लेटफार्म पर अयांश के लिए दवा खरीदने की रकम एकत्रित करने को उन्होंने चौबीसों घंटे अभियान चलाया। दवा के लिए 16 करोड़ एकत्रित करने में लोगों ने दिल खोलकर दान दिया। किसी ने अपने बच्चों के नाम से तो किसी ने खुद के नाम से पैसे दिए। आखिरकार 16 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि इकट्ठी हुई। बिना देरी के अमेरिका में दवा निर्माता कंपनी को 16 करोड़ रुपये डॉलर के रूप में भेजे गए। दो दिसम्बर को दवा दिल्ली एम्स पहुंची थी, जिसे चार दिसम्बर शनिवार को अयांश को लगा दिया गया।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए करें आवेदन

**गुरुग्राम।** विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं से हरियाणा राज्य स्तरीय महिला पुरस्कारों के लिए 10 दिसंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उपायुक्त डॉ. यश गर्ग ने बताया कि इन पुरस्कारों के बारे में अधिक जानकारी के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग की वेबसाइट पर सपर्क किया जा सकता है।

उपायुक्त ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल करने वाली महिलाओं को विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है। यह पुरस्कार प्रत्येक वर्ष अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च को प्रदान किया जाते हैं। इन पुरस्कारों में इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार के तहत एक लाख 50 हजार रुपये, प्रशस्ति पत्र, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार के तहत एक लाख रुपये और प्रशस्ति पत्र, बहन शन्नों देवी पंचायती राज पुरस्कार के तहत एक लाख रुपये और प्रशस्ति पत्र, लाइफटाईम अचीवर्स पुरस्कार के तहत 51 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र, एएनएम, महिला एपीएचडब्लू (दो पुरस्कारों) के तहत 21 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र, महिला खिलाड़ी पुरस्कार के तहत 21 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र, साक्षरी महिला समूह सदस्य के (दो पुरस्कार) के तहत 21 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र, सरकारी कर्मचारी के (दो पुरस्कार) के तहत 21 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र, सामाजिक कार्यकर्ता (दो पुरस्कार) के तहत 21 हजार रुपये और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाता है।

# लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करे न्यायपालिका : अजय तिवारी

## पटौदी को मिला नया न्यायिक एवं रिहायशी परिसर

## पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश ने किया उद्घाटन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के खंड पटौदी में ज्यूडिशियल कोर्ट कांपलेक्स का उद्घाटन करते न्यायाधीश अजय तिवारी।

**पंजाब** एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति और गुरुग्राम सेशन डिविजन के प्रशासकीय जज अजय तिवारी ने कहा कि न्यायपालिका को लोगों की अपेक्षाओं के अनुसार कार्य करना चाहिए, ताकि न्यायपालिका पर लोगों का अटूट विश्वास बरकार रहे। वे शनिवार को पटौदी उपमंडल के नए ज्यूडिशियल कोर्ट कांपलेक्स व न्यायिक अधिकारियों के रेजिडेंस परिसर के उद्घाटन उपरान्त कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

यह ज्यूडिशल कॉम्प्लेक्स पटौदी-हेलीमंडी के बीच में 14.54 करोड़ की लागत से लगभग साढ़े छह एकड़ भूमि पर बनाया गया है। न्यायाधीश अजय तिवारी ने नए ज्यूडिशियल कोर्ट कांपलेक्स, रेजिडेंस कॉम्प्लेक्स के लोकार्पण और निरीक्षण उपरान्त अपने जीवन के अनुभवों का जिक्र करते हुए कहा कि पहले की तुलना में न्यायालय परिसर और उसमें मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि समय के साथ हो रहे बदलाव को ध्यान में रखते हुए हमें समय-समय पर हमारे द्वारा दी जी रही सेवाओं का भी मूल्यांकन करना होगा। हमें यह देखना होगा कि हम जो सेवाएं दे रहे हैं, वो लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप हैं या नहीं।

श्री तिवारी ने कहा कि अगर हम अपने कार्य को ईमानदारी व पूरी निष्ठा के साथ करेंगे तो न्याय स्वत: ही मिलेगा। उन्होंने कहा कि न्याय पाना हर व्यक्ति का मौलिक अधिकार है। इसलिए सभी अधिवक्ता अपने क्लाइंट को पूरी ईमानदारी व मेहनत के साथ न्याय दिलाएं। साथ ही सभी न्यायाधीश केसों का फैसला अविलम्ब कर न्यायपालिका में लोगों के अटूट विश्वास को कायम रखें।

कार्यक्रम में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश राजेश भारद्वाज, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के बिल्डिंग कमेटी के ओएसडी बीपी सिंगला, गुरुग्राम के एडिशनल एंड डिस्ट्रिक्ट सेशन जज एवं बिल्डिंग कमेटी गुरुग्राम के चेयरमैन डॉ. डीएन भारद्वाज, एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशन जज गुरुग्राम फलित शर्मा, सीजीएम अनिल कौशिक एसीजीएम मनोज राणा, पटौदी की एसडीजेएम तरन्नुम खान व ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट मोहम्मद सगीर, गुरुग्राम के उपायुक्त डॉ. यश गर्ग, पटौदी के एसडीएम प्रदीप कुमार, डीसीपी मानेसर मनबीर सिंह, एसीपी मानेसर वीर सिंह, पटौदी बार एसोसिएशन के प्रधान विशाल चौहान व सचिव राजेश कुमार राव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### 24 मई 2018 को आरंभ हुआ था निर्माण

**चार** साल पूर्व 18 नवंबर 2017 को शिलान्यास होने के उपरांत इसका निर्माण कार्य 24 मई 2018 को आरंभ हुआ था। कांपलेक्स में अब चार कोर्ट बनाए गए हैं। ये चार कोर्ट एसडीजेएम और जेएमआईसी के कोर्ट रूम होंगे। इन चारों में एक फैमिली कोर्ट भी शामिल है। ज्यूडिशियल कोर्ट कांपलेक्स परिसर में ही 4 आवास न्यायाधीशों के रहने के लिए बनाए गए हैं।

# बाइक सवार से चालीस हजार लूट ले गए बदमाश

**होडल।** नेशनल हाइवे उझीना ड्रेन के निकट कार सवार तीन बदमाश एक बाइक सवार से हजारों रुपये की नगदी लूटकर फरार हो गए। बाइक सवारों ने बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन वह उन्हें चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

गांव लालपुर जिला मथुरा यूपी निवासी विपिन ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उसके पिता राजेंद्र और मामा का लड़का बलदाऊ बाइक द्वारा पलवल से अपने गांव के लिए लौट रहे थे। वह उझीना ड्रैन के समीप पहुंचे तो पीछे से आ रही एक कार सवार तीन बदमाशों ने बाइक रुकवाकर उसके पिता की जेब से जबरदस्ती चालीस हजार रुपये निकाल लिए। उसने बताया कि बलदाऊ ने उनकी पीछा भी किया, लेकिन वह उन्हें चकमा देकर फरार हो गए। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर कार सवार बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# खराब प्रदूषण लोगों के स्वास्थ्य पर डाल रहा है प्रभाव

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**सोहना** और आसपास के क्षेत्र में प्रदूषण कम होने का नाम नहीं ले रहा है। क्षेत्रवासियों को सांस लेने में परेशानी के साथ-साथ जुखाम और खांसी होने से दिक्कत आ रही है।

सोहना और आसपास के क्षेत्र में वायु प्रदूषण बिगड़ने से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। ऐसे में लोगों को जुखाम और खांसी होना आम बात हो गई है। बीमारी से ग्रसित बुजुर्गों को सांसें लेने में भी परेशानी हो रही है। वार्ड-5 के निवासी सुरेश कुमार का कहना है कि वह सुबह साढ़े पांच बजे मॉर्निंग वॉक पर जाता है। उसे चलते समय सांस लेने में परेशानी होती है। नाक की शुरुआत में काला कार्बन से जम जाता है। जिस दिन हवा रात के समय में चलती है, उस दिन प्रदूषण खराब नहीं होता है। चमनलाल का कहना है कि जुखाम और खांसी के रोग दवा लेने के बावजूद ठीक नहीं हो रहे हैं। जिसके होने से बुखार भी हो जाता है।



सोहना शहर में शनिवार की सुबह छाया प्रदूषण की झलक।

### क्या कहते हैं डॉक्टर

**नागरिक** अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर प्रवीण यादव ने बताया कि वृद्ध लोगों को सुबह के समय घूमना बंद कर देना चाहिए। पैदल चलते समय सांसें लंबी न लेकर छोटे-छोटे हिस्सों में लें। मास्क का उपयोग अवश्य करें। खान-पान में तले हुए खाद्य का उपयोग न करे। बीमारियों से ग्रस्त रोगी घर से कम से कम निकले।

## संक्षिप्त-समाचार

### पुलिस ने शराब पीने वालों के खिलाफ चलाया अभियान, 10 पकड़े

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने शुक्रवार रात पांच स्थानों पर छापामारी करते हुए 10 लोगों को सरेआम शराब पीकर हुड़दंग मचाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ अलग-अलग पांच मामले दर्ज किए हैं। शुक्रवार रात भोंडसी थाना पुलिस ने सरेआम शराब पीकर लोगों के लिए परेशानियां पैदा करने और शराब की बोतलों को चौक-चौराहे पर तोड़कर गालियां देने वालों की धड़पकड़ की गई। चार टीम थाने से और एक टीम मारुति कुंज कॉलोनी स्थित पुलिस चौकी से तैयार कर अभियान चलाया गया। पांच अलग-अलग जांच तैनात किए गए अधिकारियों में एसआई मुकेश कुमार, एएसआई कृष्ण कुमार, एएसआई विनोद कुमार, एएसआई आमिर सहित एक अन्य को शामिल किया। पुलिस टीमों ने मारुति कुंज मोड़, बीएसएफ के सामने, वाटिका चौक पर छापामारी की। छापामारी में पांचों ही टीमों ने दो-दो शराबियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों में वाटिका कुंज के पास बालाजी निवासी सेक्टर-12 आरके पूरम दिल्ली, इरफान निवासी जिला नूंह फिरोजपुर झिरका, मारुति कुंज मोड़ पर लोकेश निवासी घामडौज, हरकिशन निवासी मांडी खेड़ा जिला नूंह, इसी चौक के पास सोनू निवासी भोंडसी, मनोज यादव निवासी खुशीनगर उत्तर प्रदेश, बीएसएफ के सामने दीपक निवासी भैडौली जिला पलवल, गोविन्द, प्रदीप और आशीष निवासी ऑरियन्टल कैंप भोंडसी को गिरफ्तार किया। एसआई मुकेश ने बताया कि गिरफ्तार सभी आरोपियों के खिलाफ मामले दर्ज कर कोर्ट के आदेशानुसर कच्ची जमानत पर छोड़ दिया गया।

### 24 टीकाकरण केन्द्रों पर लगेगी कोविशिल्ड की डोज

**गुरुग्राम।** जिला में वैक्सीनेशन अभियान के तहत रविवार को ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में बने 25 टीकाकरण केन्द्रों पर कोरोना रोधी टीका लगाया जाएगा। उपर्युक्त केंद्रों में 24 पर कोविशिल्ड की पहली व दूसरी व पॉलीक्लीनिक सेक्टर-31 में स्पूतनिक की दूसरी डोज लगाई जाएगी। जिन नागरिकों को कोविशिल्ड का पहला या दूसरा टीका लगवाना है वह अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपनी कोरोना रोधी वैक्सीन लगवा सकता है। रविवार को 24 टीकाकरण केंद्रों पर उपर्युक्त वैक्सीन की पहली व दूसरी डोज़ के रूप में कुल 8 हजार स्लॉट उपलब्ध कराए गए हैं। वैक्सीनेशन कार्य देख रहे गुरुग्राम के उप-सिविल सर्जन डॉक्टर एमपी सिंह ने बताया कि टीका लगवाने के लिए लाभार्थी को किसी प्रकार के पूर्व रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं है। सभी सेंटरों पर पहले आओ पहले लगवाओ की नीति के आधार पर वैक्सीन लगेगी।

### उत्तम भारद्वाज को व्यापार प्रकोष्ठ का सदस्य बनाए जाने पर स्वागत



नवनियुक्त पदाधिकारी उत्तम भारद्वाज का स्वागत करते जिलाध्यक्ष और महामंत्री।

**होडल।** उत्तम भारद्वाज को बीजेपी व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदेश कार्यकारिणी का सदस्य बनाए जाने पर पार्टी समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। पार्टी समर्थकों ने शनिवार को पुन्हाना-बावरी रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन कर नवनियुक्त सदस्य उत्तम भारद्वाज को फूलमालाओं से स्वागत किया। मौके पर पार्टी के जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया और महामंत्री वीरपाल दीक्षित मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस मौके पर नवनियुक्त पदाधिकारी भारद्वाज ने पार्टी के मुख्यमंत्री और आला नेताओं का आभार व्यक्त किया है। उत्तम भारद्वाज को बीजेपी व्यापार प्रकोष्ठ हरियाणा प्रदेश का सदस्य बनाए जाने पर उनके समर्थकों ने उनके सम्मान में पुन्हाना-बावरी रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर सम्मान समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में पार्टी के जिलाध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिलाध्यक्ष तेवतिया और जिला महामंत्री दीक्षित ने नवनियुक्त सदस्य उत्तम भारद्वाज को फूलों की माला पहनाकर उनका स्वागत किया और पार्टी की जिम्मेदारियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मौके पर उनके साथ मंडलाध्यक्ष प्रेमराज तंवर, जिला विस्तारक करमबीर यादव, जिला सचिव सुनील ठेकेदार, चुनाव प्रबंधक भूपराम पाठक, पार्टी प्रभारी हरिओम तिवारी, हसनपुर मंडलाध्यक्ष हेमदत्त पाठक, सहकारिता विस्तारक महेंद्र महाबर, मनेश गोयल, यतार्थ सौरोत, पदम सौरोत, महेंद्र बंचारी, हरीश चंद शर्मा, रामी सौरोत, दाताराम के अलावा दर्जनों समर्थक मौजूद थे।

### ट्रेड लाइसेंस कैम्प में 200 दुकानदारों ने मौके पर ही किया आवेदन

**गुरुग्राम।** व्यापारियों को मौके पर ही ट्रेड लाइसेंस के लिए आवेदन करने की सुविधा के तहत नगर निगम गुरुग्राम द्वारा चार स्थानों पर विशेष कैम्प लगाए गए। इनमें लगभग 200 व्यापारियों ने मौके पर ही ट्रेड लाइसेंस के लिए आवेदन किया।

जोन-4 क्षेत्र के टैक्स अधिकारी समीर श्रीवास्तव की टीम शनिवार को साऊथ सिटी-2 स्थित आर्केडिया मार्किट तथा सेक्टर-49 स्थित बानी स्क्वेयर मार्किट पहुंची। यहां विशेष कैम्पों का आयोजन करके व्यापारियों को ट्रेड लाइसेंस आवेदन की सुविधा उपलब्ध करवाई। दोनों स्थानों के लगभग 150 दुकानदारों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। वहीं ज़ोन-3 क्षेत्र के टैक्स अधिकारी देवेंद्र कुमार की टीम ने आरडी मॉल तथा कुतुब प्लाजा डीएलएफ-1 में कैम्प लगाए।

# दिव्यांगों को हर सुविधा देने के प्रयास : बोधराज सीकरी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**समाज** में हर व्यक्ति विशेष महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हर व्यक्ति हर वर्ग का सम्मिलित रूप ही समाज कहलाता है। इसी समाज में समानता और संतुलन बनाए रखना हर जन की जिम्मेदारी है। इसी जिम्मेदारी का निर्वहन करने का प्रयास करते हुए ब्रिंगिंग स्माइल संस्था द्वारा अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में हरियाणा सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। इस अवसर पर संस्था के गणमान्य सदस्यों द्वारा हर आयु वर्ग के दिव्यांगों को सम्मानित करने के लिए आमंत्रित किया गया। इसके साथ ही उनकी मूलभूत और अनिवार्य आवश्यकताओं को मद्देनजर रखते हुए उन्हें विभिन्न उपहार वितरित किए, जिनमें उनके लिए विशेष रूप से तैयार करवाये स्मार्ट फोन, सिलाई मशीन, ट्राइसाइकिल, कम्बल, व्हील चेयर, गर्म इनरवेयर आदि शामिल रहे। कम्प्यूटर ट्रेनिंग के लिए चेक के रूप धनराशि भी प्रदान की गई। इस अवसर पर दिव्यांगों से मिलना जीवन के संघर्ष से लड़ने की प्रेरणा बना।



दिव्यांगों को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन करते बोधराज सीकरी।

# 79 टीकाकरण केन्द्रों पर 8840 लोगों को लगाई वैक्सीन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



## गुरुग्राम में अब तक वैक्सीन की 38 लाख 98 हजार 227 डोज लग चुकी

**स्वास्थ्य** विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान के तहत शनिवार को गुरुग्राम में 79 स्थानों पर वैक्सीनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमे 08 हजार 840 लोगों को वैक्सीन की पहली व दूसरी डोज लगाई गई। आज के आंकड़ो को मिलाकर जिला में वैक्सीन की कुल 38 लाख 98 हजार 227 डोज दी जा चुकी है।

जिला में वैक्सीनेशन अभियान की कमान संभाल रहे डॉ. एमपी सिंह ने बताया कि टीकाकरण कार्यक्रम के तहत जिला के 79 वैक्सीनेशन सेंटर्स में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 01 हजार 560 लोगों को पहली डोज़ दी गई। वहीं आज 06 हजार 300 लोगों को वैक्सीन की दूसरी डोज लगाई गई। डॉ. सिंह ने कहा कि आज 45 वर्ष से अधिक आयु के 214 नागरिकों को कोरोना रोधी वैक्सीन का पहला टीका लगाया गया। वहीं 759 लोगों ने वैक्सीन की अपनी दूसरी डोज़ लगवाई। आज 04 हेल्थ वर्कर्स व 3 फ्रंट लाइन वर्कर्स को कोरोना रोधी वैक्सीन की दूसरी डोज दी गई।

# बाजार की कॉलोनियों में हो रही दूषित पेयजल आपूर्ति, विभाग मौन

कैलाश मंगला। होडल

## नलों से बदबू और कीचड़ युक्त आ रहा पानी

**पेयजल** विभाग की लापरवाही के चलते होडल बाजार की कई कॉलोनियों में पिछले चार-पांच दिनों से दूषित पेयजल आपूर्ति हो रही है। कॉलोनियों में घरों के नलों से बदबू और कीचड़ युक्त पानी आ रहा है जो कि पीना तो दूर अन्य किसी घरेलू कार्य के भी लायक नहीं है। दूषित पेयजल आपूर्ति के चलते कॉलोनी के लोगों को पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। कॉलोनी के लोगों ने कई बार संबंधित विभागीय अधिकारियों को घरों में हो रही दूषित पेयजल आपूर्ति की समस्या से अवगत कराया है, लेकिन इस ओर कोई अधिकारी और कर्मचारी ध्यान देने को तैयार नहीं हैं।

स्थानीय बाजार की जैन कॉलोनी, ताली मंडी रोड, बाईसी मोहल्ला, घासैडिया मोहल्ला, आर्य समाज रोड स्थित कॉलोनी में पिछले चार-पांच दिनों से दूषित पेयजल आपूर्ति हो रही है। कॉलोनियों के घरों में लगे नलों से कीचड़ व बदबू युक्त पानी आ रहा है। घरों में आ रहा पानी पीना तो दूर अन्य किसी घरेलू कार्य के भी योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि घरों में हो रही दूषित पेयजल आपूर्ति के कारण उन्हें खरतनाक बीमारी के फैलने का भय सताता रहता है। दूषित पेयजल आपूर्ति के चलते उन्हें मजबूरन बाजार से पानी खरीदकर अपनी प्यास बुझानी पड रही है। कॉलोनी निवासी राजेश जैन, कपिल जैन, प्रमोद, सुनील, मोनू, गुलशन गर्ग, राकेश आदि अन्य लोगों का कहना है कि उनके घरों में पिछले चार-पांच दिनों से दूषित पेयजल आपूर्ति हो रही है। कॉलोनी के लोगों का कहना है कि पहले ही देश में महामारी चल रही है और यह दूषित पेयजल आपूर्ति के कारण कोई अन्य खतरनाक बीमारी न पनप जाए। लोगों का कहना है कि उनके घरों में हो रही दूषित पेयजल से आने वाली बदबू के कारण उनका अपने ही घरों के बाथरूमों में जाना दुर्लभ हो गया है। दूषित पेयजल के चलते उन्हें अपनी प्यास बुझाने के लिए बाजार से बीस से तीस रुपये का पानी का जार खरीदना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति विभाग के अधिकारियों से शिकायत करते के बावजूद उन्हें इस समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। इस मामले में पेयजल विभाग के जेई अजय कांगडा का कहना है कि उन्हें शिकायत मिल चुकी है वह विभागीय कर्मचारियों को मौके पर भेजकर कॉलोनी के लोगों को इस समस्या से निजात दिलाएंगे।

# छुआछूत समाज के विकास में अभिशापः एडीसी

## देश और समाज के विकास में हर वर्ग भागीदार : मुकेश वशिष्ठ

**फरीदाबाद।** अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ने कहा कि छुआछूत समाज के विकास में अभिशाप है। देश को विकसित करने के लिए इसे जड़मूल से खत्म करना है। मुख्यमंत्री के फरीदाबाद मण्डल के मिडिया कोआर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ ने कहा कि देश और सामाजिक विकास में हर वर्ग के लोगों की अहम भूमिका रही है और आगे भी बनी रहेगी।

आपको बता दें स्थानीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर 10 फरीदाबाद में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन जिला कल्याण विभाग फरीदाबाद द्वारा पीसीआर एक्ट 1955 की पालना में छुआछूत एक अभिशाप के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन गत सायं किया गया था। जिसमें विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत करके अतिरिक्त उपायुक्त सतवीर सिंह मान व मुख्यमंत्री के मीडिया कोआर्डिनेटर मुकेश वशिष्ठ द्वारा विजेता विद्यार्थियों को नकद राशि ईनाम स्वरूप वितरित की गई। सेमिनार में जिलाभर के नौवीं से बारवीं कक्षाओं तक के लगभग 80 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाले छात्र छात्राओं को नकद इनाम की राशि 1000 रुपये, 600 रुपये एवं 400 रुपये दी गई। सेमिनार में रितु चौधरी जिला शिक्षा अधिकारी व खंड शिक्षा अधिकारी बल्लभगढ़ बलबीर कौर और स्कूल की प्रधानाचार्य रजनी भाटिया आदि मौजूद रहीं।



# छत पर कपड़े सुखा रही युवती को देख की अश्लील हरकत

**होडल।** छत पर कपड़े सुखाने गई युवती को देख एक युवक द्वारा अश्लील हरकत करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपी और उसके परिजनों ने युवती द्वारा शिकायत करने पर उसका अपहरण करने की भी धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ित युवती की शिकायत पर युवक सहित तीन के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। गांव भुलवाना निवासी एक युवती ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह अपने मकान की छत पर कपड़े सुखाने के लिए गई थी। उसने बताया कि पड़ोस में रहने वाला उधम सिंह भी अपने मकान की छत पर पहुंच गया। युवती ने बताया कि उधम युवती को देख अश्लील हरकत करने लगा। उधम को देख युवती अपने नीचे घर पर चली गई और आपबीती अपने परिजनों को बताई। परिजनों ने उधम की शिकायत उसके परिजनों से की तो उधम, रोहित और विनीता ने उसके माता-पिता को गाली-गलौज की साथ ही उपहरण कर ले जाने की धमकी दी।

# परिवार उत्थान योजना से कोई नहीं रहेगा बेरोजगार

## मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का विधायक नयनपाल रावत ने किया उद्घाटन


बल्लभगढ़ बीडीपीओ कार्यालय में अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का रिबन काट कर उद्घाटन करते पृथला के विधायक हरियाणा भण्डारण निगम के चेयरमैन नयन पाल रवत ।

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पृथला** के विधायक एवं हरियाणा भंडारण निगम के चेयरमैन नयनपाल रावत ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के क्रियान्वयन से प्रदेश में कोई भी गरीब परिवार बेरोजगार नहीं रहेगा।

प्रदेश में रह रहे 180000 रुपये से कम वर्षिक आय वाले नागरिकों के लिए मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना एक बेहतरीन योजना है। यह जरूरतमंद परिवारों के उज्वल भविष्य के लिये प्रभावी रूप से सहयोगी है।

नयनपाल रावत शनिवार को बीडीपीओ कार्यालय परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का उद्घाटन करने के उपरांत पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारे समाज में आज भी कई नागरिक ऐसे हैं जिनके पास या तो पर्याप्त रोजगार नहीं हैं या फिर उनकी आय बहुत कम है। जिसके कारण उन्हें विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए प्रथम चरण में हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत उन परिवारों की आय में वृद्धि करने का प्रयास किया जा रहा है। जिनकी आए सालाना एक लाख रुपया से कम है। मेले के उद्घाटन के दौरान भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा, टाउन कंट्री प्लानिंग विभाग के निदेशक, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेलों के नोडल अधिकारी केएम पण्डुरमन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस दौरान उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना का लाभ, पात्रता, महत्वपूर्ण दस्तावेज के साथ आवेदन प्रक्रिया के माध्यम से विषयों के बारे में पात्र व्यक्ति को जानकारी हासिल कर योजना का लाभ लेने का आह्वान करते हुए कहा कि जिला में लाभार्थियों की संख्या को ध्यान में रखते रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह सरकार की बेहतरीन योजना है।

### जिले में बनाए गए हैं पांच जोन

**उपायुक्त** ने बताया कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार योजना के सही क्रियान्वयन के लिए जिला में पांच जोन बनाए गए हैं। मेला के दौरान उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि एक दिवसीय मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेला बेहद सफल रहा है। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ ग्रामीण क्षेत्र के पात्र 165 परिवारों का चयन कर लाभ प्रदान करने के लिए बल्लभगढ़ ग्रमीण जोन सहित जिला को पांच जोन में बांटा गया है ताकि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना में चयनित परिवारों के सहयोग के लिए परिवारों की पहचान कर पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ दिया जा सके। उन्होंने कहा कि यह योजना हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के द्वारा बनाई बेहतरीन योजना आरंभ की गई है।

## आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गीता जयंती समारोह

**बल्लभगढ़।** स्थानीय सेक्टर-3 के राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार स्वतंत्रता के 75वे वर्ष के उपलक्ष्य में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गीता जयंती महोत्सव 2021 का आयोजन किया गया। जिसमें बल्लभगढ़ खंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों ने श्लोकोच्चारण, संवाद, निबंध, कला (पेंटिंग), भाषण आदि प्रतियोगिताओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया। खण्ड स्तरीय गीता जयंती समारोह की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी रीतु चौधरी व खण्ड शिक्षा अधिकारी बलबीर कौर के द्वारा सयुंक्त रूप से की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी ने सभी प्रतिभागी छात्रों को प्रोत्साहित किया।

# ओमिक्रॉन वायरस : बरती जा रही लापरवाही कहीं पड़ न जाए भारी

## दिल्ली में पॉजिटिव आने से फरीदाबाद में खतरा बढ़ा

**कविता।** फरीदाबाद

**राजधानी** दिल्ली में कोरोना के ओमिक्रॉन वायरस की घुसपैठ हो चुकी है। इससे एनसीआर में ओमिक्रॉन के मामले सामने आने की संभावनाएं बढ़ गई है। जिसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारियां की हुई है। लेकिन लोगों द्वारा बरती जा रही लापरवाही आने वाले समय में बड़ी समस्या खड़ी कर सकता है।

### स्वास्थ्य विभाग की पूरी तैयारी

**जिला** सिविल सर्जन डॉ. विनय गुप्ता ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा विदेशों से आ रहे सभी लोगों के सैम्पल जांच किए जा रहे हैं। यदि उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आती है, तो उन्हें यहां पर क्वारेंटाइन करने की सुविधा है। विदेशों से लौटने वालों को होम आईसोलेशन में रहने की सलाह दी जा रही है। यदि वायरस फैलता है तो इसके लिए अस्थाई अस्पताल को शुरू किया जाएगा। जिसके लिए ऑक्सीजन से लेकर बीके सिविल अस्पताल और ईएसआई मेडिकल कॉलेज में पर्याप्त सुविधाएं मौजूद हैं।



कोरोना जांच प्रयोगशाला में लगी भीड़। कोरोना लैब में जांच करा रही गीता के पीछे बिना मास्क के खड़े युवक।

### अस्पतालों में खत्म डिस्टेंस

**ओमिक्रॉन** के देशभर में सामने आ रहे मरीजों की संख्या के बीच दिल्ली में इस वायरस के संदिग्ध मरीज मिलने से फरीदाबाद में भी इसका असर पड़ सकता है। लेकिन इसके बावजूद शहर के निजी और सरकारी अस्पतालों में मरीजों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग पूरी तरह से खत्म नजर आती है। ऐसे मरीजों और तीमादारों के जरिये यह वायरस किस-किस तक पहुंच सकता है, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल होगा। लेकिन तीमारदार और मरीज सभी लापरवाही बरत रहे हैं।

### जांच केन्द्रों में भीड़

**जिलेभर** में ओमिक्रॉन वायरस के खतरे को देखते हुए लोग कोरोना की जांच को प्रयोगशालाओं में पहुंच रहे है। ऐसा ही बीके सिविल अस्पताल की प्रयोगशाला में देखने को मिल रहा है। रोजाना यहां सैकड़ों की संख्या में लोग अपनी जांच करा रहे हैं। यहां भीड़ अधिक होती है। लेकिन यहां भी बिना मास्क के ही अधिकांश लोग पहुंच रहे हैं। कर्मचारी लोगों को जागरूक करते हुए थक जाते हैं।

### बाजारों में मास्क नहीं

**शहरभर** में जगह-जगह और बाजारों में कोरोना गाइडलाईन की धज्जियां उड़ाते हुए लोगों को देखा जा रहा है। लोग बिना मास्क के ही घर से निकल रहे हैं। बाजारों में बिना मास्क और भीड़ के बीच सोशल डिस्टेंसिंग का नामों निशान नहीं दिख रहा है। जिससे आने वाले समय में लोगों द्वारा बरती जा रही यह लापरवाही जिलेवासियों के लिए खतरा पैदा कर सकती है।

# परीक्षाओं को सुविधाजनक बनाएगी जेसी बोस की व्यवस्था


जेसीबोस विवि में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते कुलपति राज नेहरू।

## लचीली' परीक्षा व्यवस्था से विद्यार्थी सशक्त होंगे, गुणवत्ता भी सुनिश्चित होगी

**फरीदाबाद।** कोरोना महामारी से उत्पन्न हालातों में परीक्षाओं को लेकर छात्रों की समस्याओं का समाधान करते हुए जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विवि, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने 'लचीली' परीक्षा प्रणाली की शुरुआत कर एक नई पहल की है। 'लचीली' परीक्षा व्यवस्था छात्रों के हित एक अभिनव दृष्टिकोण है जो वर्तमान परिस्थितियों में परीक्षा को लेकर छात्रों की चिंताओं का निवारण करेगी। साथ ही, शिक्षा और परीक्षा के गुणवत्ता मानकों को सुनिश्चित करेगी।

लचीली परीक्षा व्यवस्था में छात्रों को अधिसूचित परीक्षा केंद्रों पर ऑफलाइन परीक्षा (सब्जेक्टिव मोड) या ऑनलाइन परीक्षा (बहुविकल्पीय प्रश्न - एमसीक्यू आधारित) देने का विकल्प प्रदान किया गया है। इसके लिए विद्यर्थियों को 8 दिसंबर, 2021 तक लिखित रूप में परीक्षा के विकल्प का चयन करना होगा। इन परीक्षाओं का अधिमान (वेटेज) कुल मूल्यांकन का 25 प्रतिशत होगा। उल्लेखनीय है कि विश्ववद्यालय 15 दिसंबर से अपनी अंतिम सेमेस्टर परीक्षा आयोजित कर रहा है। इसके अलावा, परीक्षा केंद्रों में परीक्षा देने में असमर्थता जता रहे बाहरी राज्यों के विद्यार्थियों को राहत देते हुए विवि ने निर्णय लिया है कि दिल्ली, एनसीआर और हरियाणा को छोड़कर अन्य राज्यों से संबंधित सभी छात्रों और ऐसे छात्रों जो कोविड या क्वारेंटाइन हैं, के लिए परीक्षाएं बाद में आयोजित की जाएगी।ऐसे विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल न हो पाने की सूचना विवि की परीक्षा शाखा को संबंधित शिक्षण विभागों या संबद्ध कालेजों के माध्यम से 8 दिसंबर, 2021 तक लिखित रूप में देनी होगी।

# जरूरतमंद गरीबों को किया राशन वितरित

**फरीदाबाद।** बड़खल विधानसभा क्षेत्र की विधायक सीमा त्रिखा ने क्षेत्र की कल्याणपुरी व राहुल कॉलोनी में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्य योजना (पीएम-जीकेएवाई) के तहत सैकड़ों जरूरतमंद गरीबों को राशन का वितरण किया।

विधायक सीमा त्रिखा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले साल देश में कोविड-19 के अप्रत्याशित प्रकोप के कारण पैदा हुए आर्थिक व्यवधानों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में केंद्र सरकार ने मार्च 2020 में लगभग 80 करोड़ राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) लाभार्थियों को अतिरिक्त मुफ्त खाद्यान्न (चावल/गेहूं) के वितरण की घोषणा की थी। इन लाभार्थियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएम-जीकेएवाई) के तहत पांच किलोग्राम प्रति व्यक्ति प्रतिमाह की दर से खाद्यान्न दिया गया, जो इनकी नियमित मासिक एनएफएसए खाद्यान्नों यानी उनके राशन कार्ड पर नियमित पात्रता के अलावा है। इस प्रकार एनएफएसए परिवारों को सामान्य रूप से वितरित किए जाने वाले मासिक खाद्यान्न की मात्रा को प्रभावी रूप से दोगुना कर दिया गया है ताकि गरीब, जरूरतमंद और कमजोर वर्ग के परिवारों और लाभार्थियों को आर्थिक संकट के दौरान पर्याप्त खाद्यान्नों की कमी के कारण परेशानी न उठानी पड़े।

जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी विंशेल सेहरावत, सहायक खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी अंजू बाला, निरीक्षक हिमालय कौशिक एवं संदीप, सुरेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश ढींगड़ा, सुशील सेतिया, कपिल शर्मा, संजय महेंद्रू, संजय अरोड़ा, सुरेश, छक्कीराम, देवीलाल, मास्टर अयूब खान, सोनू मिश्रा, उदयभान मौजूद थे।

# गोल्डा मॉनीटाइजेशन पर गहन चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**अपनी** तरह के पहले लीडरशिप कार्यक्रम रुपीक फॉर इंडिया के पहले संस्करण में देश के सबसे सम्मानित, मशहूर विशेषज्ञ और परिवर्तन लाने वाली शख्सियतों ने इस मामले पर अपने विचारों को साझा किया कि कैसे ईकोसिस्टम, तकनीक का लाभ उठाकर भारत के 2 ट्रिलियन डॉलर के गोल्ड का मौद्रीकरण कर सकता है। साथ ही अरबों भारतीयों के लिए ऋण की समस्या की राह में आने वाली बाधाओं को दूर कर सकता है।

आरबीआई के पूर्व डिप्टी गवर्नर आर गांधी के विशेष मुख्य भाषण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई, जिसके बाद दुनिया की 100 सबसे शक्तिशाली महिलाओं में से एक और सेल्सफोर्स की चेयरपर्सन और सीईओ अरुंधति भट्टाचार्य और और रुपीक के संस्थापक और सीईओ सुमित मनियार के बीच चर्चा हुई, जिसमें सभी भारतीयों के लिए ऋण तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने के तरीकों और निवेश के रूप में गोल्ड (सोना) से जुड़ी धारणा में आए नाटकीय बदलाव की आवश्यकता पर विमर्श किया गया। इसके साथ ही, देश के सबसे तेजी से बढ़ते परिसंपत्ति समर्थित डिजिटल लेंडिंग प्लेटफॉर्म के रूप में रुपीक ने दर्शकों और उद्योग के हितधारकों को तकनीक आधारित उत्पाद पेशकशों के मामले में अपनी दूरदर्शिता की झलक दिखाई। डोरस्टेप गोल्ड लोन बाजार में उपलब्ध हैं और डिजी लॉकर और बाय नाउ पे लेटर (बीएनपीएल) जल्द ही लॉन्च होने जा रहे हैं। गोल्ड पावर्ड कार्ड और गोल्ड टेलर मशीन (जीटीएम) अभी प्रायोगिक चरण में हैं। ये उत्पाद भारतीय घरों से बेकार पड़े सोने की क्षमता का इस्तेमाल कर भारत की कर्ज चुनौतियों का समाधान करने के मामले में बेहद प्रासंगिक हैं और सोने के मुद्रीकरण, वित्तीय समावेशन को सक्षम करने और आर्थिक विकास को तेज करके यथास्थिति में बदलाव लाने के लिए तैयार हैं।

## अरबों भारतीयों के लिए विकास और ऋण की राह से बाधा दूर होगी

भारत के लिए रुपीक के पहले संस्करण और गोमोन प्रॉडक्ट्स के बारे में बताते हुए रुपीक के संस्थापक और सीईओ सुमित मनियार ने कहा, तकनीक और नवाचार भारत के गोल्डी मॉनीटाइजेशन के बुनियादी ढांचे के लिए दो जरूरी बुनियाद हैं। गोल्ड टेलर मशीन, डिजिलॉकर, गोल्ड पावर्ड क्रेडिट कार्ड और बाय नाउ पे लेटर उत्पाद एक साथ मिलकर सही मायने में वह नींव तैयार करने जा रहे हैं, जिस पर इस देश का गोल्ड मॉनीटाइज होने जा रहा है। रुपीक में, हम इस विजन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और हम इसे अधिक से अधिक ग्राहकों तक लाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। तकनीक-समर्थित उत्पादों के निवेश और विकास के महत्व पर जोर देते हुए टेक्नोलॉजी एंड प्रॉडक्ट के प्रमुख जापान दोषी ने कहा, गोल्ड लेंडिंग के मामले में दशकों तक कोई प्रॉडक्ट आधारित नवाचार नहीं हुआ है। इसके कारण इनमें से अधिकांश भारतीय बड़ी मात्रा में सोना रखने के बावजूद अपनी जरूरत के ऋण से वंचित हो गए हैं।

# महाराजा अग्रसेन सेवा ट्रस्ट द्वारा परिचय सम्मलेन का आयोजन

**फरीदाबाद।** महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट द्वारा नीलम-बाटा रोड पर स्थित वैश्य भवन में अपने तृतीय परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य वैश्य समाज के पढ़े-लिखे युवा ओर युवतियों के लिए वैवाहिक रिश्तों का मिलन करवाना है।

संस्था के तृतीय परिचय सम्मेलन कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पूर्व उद्योग मंत्री विपुल गोयल ने शिरकत की। इस मौके पर विपुल गोयल ने संस्था के फाउंडर चेयरमैन केदार नाथ अग्रवाल को संस्था द्वारा किये जा रहे नेक कार्यों के लिए बधाई दी। विपुल गोयल ने अपने सम्बोधन में आगे कहा कि आज परिवार छोटे हो गये है ओर काम में भागदौड़ की वजह ओर समय के अभाव के कारण से कोई रिश्तों को जोडने् के लिए बिचोलिया नही बनता, ऐसे में इस तरह संस्था द्वारा रिश्ते तय कराना एक उचित ओर सराहनीय पहल है।

# 134ए के तहत परीक्षा के लिए प्रशासन तैयार

## आज रविवार को होगी परीक्षा, 12 को आ सकता है परिणाम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**उपायुक्त** जितेन्द्र यादव ने बताया कि जिला में सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार नियम 134ए के तहत परीक्षा रविवार को होगी। इसके लिए शिक्षा विभाग पूरी तैयारी कर ली गई है। जिला शिक्षा अधिकारी ऋतु चौधरी ने बताया कि जिला में आठ परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन के दौरान मिले रजिस्ट्रेशन नंबर को ही रोल नंबर माना जाएगा। परीक्षा परिणाम का मैसेज 12 दिसंबर होने की सम्भावना जताई जा रही है।

बल्लभगढ़ के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बल्लभगढ़ में दूसरी से पांचवीं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेक्टर-3 में छठी से नौवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों की परीक्षा होगी। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय एन आईटी -3 में तीसरी, राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चौथी, राजकीय ब्वाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चौथी, राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-5 में आठवीं व नौवीं, राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राजकीय ब्वाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-5 में छटी व सातवीं, राजकीय गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी -1 मट्रो में दूसरी और राजकीय ब्वाज सीनियर सेकेंडरी स्कूल तिकोना पार्क में से पांचवी कक्षा तक के विद्यार्थियों की परीक्षा होगी।


उपायुक्त जितेंद्र यादव।

परीक्षा के लिए आवेदकों के रोल नंबर आवेदन के दौरान मिले रजिस्ट्रेशन नंबर को ही माना जाएगा। रोल नंबर अलग से जारी नहीं किए जाएंगे। परीक्षा केंद्र के अलाटमेंट की सूची को गुरुवार को बीईओ कार्यालय में लगाया जाएगा। सीटिग प्लान को परीक्षा केंद्र के समय ही बताया जाएगा। परीक्षा केवल उन्हीं विद्यार्थियों की होगी जिन्होंने प्राइवेट स्कूल से अपनी पिछली कक्षा पूरी की है। सरकारी स्कूल से अपनी पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों के लिए कोई परीक्षा नहीं होगी। ऐसे विद्यार्थियों को पिछली कक्षा में प्राप्त अंकों पर आवंटन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 11वीं कक्षा में दाखिला दसवीं के परीक्षा परिणाम के आधार पर होगा। अगर विद्यार्थियों को स्कूल आवंटित किया जाता है। इस बार नियम 134ए के तहत स्कूलों की खाली सीटों के लिए बहुत ही कम आवेदन आए हैं। कुल सीटों के आधे आवेदन भी इस बार नहीं आए। अभिभावकों में भी नियम 134ए के तहत कोई उत्साह नहीं है।

# जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें विद्यार्थी : उपायुक्त

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करें। उन्होंने कहा कि मेहनत के बल पर बड़े से बड़े लक्ष्य को भी हासिल किया जा सकता है। उपायुक्त जितेंद्र यादव शनिवार को बाल भवन में हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद फरीदाबाद द्वारा आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद फरीदाबाद ने एक सराहनीय कार्य किया है और वो इसके लिए बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर राज्य स्तर पर हुई प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को सर्टिफिकेट और उपहार देकर सम्मानित किया गया। इस समारोह का शुभारंभ फरीदाबाद की प्रथम महिला एवं जिला बाल कल्याण परिषद फरीदाबाद की अध्यक्ष अंजुबाला ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर बहुत से अध्यापकों और गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

# संगठन महामंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पढ़ाया पाठ

**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी फरीदाबाद जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा के नेतृत्व में जिला पदाधिकारियों और मोर्चे के जिला अध्यक्षों के साथ भाजपा की संगठनात्मक बैठक सपन्न हुई।

बैठक में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन महामंत्री रवीन्द्र राजू, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मेहरचंद गहलोत, बड़खल से विधायक सीमा त्रिखा, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल व आरएन सिंह मुख्य तौर पर उपस्थित रहे। प्रदेश संगठन महामंत्री रवीन्द्र राजू ने पदाधिकारियों के साथ फरीदाबाद की सभी विधानसभाओं में त्रिदेव सम्मलेन, जिला पदाधिकारियों का प्रशिक्षण, संगठन विस्तार, मोर्चो की कार्य समिति की बैठक, संगठन की कार्य पद्धति आदि संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत चर्चा की। रविन्द्र राजू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा विश्व का सर्वश्रेष्ठ लोकतांत्रिक, राजनीतिक संगठन है जिसके कारण देश और प्रदेश में हम सत्ता में हैं और यह भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ताओं के कारण मुमकिन हुआ है। कार्यकर्ताओं को सम्पर्क और संवाद के जरिए संगठन को मजबूत करने का कार्य करना है। उन्होंने कहा कि संगठन की मोर्चाबंदी को मजबूत रखें और अपनी सकारात्मक कार्य पद्धति से संगठन को आगे बढ़ाने का कार्य करें। महीने के आखिरी रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को भाजपा के सभी कार्यकर्ता प्रत्येक बूथ पर सुने और हर बूथ पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सुनाएं। बैठक में फरीदाबाद की सभी विधानसभाओं में त्रिदेव सम्मलेन और जिला पदाधिकारियों के प्रशिक्षण के आयोजन के लिए विस्तृत चर्चा कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष मान सिंह, अनिल नागर, पंकज रामपाल, लखमी चन्द भारद्वाज, संजीव भाटी, जिला सचिव हरेन्द्र भडाना, मुकेश अग्रवाल, रविन्द्र त्यागी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## कोरोना: जिले में एक पॉजिटिव, 10922 को टीका


सर्कस में लोगों को टीका लगाती स्वास्थ्य कर्मी।

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना के मामलों में कमी लाने के लिए वैक्सीनेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी कड़ी में जहां लगातार जगह-जगह कैम्प लगाए जा रहे है। वहीं दूसरी तरफ अब बाजारों और अन्य स्थानों पर कैम्प लगाए जा रहे हैं। दशहरा ग्राउंड एनआईटी में लगे सर्कस में भी टीकाकरण कैम्प लगाया गया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने कोरोना से बचाव की डोज लगवाई। शनिवार को जिले में 10922 लोगों को कोरोना से बचाव का टीका लगाया गया। जिसमें 18 प्लस आयुवर्ग में सरकारी में 1967 को और निजी में 47 लोगों को प्रथम डोज लगाई गई। वहीं सैकेंड डोज सरकारी में 6907 को और 194 लोगों को निजी अस्पताल में डोज लगाई गई। 45 प्लस आयुवर्ग में सरकारी में 299 लोगों को लगी। सैकेंड डोज 1270 को सरकारी में और 4 को निजी अस्पतालों में लगाई गई।। 60 प्लस आयुवर्ग में प्रथम डोज 34 को और निजी में दो लोगों ने डोज लगवाई। सैकेंड डोज 192 लोगों ने सरकारी में और 6 लोगों ने निजी अस्पताल में लगवाई। वहीं जिले में कोरोना का एक नया मामला सामने आया है। वहीं चार मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली है। जिससे जिले में कोरोना के एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 28 पर पहुंच गया है। जिले में रिकवरी रेट 99.25 प्रतिशत पर पहुंच गया है। वहीं जिले में अब तक पॉजिटिव केसों की संख्या का आंकड़ा 99962 पर पहुंच गया है। अब तक 717 की मौत हो चुकी है तो 99217 मरीज पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं।

## ज्यादा से ज्यादा लोगों को वैक्सीन लगवाना उद्देश्य

**फरीदाबाद।** जिला रेडक्रॉस सोसाइटी, जय सेवा फाउंडेशन, रामा कृष्णा फाउंडेशन (रजि) व स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ इंडियन ऑयल डेवलपमेंट सेंटर प्लॉट सेक्टर 67 फरीदाबाद में कोविड-19 वैक्सीन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जय सेवा फाउंडेशन के संरक्षक गंगा शंकर मिश्र कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार उपस्थित थे। गंगा शंकर मिश्र ने बताया कि जिला उपायुक्त जितेंद्र यादव का उद्देश्य है बगैर वैक्सीन के हमारे शहर में यदि व्यक्ति ना रह जाए इसी को ध्यान में रखते हुए! सभी सामाजिक संगठनों, एवं स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से टीकाकरण की मुहिम बहुत ही सुंदर तरीके से जोर शोर से चलाई जा रही है। प्रत्येक दिन हजारों की तादाद में लोगों को वैक्सीन लगाई जा रही है। जिला प्रशासन के द्वारा बहुत ही शानदार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके लिए मैं सभी को धन्यवाद प्रेषित करता हूं। रेडक्रॉस सेक्रेटरी विकास कुमार ने बताया कि दूरदराज इलाकों में जाकर लोगों को व्यक्ति लगाई जा रही है। हम सभी का केवल एक ही लक्ष्य है अंतिम छोर तक लोगों को इसका लाभ मिल सके। जिसके लिए सामाजिक संगठन भी हमें भरपूर सहयोग कर रहे हैं।

## तेरापंथ महिला मंडल ने दिव्यांग बच्चों को दी मदद


सेक्टर 14 स्थित मंदबुद्धि विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के साथ तेरापंथ महिला मंडल की सदस्य।

**फरीदाबाद।** विश्व दिव्यांग जन दिवस तीन दिसंबर को तेरापंथ महिला मंडल की सदस्यों ने सेक्टर 14 स्थित मंदबुद्धि विद्यालय जाकर दिव्यांग बच्चों का हौसला बढ़ाया और बच्चों द्वारा प्रस्तुत खेल प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को उपहार देकर उन्हें प्रोत्साहित किया। बच्चों को ड्राइंग बुक, कलर, स्टेशनरी और पौष्टिक मेवा वितरित की। बच्चों की देखरेख और पढ़ाई कराने वाली टीचर्स को भी उपहार देकर सम्मानित किया। दो बच्चों की चार महीने की फीस के रूप में 12 हजार रुपये भी महिला मंडल ने दिए। संरक्षक दुर्गादेवी लालानी, परामर्शक प्रेमलता गोलछा, कमला लुनिया, निवर्तमान अध्यक्षा सुनीता नाहटा, अध्यक्ष सुमंगला बोरड़ मंत्री चंदा दुगड़ सहित 21 बहनों, राजस्थान एसोसिएशन के अध्यक्ष एमएस लढा, गुलाब, मनोज मौजूद रहे। स्कूल की प्रिंसीपल वंदना मैडम ने तेरापंथ महिला मंडल के प्रति आभार व्यक्त किया।

## नौसेना और नौसैनिकों पर भारत को गर्व


एनएच तीन के सरकारी स्कूल में नौसेना दिवस के अवसर पर पेंटिंग बनाती छात्रा।

**फरीदाबाद।** एनएच- तीन स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में नौसेना दिवस पर जूनियर रेडक्रॉस, गाइड्स और सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड द्वारा वर्चुअल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में विजय प्राप्त करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और वीरता की स्मृति के प्रतीक में यह दिवस मनाया जाता है। ऑपरेशन ट्राइडेंट के अंतर्गत चार दिसंबर 1971 को भारतीय नौसेना ने पाकिस्तान के कराची नौसैनिक अड्डे पर हमला किया था। ऑपरेशन की सफलता को ध्यान में रखते हुए चार दिसंबर नौसेना दिवस मनाया जाता है। भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो विश्व के सब से अच्छे कमांडो में सम्मिलित हैं, जिन्होंने मुंबई में होटल ताज में घुसे आतंकवादियों को मृत्य के मुख तक पहुंचाने के लिए एनएसजी कमांडो के साथ मिलकर प्रमुख भूमिका निभाई थी। मार्कोस कमांडो ने 1988 में भारतीय जलक्षेत्र में अपहृत जहाज में मालदीव के तत्कालीन शिक्षामंत्री सहित बहुत से बंधकों की जान बचाकर ऑपरेशन कैक्टस सफलता तक पहुंचाया था। हिंद महासागर क्षेत्र में अपनी स्थिति में सुधार के लिए आधुनिक भारतीय नौसेना का तेजी से नवीनीकरण किया है। भारतीय नौसेना में 67,000 से अधिक कर्मी और लगभग 150 जहाज और पनडुब्बियां शामिल हैं। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा और कोआर्डिनेटर गणित प्राध्यापिका डॉक्टर जसनीत, छात्रा प्रीति, सिया ने भारतीय नौसेना, नौसैनिकों के अदम्य शौर्य, साहस के लिए और अनवरत भारतमाता की सेवा के लिए कृतज्ञता व्यक्त करते हुए बारंबार नमन किया।

## डीएवी कॉलेज ने निकाली स्वच्छता रैली


फरीदाबाद को स्वच्छ बनाने के लिए आयोजित जागरूक रैली निकालते डीएवी के विद्यार्थी।

**फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं यूथ रेड क्रॉस, राष्ट्रीय सेवा योजना, तथा राष्ट्रीय कैडेट कोर के छात्र छात्राओं ने 4 दिसंबर को एनएच तीन नंबर, एनआईटी, क्षेत्र में एक स्वच्छता रैली निकाली और क्षेत्र के लोगों को एक स्वच्छ फरीदाबाद बनाने की दिशा में आगाह करने का प्रयास किया। यह रैली एमसीएफ कमिश्नर फरीदाबाद के तत्वाधान से निकाली गई और कॉलज की प्राचार्या डॉ सविता भगत ने इस कार्यक्रम को हरी झंडी दिखा कर कॉलेज गेट से इस रैली का शुभारंभ किया और सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को ठोस कचरा प्रबंधन की अहमियत याद दिलाई और साथ ही यह भी बताया कि ठोस कचरा या सभी तरह के अवशिष्ट पदार्थ को स्त्रोत के स्तर पर ही सुनियोजित तरीके से इकट्ठा करना बहुत ज़रूरी है। नागरिकों की भागीदारी से ही हम सभी इस समस्या से निजात पा सकते हैं। महाविद्यालय के डीएसडब्लू डॉ नरेंद्र कुमार भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। रैली के आयोजन में मुख्य तौर पर महाविद्यालय यूथ रेडक्रॉस यूनिट के इंचार्ज डॉ नीरज सिंह, राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रोग्राम अफसर डॉ जितेंद्र ढुल एवं कविता शर्मा, राष्ट्रीय कैडेट कोर से कैप्टेन सुनीता डुडेजा तथा महाविद्यालय के एस्टेट अफसर अशोक मंगला का विशेष योगदान रहा। रैली में प्राध्यापकों में अ.प्रो. नीरज मलिक, तथा अ.प्रो. सारिका भी शामिल रहे।

# मप्र में पेसा अधिनियम लागू: चौहान

**भाषा। इंदौर**

● आदिवासी बहुल इलाकों में ग्राम सभाओं को मिलेंगे ज्यादा अधिकार

**मध्य प्रदेश** के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य के अनुसूचित क्षेत्रों में शनिवार से पेसा अधिनियम लागू होने की अहम घोषणा करते हुए मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधा और पूछा कि उसने अपने राज के दौरान आदिवासी बहुल इलाकों में इस कानून को अमल में लाने के लिए कौन-सा कदम उठाया था?

चौहान ने जनजातीय क्रांतिकारी टंट्या भील के बलिदान दिवस पर इंदौर के नेहरू स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासियों की मौजूदगी में पेसा अधिनियम लागू किए जाने की अधिसूचना पढ़ी और कहा, पिछले कई वर्षों से पेसा अधिनियम लागू किए जाने की मांग हो रही थी। हमने आज से राज्य में यह अधिनियम लागू कर दिया है। उन्होंने कहा कि पेसा अधिनियम लागू होने से आदिवासियों की बड़ी आबादी वाले अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाएं सशक्त होंगी और उन्हें ज्यादा अधिकार मिलेंगे जिससे इन इलाकों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस नेताओं की ओर साफ इशारा करते हुए कहा, हमें पानी पी-पीकर कोसने वाले लोग बताएं कि उन्होंने अपने शासनकाल के दौरान राज्य में पेसा अधिनियम लागू करने के लिए क्या किया था? गौरतलब है कि 1996 के दौरान वजूद में आया पंचायतों के प्रावधान (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम (पेसा) अनुसूचित क्षेत्रों में बसे आदिवासियों को स्थानीय स्वशासन के अधिकार भी प्रदान करता है। चौहान ने कार्यक्रम में यह घोषणा भी की कि आदिवासियों पर मामूली प्रावधानों के तहत दर्ज आपराधिक मामले वापस लिए जाएंगे और इस समुदाय के पात्र लोगों को जमीन के सरकारी पट्टे देने का अभियान जारी रहेगा। इसके साथ ही,पट्टे की जमीन पर घर बनाने के लिए आदिवासियों को राज्य सरकार द्वारा मुफ्त रेत भी प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह 'शराब जैसी बुराई का नाश' और 'नशा मुक्ति' चाहते हैं। लेकिन फिलहाल ऐसा किया जाना व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। आदिवासी रीति-रिवाजों में देशी शराब के उपयोग को रेखांकित करते हुए चौहान ने कहा कि राज्य की आगामी आबकारी नीति में जनजातीय समुदाय के लोगों को परंपरागत शराब बनाने का अधिकार दिया जाएगा और इसे 'विरासत मदिरा' के रूप में शराब की दुकानों पर बेचने की अनुमति भी दी जाएगी। उन्होंने कहा, बड़े-बड़े लोग शराब कारखाने चलाएं और गरीब आदिवासियों को परंपरागत शराब बनाने पर गिरफ्तार कर लिया जाए, ऐसा नहीं होगा। कार्यक्रम को राज्य के राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने भी संबोधित किया। इससे पहले, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने इंदौर से करीब 35 किलोमीटर दूर पातालपानी में आयोजित अन्य कार्यक्रम में टंट्या भील की अष्टधातु की प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि लम्बे समय तक देश की सत्ता में रही इस पार्टी ने टंट्या भील सरीखे आदिवासी शहीदों का योगदान भुलाकर केवल नेहरू-गांधी परिवार को महिमामंडित किया। जानकारों का कहना है कि अंग्रेजों ने टंट्या भील को चार दिसंबर 1889 को राजद्रोह के जुर्म में जबलपुर के जेल में फांसी दी थी। माना जाता है कि पातालपानी में टंट्या भील का अंतिम संस्कार किया गया था।



# बसपा ने मप्र के सीधी जिले में नेताओं, कार्यकर्ताओं की सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल का गठन किया

**भाषा। सीधी (मप्र)**

**बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) ने आरोप लगाया कि पार्टी नेताओं को सुरक्षा पाने में भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है और पार्टी ने अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं की सुरक्षा के लिए अपना एक सुरक्षा बल का गठन किया है। मध्य प्रदेश के सीधी जिले के बसपा पदाधिकारी ने शनिवार को यह बात कही।

बसपा के सीधी जोन के प्रभारी राम खिलाड़ी रजक ने कहा कि पार्टी के इस सुरक्षा बल को मंजूरी देने के लिए पुलिस से अनुमति मांगी गई है। हालांकि पुलिस ने कहा कि इस तरह की व्यवस्था की कोई कानूनी वैधता नहीं है। रजक ने कहा, इस सुरक्षा बल को बसपा कार्यकर्ताओं और नेताओं की सुरक्षा का काम सौंपा जाएगा क्योंकि उनका उत्पीड़न किया जाता है और उनकी सुरक्षा की अनदेखी की जाती है। उन्होंने कहा कि बसपा प्रमुख मायावती द्वारा दिए निर्देश और मध्य प्रदेश में पार्टी के भोपाल स्थित कार्यालय से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुसार सुरक्षा दल का गठन किया गया है। उन्होंने कहा, हम उत्पीड़ित हैं और अपने नेताओं को सुरक्षा दिलाने में भेदभाव का सामना कर रहे हैं, इसलिए हमने इस सुरक्षा बल का गठन कर सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। उन्होंने कहा कि 16 सदस्ईय इस बल में तीन इंस्पेक्टर, चार सब इंस्पेक्टर और नौ कांस्टेबल शामिल हैं। सोशल मीडिया में वायरल हुए एक वीडियो में नेम प्लेट के साथ सफेद शर्ट और नीली पैंट पहने बसपा के सुरक्षा दस्ते के तीन सदस्य दिखाई दे रहे हैं। उनके कंधों पर रैंक के अनुसार सितारों के साथ नीली धारियों वाली पट्टी लगी दिखाई दे रही है। यह वीडियो तब शूट किया गया जब वे शुक्रवार को सीधी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय में गए थे। इस बीच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अंजुलता पटले ने पुष्टि की कि बसपा नेताओं ने पुलिस को ऐसे सुरक्षा बल के बारे में सूचित किया है।

## कांग्रेस और संप्रग के बाहर की पार्टियों को मिलाकर विपक्ष को एकजुट करने की जरूरत: मलिक

**नागपुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मुख्य प्रवक्ता नवाब मलिक ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस के बिना कोई संयुक्त विपक्ष नहीं हो सकता, लेकिन संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के बाहर की पार्टियों को भी ऐसे गठबंधन का हिस्सा होना चाहिए। इस सप्ताह मुंबई में अपने दौरे के दौरान तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने कहा था कि अब कोई संप्रग नहीं है। बनर्जी ने इसके अलावा कांग्रेस नेतृत्व पर भी सवाल खड़ा किया था। मलिक ने यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने यह साफ कर दिया है कि कांग्रेस के बिना विपक्षी एकता नहीं हो सकती। मंत्री ने कहा कि इसके साथ ही विपक्ष के लगभग 150 लोकसभा सदस्य हैं, जो संप्रग के सदस्य नहीं हैं। उन्होंने कहा, हमें विपक्ष को साथ लाना है। शरद पवार इस पर काम करने के लिए तैयार हैं। भाजपा के खिलाफ विपक्षी गठबंधन का कौन नेतृत्व करेगा इस सवाल पर मलिक ने कहा कि पवार ने साफ-साफ कहा था कि सामूहिक नेतृत्व होगा।

## वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों से कोविड उपयुक्त व्यवहार का पालन करने की अपील

**जम्मू।** कोविड-19 के बढ़ते मामलों और इसके नए स्वरूप ओमीक्रोन पर चिंता के बीच, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड (एसएमवीडीएसबी) ने शनिवार को भक्तों से सख्ती के साथ कोविड-19 दिशानिर्देशों का पालन करने की अपील की। रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित पवित्र मंदिर में हर दिन देश भर से हजारों तीर्थयात्री आते हैं। एसएमवीडीएसबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रमेश कुमार ने श्रद्धालुओं से 72 घंटे से भी कम समय पहले प्राप्त आरटी-पीसीआर रिपोर्ट साथ लाने की अपील की है। बोर्ड के एक प्रवक्ता ने बताया कि मास्क अनिवार्य हैं, और प्रवेश बिंदुओं पर श्रद्धालुओं के शरीर का तापमान की भी जांच की जाती है। प्रवक्ता ने बताया कि बोर्ड तीर्थयात्रियों, कर्मचारियों और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपने परिसर को भी सेनिटाइज कर रहा है।

## लोग पहले ही गोवा को कसीनो राजधानी का तमगा दे चुके हैं: केंद्रीय मंत्री

**भाषा। पणजी**

**केंद्रीय** पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने शनिवार को कहा कि गोवा को लोग पहले ही कसीनो राजधानी का तमगा दे चुके हैं। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, लोग पहले ही गोवा को कसीनो राजधानी का तमगा दे चुके हैं। हमें (सरकार) यह देने की जरूरत नहीं है। जनता पहले ही इसकी घोषणा कर चुकी है। रेड्डी यहां तटीय राज्य के लिए विभिन्न पर्यटन प्रोत्साहन पहलों की घोषणा करने आए थे। केंद्रीय मंत्री श्रीपद नाइक भी इस अवसर पर मौजूद थे। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार द्वारा गोवा को भारत की कसीनो राजधानी के रूप में घोषित किया जाएगा, उन्होंने कहा, जनता यहां (कसीनो के लिए) है। वे या तो यहां हैं या सिक्किम में (दोनों जगह जहां कसीनो की अनुमति है)। मंत्री ने कहा, अगर गोवा को कसीनो राजधानी के रूप में घोषित करके लाभ मिलता है, तो हम निश्चित रूप से ऐसा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि महामारी ने राज्य में पर्यटन क्षेत्र को प्रभावित किया है, जो अब फिर से सुधर रहा है क्योंकि घरेलू यात्रियों ने देश भर में जाना शुरू कर दिया है। मंत्री ने कहा, घरेलू पर्यटन का मौसम जोर पकड़ रहा है, लेकिन अब तीसरी लहर को लेकर आशंकाएं हैं। मैं लोगों से देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का दौरा करते समय सभी आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन करने की अपील करता हूं। गोवा के बारे में उन्होंने कहा, आने वाले दिनों में क्रूज पर्यटन एक बड़ा क्षेत्र बन जाएगा जिसे सागरमाला परियोजना के तहत मिशन मोड पर ले जाया जाएगा। रेड्डी ने कहा कि केंद्रीय पर्यटन और जहाजरानी मंत्रालय गोवा में पर्यटन के विकास पर कार्ययोजना तैयार करने के लिए अगले सप्ताह बैठक करेंगे।

## विवादित ढांचा विध्वंस की 29वीं बरसी पर जगह-जगह सुरक्षा घेरा

**कोयंबटूर।** उत्तर प्रदेश के आयोध्या में विवादित ढांचा गिराए जाने की 29वीं बरसी के मौके पर छह दिसंबर को किसी भी तरह की घटना को टालने के लिए शहर और उसके आसपास शनिवार दोपहर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। पुलिस ने बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वॉड की मदद से रेलवे स्टेशनों, एयरपोर्ट और सार्वजनिक स्थानों पर यात्रियों की तलाशी शुरू कर दी है। रेलवे पुलिस ने भी रेल लाइनों की जांच की। संवेदनशील इलाकों और शहर के पूजा स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। पुलिस ने कहा कि इसी तरह की जांच ग्रामीण क्षेत्रों में भी की जा रही है। पुलिस का अनुमान है कि अयोध्या पर उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद हिंदू संगठन शौर्य दिवस (बहादुरी दिवस) नहीं मनाएंगे, जैसा कि उन्होंने पिछले साल तक किया था। उन्होंने कहा कि मुस्लिम संगठन और पार्टियां यम-ए-गम (दुख का दिन) मनाएंगे और जुलूस निकालेंगे तथा चुनिंदा स्थानों पर प्रदर्शन करेंगे उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के सीमावर्ती इलाकों में वाहनों की जांच तेज की जा रही है।



आगरा में ओमीक्रोन की चिंता को लेकर ताजमहल के परिसर में सनटाइजेशन करता सफाई कार्यकर्ता

## बिना जोखिम वाले देशों से बेंगलुरु पहुंचने पर दो प्रतिशत यात्रियों को औचक कोविड जांच से गुजरना होगा

**भाषा। बेंगलुरू**

**कर्नाटक** के बेंगलुरु स्थित केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) ने शनिवार को कहा कि कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के बाद नए नियमों के अनुसार बिना जोखिम वाले देशों से पहुंचने वाले दो प्रतिशत लोगों को औचक कोविड जांच से गुजरना होगा।

हवाई अड्डे का प्रबंधन देखने वाली कंपनी बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (बीआईएएल) ने एक ट्वीट में कहा, अंतरराष्ट्रीय यात्रा दिशानिर्देशों के अनुसार, जो देश जोखिम वाले देशों की सूची में शामिल नहीं हैं, वहां से आने वाले यात्रियों में से दो प्रतिशत को आगमन पर हवाई अड्डे पर औचक (कोविड) परीक्षण से गुजरना होगा। ओमीक्रोन से दुनियाभर में चिंता के बीच भारत सरकार ने 30 नवंबर को कुछ नए दिशानिर्देश जारी किए थे, जिनमें कहा गया है कि जोखिम सूची से बाहर के देशों के यात्रियों को हवाई अड्डे से बाहर जाने की अनुमति दी जाएगी और आगमन के बाद उन्हें 14 दिन के लिए अपने स्वास्थ्य की स्वयं निगरानी करनी होगी। इनमें कहा गया है कि ऐसे हवाई यात्रियों में से कुछ या दो प्रतिशत को आगमन के बाद हवाई अड्डे पर औचक कोविड जांच से गुजरना होगा। निर्देशों के अनुसार, प्रत्एक उड़ान में ऐसे यात्रियों में से दो प्रतिशत की पहचान संबंधित एअरलाइन द्वारा की जानी चाहिए और ऐसे यात्रियों को आगमन पर परीक्षण क्षेत्र में एअरलाइन या नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा ले जाया जाना चाहिए। केंद्र सरकार के आदेश में कहा गया है कि जोखिम श्रेणी में शामिल देशों से आने वाले यात्रियों को एअरलाइन द्वारा सूचित किया जाना चाहिए कि उन्हें पहुंचने पर जांच करानी होगी और संक्रमित पाए जाने के बाद कड़े पृथक-वास प्रोटोकॉल से गुजरना होगा।

## राजस्थान: पंचायत समिति सदस्यों के लिए 1,946 उम्मीदवार चुनावी मैदान में

**जयपुर।** राज्य के चार जिलों में पंचायत समिति सदस्यों के लिए 1946 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। राज्य के चुनाव आयुक्त प्रेम सिंह मेहरा ने बताया बारां, कोटा, श्रीगंगानगर और करौली जिले में जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए होने वाले चुनाव में नामांकन पत्रों की संवीक्षा और नाम वापसी के बाद कुल 2,251 उम्मीदवार चुनावी मैदान में रह गए हैं। इनमें से 1946 उम्मीदवार पंचायत समिति सदस्यों के लिए जबकि 305 उम्मीदवार जिला परिषद सदस्यों के लिए चुनाव लड़ेंगे।

मेहरा ने बताया कि 106 जिला परिषद सदस्यों में तीन और 568 पंचायत समिति सदस्यों में से छह सदस्यों को निर्विरोध चुन लिया गया है। इस तरह अब 103 जिला परिषद सदस्य और 562 पंचायत समिति सदस्यों के लिए चुनाव होगा। उन्होंने बताया कि नाम वापसी के साथ ही चुनाव प्रतीकों का आवंटन एवं चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन कर दिया गया है।

# राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने जनता का विश्वास खोया: पूनियां

**भाषा। जयपुर**

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां ने शनिवार को कहा कि राज्य की मौजूदा कांग्रेस सरकार अपने चुनावी वादों पर खरा नहीं उतरी है और जनता का विश्वास खो चुकी है। पूनियां ने साथ ही विश्वास जताया कि राज्य में 2023 में अगली सरकार भाजपा की बनेगी। पूनियां शनिवार को पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक यहां शुरू हुई।

बैठक में पूनियां ने कहा, राजस्थान भाजपा कार्यकर्ताओं के दिन-रात मेहनत करने के बावजूद और हमारी सरकारों द्वारा जनहित के कार्य करने के बावजूद राजस्थान में एक बार भाजपा और एक बार कांग्रेस का सिलसिला चला आ रहा है। मैं आप सब कार्यकर्ताओं से आह्वान करता हूँ कि राजस्थान को कांग्रेस मुक्त राजस्थान बनाएं और भाजपा को राजस्थान में अजय भाजपा बनाने का संकल्प आज लें। उन्होंने कहा, हम सब मिलकर 2023 के विजय संकल्प को पूरा करेंगे और उसके बाद हर बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बने इसके लिए कार्य करेंगे। राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए पूनियां ने कहा, राज्य की कांग्रेस सरकार पूर्ण रूप से जनता में अपना विश्वास खो चुकी है। कांग्रेस ने 2018 में अपने घोषणापत्र में 10 दिन में किसानों का सम्पूर्ण कर्जा माफ करने, बेरोजगार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देन व बिजली की दरों में किसी प्रकार की बढ़ोतरी नहीं करने का वादा किया था लेकिन राज्य की अशोक गहलोत सरकार इन सब वादों से मुकर चुकी है। इसके चलते जनता में कांग्रेस सरकार के विरूद्ध भारी आक्रोश है।

बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्ताव में भी कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा गया है, राज्य की जनता दहशत में है, अपराधियों के हौसले बुलंद हैं, सरकार का इकबाल खत्म है, प्रदेश की जनता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही है, दूसरी तरफ आंतरिक संघर्ष से जूझ रही व सत्ता के मद में चूर कांग्रेस सरकार बेपरवाह होकर भ्रष्टाचार के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। पूनियां ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ही दुनिया की एकमात्र पार्टी है जिसमें लोकतंत्र पूर्ण रूप से बसता है। उन्होंने कहा, भाजपा के अलावा आज देश की सभी पार्टियां किसी न किसी परिवार की पार्टी कहलाती है मगर भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिसमें अटल बिहारी वाजपेई, लालकृष्ण आडवाणी जैसे सामान्य कार्यकर्ता देश के शीर्ष पदों को सुशोभित करते हैं। नरेंद्र मोदी जैसा चाय बेचने वाला कार्यकर्ता देश का प्रधानमंत्री बनकर दुनिया का सबसे शक्तिशाली नेता बनने का गौरव हासिल कर सकता है।

## पुलिसकर्मी पशु तस्करों से घूस लेते हैं और सो जाते हैं: कर्नाटक गृहमंत्री

**भाषा। बेंगलुरु**

**कर्नाटक** के गृहमंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने पुलिस के एक वर्ग पर निशाना साधते हुए कहा है कि ए (पुलिसकर्मी) पशु तस्करों से रिश्वत लेते हैं और उन्हें बेझिझक तस्करी करने की छूट देते हैं। वायरल हुए एक वीडियो क्लिप में, ज्ञानेंद्र को कथित तौर पर मवेशियों, विशेषकर गायों की चोरी और तस्करी को रोकने में विफल रहने के लिए एक पुलिस अधिकारी पर फोन पर चिल्लाते हुए देखा जा सकता है। ज्ञानेन्द्र को वीडियो में यह कहते हुए सुना गया है, मवेशियों को लाने-ले जाने वाले आदतन अपराधी हैं। आपके अधिकारी यह जानते हैं, लेकिन फिर भी वे घूस लेते हैं और कुत्तों की तरह सो जाते हैं। आपकी पुलिस को आत्मसम्मान की आवश्यकता है।

उन्हें यह भी कहते हुए सुना जा सकता है, मैंने अब तक कुछ नहीं कहा था, लेकिन क्या मुझे गृह मंत्री के रूप में बने रहना चाहिए या नहीं? उन्होंने दावा किया है कि चिक्कमगलुरु और शिवमोगा जिलों में मवेशियों की तस्करी चल रही है। वीडियो के अनुसार ज्ञानेन्द्र ने कहा, "आज पूरा पुलिस बल सड़ा हुआ है। हम वेतन दे रहे हैं लेकिन कोई भी केवल वेतन पर नहीं रहना चाहता। वे रिश्वत पर रहना चाहते हैं। मंत्री ने बाद में स्पष्ट किया कि उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को नहीं, बल्कि पुलिस के एक वर्ग के बारे में ऐसा कहा है। हालांकि, उन्होंने कहा कि शिवमोगा जिले के तीर्थल्ली तालुक स्थित उनके गांव में, पशु तस्करों ने पशु अधिकारों की रक्षा में जुटे दो कार्यकर्ताओं को अपने वाहन से उस वक्त कुचलने का प्रयास किया जब उन्हें रोकने की कोशिश की गई। ज्ञानेंद्र ने कहा, उनकी (पशु अधिकार कार्यकर्ताओं की) हालत इतनी गंभीर थी कि मैंने उन्हें बेंगलुरु के मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया। मुझे बहुत दुख हुआ। यह एक अमानवीय कृत्य है।



जम्मू में कोविड-19 कंटेनमेंट जोन घोषित होने के बाद एक आवासीय क्षेत्र को सील करते सुरक्षा कर्मी

## केरल के स्कूलों के 1495 शिक्षकों का टीकाकरण अब भी बाकी: शिक्षा मंत्री

**तिरूवनंतपुरम।** केरल में सरकारी स्कूल के 1707 शैक्षिक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी हैं जिनका अब तक टीकाकरण नहीं हुआ है। प्रदेश सरकार के शिक्षा मंत्री वी शिवांकुट्टी ने इसकी जानकारी दी। शिवांकुट्टी ने बताया कि इसमें 1495 शिक्षक हैं जबकि 212 शिक्षकेत्तर कर्मचारी हैं। मंत्री ने कहा, लोअर प्राइमरी, अपर प्राइमरी एवं हाई स्कूल खंड में कुल 1066 शिक्षक हैं और 189 शिक्षकेत्तर कर्मचारी हैं। उच्चतर माध्यमिक खंड में 200 शिक्षक और 23 गैर-शिक्षण कर्मचारी हैं, जिन्होंने अब तक टीका नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि व्यावसायिक उच्च माध्यमिक खंड में 229 शिक्षक ऐसे हैं जिन्होंने अब तक टीका नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि जिन स्कूल कर्मचारियों ने टीका नहीं लिया है उन्हें हर हफ्ते आरटीपीसीआर रिपोर्ट देनी होगी। महामारी के कारण डेढ़ साल से अधिक समय तक बंद रहने के बाद राज्य में एक नवंबर से स्कूल फिर से खोल दिए गए हैं।

## हैदराबाद का आईएएमसी जल्द ही विदेशों के प्रतिष्ठित संस्थानों के समान होगा: सीजेआई रमण

**भाषा। हैदराबाद**

**भारत** के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एन वी रमण ने शनिवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता समझौते में शामिल होने वाले भारतीय पक्ष अक्सर देश के बाहर एक मध्यस्थता केंद्र का विकल्प चुनते हैं, जिसके कारण उन्हें बहुत अधिक खर्चों का बोझ उठाना पड़ता है, लेकिन यहां अंतरराष्ट्रीय पंचाट एवं मध्यस्थता केंद्र (आईएएमसी) की स्थापना से चलन बदल जाएगा। वह शहर में आईएएमसी के पूर्वावलोकन (कर्टेन रेज़र) और हितधारक सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, भारत में कुछ मध्यस्थता केंद्रों की मौजूदगी के बावजूद, वाणिज्यिक मध्यस्थता समझौतों में प्रवेश करने वाले भारतीय पक्ष अक्सर भारत के बाहर एक मध्यस्थता केंद्र का विकल्प चुनते हैं, जिस पर उनका बहुत अधिक खर्च होता है" उन्होंने कहा कि हैदराबाद में आईएएमसी की स्थापना के बाद भारत में यह चलन बदल जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता केंद्र पेरिस, सिंगापुर, हांगकांग, लंदन, न्यूयार्क और स्टॉकहोम जैसे ज्यादातर वाणिज्यिक केंद्रों में स्थित हैं। हैदराबाद में आईएएमसी की स्थापना उत्कृष्ट बुनियादी ढांचा के साथ होगी और यहां अंतरराष्ट्रीय ख्यातिलब्ध आर्बिट्रेटर और मध्यस्थकार पैनल में शामिल होंगे। न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि इस केंद्र पर बेहतर कामकाज सुनिश्चित करने और नियमों का मसौदा तैयार करने के लिए दुनिया भर से सर्वोत्तम प्रथाओं को ध्यान में रखा जा रहा है। उन्होंने कहा, वैश्विक परिप्रेक्ष्य और गुणवत्ता पर जोर देने के साथ मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि जल्द ही इसकी तुलना सिंगापुर इंटरनेशनल सेंटर और लंदन इंटरनेशनल सेंटर जैसे मध्यस्थ संस्थानों से की जाएगी। इस अवसर पर मौजूद तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने हैदराबाद में मध्यस्थता केंद्र से होने वाले लाभों और उनकी सरकार द्वारा इसे अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता का एक मजबूत केंद्र बनाने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर विस्तार से चर्चा की।

## शासन में एक-दूसरे के सर्वोत्तम तरीकों को अपनाएं राज्य: जितेंद्र सिंह

**भुवनेश्वर।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि राज्यों को शासन में एक-दूसरे के सर्वोत्तम तरीकों को अपनाना चाहिए। उन्होंने सुशासन के तरीकों की प्रतिकृति पर एक क्षेत्रीय सम्मेलन के समापन सत्र में बोलते हुए कहा कि नागरिक केंद्रित प्रशासन मोदी सरकार के शासन मॉडल के केंद्र में है। कार्मिक राज्य मंत्री ने कहा कि शासन की गुणवत्ता में सुधार की दिशा में केंद्र सरकार में बदलाव राज्यों और जिलों में परिलक्षित होना चाहिए क्योंकि इसका उद्देश्य भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी शासन प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि शासन में सर्वोत्तम तरीकों को सभी राज्यों द्वारा अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अच्छे तरीके साझा होने पर सर्वोत्तम तरीके बन जाते हैं। ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने वर्चुअल माध्यम से सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन में क्षमता निर्माण, लक्ष्यों के साथ रणनीतियों को संरेखित करना, जवाबदेह होना, उच्च स्तर की नैतिकता, भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को परिभाषित करना तथा सबसे ऊपर जन-समर्थक दृष्टिकोण का होना शामिल है। पटनायक ने कहा, सुशासन अंततः परिवर्तन का सबसे बड़ा साधन है और हम सभी की लोगों के प्रति वास्तविक जिम्मेदारी है।

# 370 के रहते क्या जम्मू कश्मीर में शांति थी : शाह

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय गृहमंत्री** अमित शाह ने शनिवार को पूछा कि दशकों से अनुच्छेद 370 लागू था, लेकिन क्या तब जम्मू-कश्मीर में शांति थी? उन्होंने कहा कि 2019 में संविधान के इस अनुच्छेद के प्रावधान निरस्त होने के बाद घाटी में शांति, व्यवसाय के लिए अच्छा निवेश और पर्यटकों की आमद हुई है। शाह ने यहां आयोजित एक निजी कार्यक्रम में बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के उस बयान का हवाला दिया जिसमें उन्होंने कहा था कि जब तक अनुच्छेद 370 को बहाल नहीं किया जाता तब तक सरकार केंद्र शासित क्षेत्र में शांति कायम नहीं कर सकती। शाह ने कहा, पिछले 75 साल से अनुच्छेद 370 था। शांति क्यों नहीं थी? अगर शांति और अनुच्छेद 370 के बीच संबंध है तो क्या वह अनुच्छेद 1990 में नहीं था? वह 1990 में था तब शांति क्यों नहीं थी? अगर हम निशाना बनाकर की गई हत्याओं के आंकड़े भी शामिल करे तो यह 10 प्रतिशत के करीब भी नहीं हैं। इसका मतलब है कि वहां शांति है। इससे पहले दिए अपने संबोधन में शाह ने कहा कि किसी को विश्वास नहीं था कि अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35-ए को कभी निरस्त किया जा सकता है। शाह ने अपने अंग्रेजी के प्रोफेसर के साथ हुए एक संवाद का हवाला दिया जिन्होंने कहा था कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा अनुच्छेद 370 को हटाने का वादा अगली पीढ़ी तक जाएगा। शाह ने कहा, मुझे खुशी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संविधान से पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को हटा दिया। कश्मीर में अब शांति है, निवेश हो रहा है पर्यटक आ रहे हैं और जम्म कश्मीर धीरे-धीरे बाकी देश के साथ एकजुट होकर खड़ा होने को तैयार है। शाह ने कहा कि उनके और प्रधानमंत्री के विरुद्ध एक बयान दिया जाता था कि जम्मू कश्मीर में इतने लंबे समय तक कर्फ्यू लगाया गया और इंटरनेट सेवाएं बंद की गई। गृहमंत्री ने कहा, मैं जब वहां गया और युवाओं से पूछा कि अगर हमने कर्फ्यू हटा लिया होता तो किसी जान जाती? शुरू में तो चुप्पी थी लेकिन बाद में उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंस में कहा कि उन्हें मार दिया जाता। तब मैंने पूछा कि मोदी जी ने कर्फ्यू लगाकर किसको बचाया। उन्होंने कहा कि उनकी जान बची। तब मैंने कहा कि देश के लोगों को यह तय करना है कि जो लोग कर्फ्यू लगाते हैं उन्हें क्या चाहिए। जम्मू कश्मीर की स्थानीय पार्टियों द्वारा, राज्य का दर्जा बहाल कर चुनाव कराने की मांग पर शाह ने कहा कि संसद ने अधिनियम पारित किया है कि परिसीमन की प्रक्रिया के बाद चुनाव होंगे। शाह ने कहा कि उपराज्यपाल के प्रशासन में जिस प्रकार का विकास हो रहा है, कानून व्यवस्था में सुधार है, पर्यटक आ रहे हैं और सामाजिक क्षेत्र की योजनाओं में जो सुधार है इससे पता चलता है कि कम समय में बहुत कुछ बदल गया है।

### सर्जिकल और हवाई हमले के बाद सरकार ने रक्षा नीति को विदेश नीति के साए से बाहर निकाला : शाह

**नई दिल्ली।** सरकार ने पहली बार उरी और पुलवामा हमलो के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और हवाई हमलों के जरिए रक्षा नीति को विदेश नीति के साए से बाहर निकाला और राष्ट्र प्रथम के इस कदम से भारत अमेरिका और इजराइल जैसे देशो की सूची मे शामिल हो गया। मंत्री ने यहां एचटी लीडरशिप समिट मे कहा कि ए हमले आतंक के खिलाफ एक कड़ा जवाब और साथ ही सरकार के राष्ट्र प्रथम के संकल्प का प्रदर्शन थे। गृह मंत्री ने कहा, अतीत में आतंकवादी आते थे और हमारे सैनिको को मार कर वापस चले जाते थे और घुसपैठ की इन घटनाओ पर कोई जवाब नही दिया जाता था। यह पहली बार है, जब हमारे प्रधानमंत्री ने फैसला किया कि हमारी सीमाओ का उल्लंघन आसान नही होगा। शाह ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा, पूरी दुनिया हैरान थी, जब भारतीयो ने आतंकी हमलो का मुंहतोड़ जवाब दिया और सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक के जरिए उनके घर मे घुस कर उन्हे मारा। उरी आतंकी हमले के बाद सर्जिकल स्ट्राइक और पुलवामा हमले के बाद आतंकी शिविरो को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले का जिक्र करते हुए मंत्री ने कहा कि भारत ने एक मिसाल कायम की है। शाह ने कहा कि केवल अमेरिका और इज़राइल ने ही इस तरह के हमले किए, लेकिन इन हमलो ने ऐसे अभियानो मे सक्षम राष्ट्रो की सूची मे भारत का नाम शामिल होना सुनिश्चित किया।



भारतीय नौसेना के जवानों ने मुंबई के गेटवे ऑफइंडिया पर नौसेना दिवस समारोह के दौरान अपने कौशल का प्रदर्शन किया

### महाराष्ट्र के मुख्य सचिव ने ली टीके की पहली खुराक

**मुंबई।** देश में कोविड-19 टीकाकरण अभियान शुरू होने के 10 महीने बाद महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्य सचिव देवाशीष चक्रवर्ती ने टीके की पहली खुराक ली है। एक चिकित्सा अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बृहस्पतिवार को 59 वर्षीय वरिष्ठ अधिकारी ने यहां टीके की खुराक ली। चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि चक्रवर्ती ने टीकाकरण अभियान शुरू होने के महीनो बाद टीके की खुराक लेने का बचाव करते हुए कहा कि उन्हे टीके की खुराक से परहेज नही था, लेकिन यह उनका व्यक्तिगत निर्णय था कि वह जब चाहें टीके की खुराक ले। चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि आईएएस अधिकारी ने मुख्य रूप से विधानसभा के आगामी शीतकालीन सत्र के मद्देनजर टीका लिया है, जो 22 दिसंबर से शुरू होने वाला है। टीकाकरण विधानसभा सत्र में हिस्सा लेने के लिए अनिवार्य है।

### जम्मू में साढ़े पांच किलोमीटर लंबा विरासत कोरीडोर बनेगा

**जम्मू।** जम्मू स्मार्ट सिटी लिमिटेड (जेएससीएल) ने पुराने शहर के धरोहर का गौरव बरकरार रखने और जम्मू के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक परिदृश्य को दर्शाने के लिए एक महत्वाकांक्षी परियोजना तैयार की है। विरासत निशान एवं स्थल सौंदर्यीकरण परियोजना के तहत साढ़े पांच किलोमीटर लंबा धरोहर मार्ग बनाया जाएगा और इस पर 16.56 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। यह जानकारी शनिवार को अधिकारियो ने दी। उन्होंने कहा कि जेएससीएल ने विभिन्न पक्षो के साथ चर्चा की है ताकि परियोजना में उनसे सहयोग लिया जा सके। जेएससीएल के शहरी योजना की सहायक महा प्रबंधक दीपिका गुप्ता ने कहा कि राहगीरो के अनुकूल बनाए जाने वाले विरासत कोरीडोर में लोग खरीदारी भी कर सकेंगे और इससे पुराने शहर मे व्यवसाय बढ़ेगा।

### अप्राकृतिक यौनाचार और हत्या मामले में दो लोगों को उम्रकैद

**फूलबनी (ओडिशा)।** यहां की एक अदालत ने पांच साल पहले ओडिशा के कंधमाल जिले मे नौ साल के एक बच्चे के साथ अप्राकृतिक यौनाचार करने और उसकी हत्या करने के मामले में दो लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। यौन अपराधो से बच्चों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो) अदालत के विशेष न्यायाधीश भास्कर चंद्र साहू ने शुक्रवार को 21 और 20 वर्ष की आयु के दोषियो पर 1.65 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया। दोनों, नाबालिग बच्चे को 14 मार्च 2016 को फूलबनी सदर थाना क्षेत्र के एक सुनसान स्थान पर ले गए और उसके साथ अप्राकृतिक यौन संबंध बनाए। बच्चे ने जब उन्हें इस घटना के बारे मे लोगो को बताने की चेतावनी दी, तो उन्होंने एक तौलिए से उसका गला घोंट दिया।

### तमिलनाडु में सड़क हादसे में दो मेडिकल छात्राओं समेत तीन लोगों की मौत

**तिरुनेलवेली (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले मे शनिवार को एक तेज रफ्तार अनियंत्रित कार ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी और इस भीषण हादसे में दो मेडिकल छात्राओ समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दोनो छात्राओ ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि शहर के बाहरी इलाके में स्थित रेड्डियारपट्टी गांव में हुए इस हादसे के समय मोटरसाइकिल सवार तीन छात्र-छात्राएं नजदीक के एक मंदिर मे दर्शन के लिए जा रहे थे। उन्होंने बताया कि हादसे में कार चालक की भी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि कार नागरकोइल की ओर से आ रही थी व तेज रफ्तार के दौरान उसका टायर फट गया जिससे चालक उससे नियंत्रण खो बैठा। अनियंत्रित कार दोपहिया वाहन से टकराते हुए पलट गई।

## घबराने की जरूरत नही, कोविड अनुकूल व्यवहार करें : उपराष्ट्रपति ने ओमीक्रोन स्वरूप पर कहा



भाषा। नई दिल्ली

**उपराष्ट्रपति** एम. वेंकैया नायडू ने शनिवार को लोगों से कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से न घबराने का अनुरोध किया और उन्हें सतर्क रहने और महामारी के खत्म होने तक कोविड अनुकूल व्यवहार करते रहने की सलाह दी। उपराष्ट्रपति निवास में यहां एक किताब के विमोचन कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों से संकोच छोड़ने और जल्द से जल्द कोविड-19 रोधी टीके की खुराक लेने का भी अनुरोध किया। उपराष्ट्रपति सचिवालय के एक आधिकारिक बयान के अनुसार, नायडू ने कहा कि कोरोना वायरस महामारी पूरी मानव जाति के लिए बड़ी चुनौती के तौर पर आई है और उन्होंने भारत में चल रहे दुनिया के सबसे बड़े टीकाकरण अभियान की सराहना की। नायडू ने पिछले सात वर्षों में शासन में आए परिवर्तनकारी बदलावों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ए बदलाव 1.3 अरब लोगों को सशक्त और सक्षम बना रहे हैं। चाहे जीवन प्रत्याशा हो, वित्तीय समावेशन, स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच, रोजगार, मकान मालिक बनना या उद्यमिता क्षमता को सम्मानित करना हो, भारतीय जिंदगियों की गुणवत्ता हर बीतते दिन के साथ बेहतर हो रही है। प्रधानमंत्री के तीन शब्दों के मंत्र रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म का हवाला देते हुए उपराष्ट्रपति ने पिछले कुछ वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों जैसे कि वित्तीय समावेशन, बीमा, गरीब महिलाओं को एलपीजी कनेक्शन और घरों तक पीने का पानी पहुंचाने में देश द्वारा की गई शानदार प्रगति की सराहना की। उन्होंने कहा कि न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन के सिद्धांत का पालन करते हुए सरकार हर क्षेत्र में परिवर्तन लाने के लिए प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल कर रही है और उन्होंने भारत के दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनने पर संतोष जताया।

### कल्याण और विकास के उद्देश्यों के बीच तालमेल बिठाने पर व्यापक चर्चा हो: नायडू

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति तथा राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने सरकारो द्वारा मुफ्त मे दी जाने वाली सुविधाओ की पृष्ठभूमि मे कल्याण और विकास के उद्देश्यो के बीच तालमेल बिठाने पर व्यापक चर्चा का शनिवार को आह्वान किया। उन्होंने संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) से इस पहलू पर विचार करने का अनुरोध किया ताकि व्यापक चर्चा का मार्ग प्रशस्त हो सके। सभापति ने यह भी कहा कि संसद को हर साल कम से कम 100 दिन और राज्य विधानसभाओ को कम से कम 90 दिन बैठक करनी चाहिए। लोक लेखा समिति (पीएसी) के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य मे संसद के केंद्रीय कक्ष मे एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा कि व्यय को सावधानीपूर्वक संतुलित किया जाना चाहिए ताकि अल्पकालिक और दीर्घकालिक विकास उद्देश्यो दोनो पर समान रूप से ध्यान दिया जा सके। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और लोक लेखा समिति (पीएसी) के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी भी मौजूद थे। कोविंद ने रेखांकित किया कि पीएसी अनियमितताओ का पता लगाने के लिए सार्वजनिक व्यय की जांच करती है। उन्होंने कहा कि संसदीय समिति इसे न केवल कानूनी दृष्टिकोण बल्कि अर्थव्यवस्था, विवेक, और औचित्य के नजरिए से भी देखती है। उन्होंने कहा, इसका (पीएसी) का कोई अन्य उद्देश्य नही बल्कि बर्बादी, नुकसान, भ्रष्टाचार, अपव्यय, अक्षमता के मामलो को ध्यान में लाना है। अगर ईमानदार करदाताओ से आने वाले प्रत्यक रुपए में से अधिक पैसा जरूरतमंद लोगो और राष्ट्र निर्माण के लिए पहुंच रहा है, तो इसके पीछे पीएसी और उसके सदस्यो की बड़ी भूमिका है।

## समुद्री सुरक्षा के अलावा, नौसेना ने कोविड संकट से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई : कोविंद

भाषा। नई दिल्ली

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शनिवार को कहा कि देश की समुद्री सुरक्षा और समुद्र में उसके हितों को सुरक्षित रखने के अलावा भारतीय नौसेना ने कोविड संबंधी संकट से निपटने में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राष्ट्रपति ने नौसेना दिवस पर सभी नौसैन्य कर्मियों, पूर्व नौसैनिकों और उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा, आपकी सेवा के लिए समस्य भारतीय कृतज्ञ हैं। भारत-पाकिस्तान के बीच 1971 में हुए युद्ध के दौरान कराची बंदरगाह पर बल के हमले की याद में हर साल चार दिसंबर को नौसेना दिवस मनाया जाता है। कोविंद ने ट्वीट किया, नौसेना दिवस पर, सभी नौसेना कर्मियों, पूर्व नौसैनिकों और उनके परिवारों को बधाई। समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा करने और समुद्र में हमारे हितों की रक्षा करने के अलावा, हमारी नौसेना ने कोविड-19 संबंधित संकटों से निपटने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय आपकी सेवा के लिए आभारी हैं।

### बैतूल : सड़क पर जा रही बारात में बस घुसी, एक की मौत तथा पांच घायल

**बैतूल।** मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में सड़क पर जा रही बारात में एक यात्री बस के घुस जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। कोतवाली थाना प्रभारी रत्नाकर हिंगवे ने बताया कि घटना शुक्रवार रात लगभग नौ बजे जिला मुख्यालय से करीब 12 किलोमीटर दूर खेड़ी सावली गढ़ गांव के पास हुई। उन्होंने कहा कि भैंसदेही से बैतूल जा रही एक बस सड़क पर चल रहे बारातियों के बीच घुस गई। इस हादसे में 45 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। सूचना पर पुलिस दल मौके पर पहुंचा ।

## चक्रवात का खतरा: बंगाल सरकार ने तटीय इलाकों से हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया

भाषा। कोलकाता



**चक्रवात** जवाद के ओडिशा-आंध्र प्रदेश तटों की ओर बढ़ने के बीच पश्चिम बंगाल सरकार ने शनिवार को दक्षिण 24 परगना और पूर्व मेदिनीपुर जिलों से हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया तथा पर्यटकों से समुद्र तटों से दूर रहने का आग्रह किया। मौसम कार्यालय ने कहा कि महानगर, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिमी मेदिनीपुर, झारग्राम, हावड़ा और हुगली जिलों में कई स्थानों पर सुबह से ही हल्की बारिश हो रही है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने एक एक बुलेटिन में कहा, जवाद पिछले छह घंटों में धीरे-धीरे चार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर दिशा की तरफ बढ़ा है और यह सुबह पांच बजकर 30 मिनट पर आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम के 230 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व, ओडिशा के गोपालपुर के 340 किलोमीटर दक्षिण में, पुरी (ओडिशा) के 410 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण पूर्व में तथा पारादीप (ओडिशा) के 490 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिण-पूर्व में केंद्रित था। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि दक्षिण 24 परगना और पूर्व मेदिनीपुर जिलों में प्रशासन ने तटीय क्षेत्रों से लगभग 11,000 लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया, जबकि मछुआरे अपनी नौकाओं के साथ काकद्वीप, दीघा, शंकरपुर और अन्य तटीय क्षेत्रों में वापस आ गए हैं। मौसम विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा, "चक्रवात के उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी तक पहुंचने तथा इसके बाद उत्तर-उत्तर-पूर्व की ओर इसके फिर से बढ़ने, पांच दिसंबर को लगभग दोपहर के समय ओडिशा तट पर इसके पुरी के पास पहुंचने और धीरे-धीरे कमजोर होने की संभावना है।

### मराठी साहित्य सम्मेलन में सावरकर का नाम क्यों नहीं: फडणवीस

भाषा। मुंबई

**भारतीय** जनता पार्टी के नेता देवेंद्र फडणवीस ने उत्तरी महाराष्ट्र के नासिक में चल रहे वार्षिक मराठी साहित्य सम्मेलन में स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर का नाम गायब होने पर शनिवार को आपत्ति जताई। हिंदुत्व विचारक दिवंगत सावरकर का जन्म 1883 में नासिक के पास भगूर में हुआ था। कुछ वर्गों की मांग थी कि भुजबल नॉलेज सिटी में होने वाले अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन में एक पंडाल का नाम सावरकर के नाम पर रखा जाए। इस साल के सम्मेलन के आयोजन में महाराष्ट्र के मंत्री और राकांपा नेता छगन भुजबल शामिल हैं। फडणवीस ने यहां संवाददाताओं से कहा कि सावरकर ने मराठी साहित्य सम्मेलन और मराठी रंगमंच सम्मेलन दोनों की अध्यक्षता की थी और वह मराठी पत्रकार संघ के अध्यक्ष भी रहे थे। भाजपा नेता ने कहा, वह शायद एकमात्र व्यक्ति होंगे, जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की, फिर भी पूरे आयोजन से उनका नाम गायब है। पूर्व मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, वह हमारे लिए एक आदर्श हैं और अगर हमारे आदर्श व्यक्तियों का सम्मान नहीं किया जाता, तो हम वहां क्यों जाएं। उन्होंने यह भी कहा भाजपा ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित मराठी कवि दिवंगत वी वी शिरवाडकर (वह कुसुमागराज के नाम से कविता लिखा करते थे) के नाम पर साहित्यिक सम्मेलन आयोजन स्थल का नाम कुसुमागराज नगरी रखने के निर्णय का स्वागत करती है।

Public Notice
NOTICE is hereby given that Mr. Shiron Grover (hereinafter referred to as the said Mortgagors /Borrowers) is intending to purchase the Entire Second Floor, with roof rights "said floor" built on Property Bearing No. 35-A, in Block-E, area measuring 249 Sq. yds., Situated in residential Colony known as Rajouri Garden, Area of Village Basai Darapur Delhi (hereinafter referred to "said property") from Mrs. Swarnlata Bali, who is the owner of above the said property by way of Relinquishment Deed dated 16.09.2021 and Now, Mr. Shiron Grover has agreed to create mortgage in respect of the said property in favour of our clients IDFC FIRST Bank Limited. Further, if any person, body, individual, institution having any claim, title, interest and /or objection in respect of or against or relating to or touching upon said property or part of the property by way of sale, exchange, lease, lien, mortgage, charge, encumbrance, gift, trust, easement, maintenance, inheritance, testamentary deposition or otherwise or having in their custody any title, documents pertaining the said property shall communicate the same to the undersigned at below mentioned address within 10 days from the publication of this notice with documentary evidence in support thereof, failing which all the claim, of such person shall be considered to have been waived and or abandoned. Any objections raised after the completion of the 10 days shall not be binding upon the said property or my Client & in case anyone has any objection, the same may be raised within 10 days of this publication to Mr. Muneesh Dhawan/ Mr. Sudhir Jain (Advocates), Law Veritas, Unit no 907, 9th Floor, GD-ITL Tower, (B-08), Netaji Subhash Place, Delhi-110034 or contact at 9066707172/9818228636 (M).

सार्वजनिक सूचना
सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल **सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी** के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित होना है। पार्टी कार्यालय **एफ-64/सी9/197, सैक्टर-40, नौएडा, (नियर साई नाथ मंदिर) जिला- गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, पिन कोड-201303** में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29क के अधीन राजनीतिक दल के रुप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है पार्टी के पदाधिकारियों के नाम/पता नीचे दिए गए है:
**सभापति/अध्यक्ष: हरेन्द्र कुमार गुर्जर (गुरुजी),** एफ-197, सैक्टर-40, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.-201303
**महासचिव/सचिव: अनिल कुमार वशिष्ठ** 29, निठारी, सैक्टर-31, नौएडा, गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.-201303
**कोषाध्यक्ष: अनिता देवी,** एफ-64/सी9/197, सैक्टर-40, नौएडा, (नियर साई नाथ मंदिर), गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.-201303
यदि किसी को **सम्राट मिहिर भोज समाज पार्टी** के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग, निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली-110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

## बीएमसी ने उच्च जोखिम वाले देशों से आने वालों के लिए पृथक-वास अनिवार्य किया

भाषा। मुंबई

**बृहन्मुंबई** महानगरपालिका (बीएमसी) ने कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच उच्च जोखिम वाले देशों से शहर में आने वाले लोगों के लिए सात दिन का गृह पृथकवास अनिवार्य किया है। बीएमसी द्वारा शुक्रवार को जारी आदेश में कहा गया कि गृह पृथकवास की अवधि के दौरान, इसके वार्ड-स्तरीय कोविड-19 वॉर रूम के कर्मचारी इन देशों से लौटे लोगों को दिन में पांच बार कॉल करेंगे ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि वे प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं। मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर रोजाना हजारों यात्रियों का आवागमन होता है। नगरपालिका के आदेश में कहा गया है कि हवाई अड्डे के अधिकारियों के समन्वय के साथ, बीएमसी को हर दिन यात्रियों की एक सूची प्राप्त होगी, जो "उच्च-जोखिम" या "जोखिम" के रूप में परिभाषित देशों से आते हैं। सूची में इन यात्रियों के विस्तृत पते और संपर्क नंबर भी शामिल होंगे। उसमें कहा गया, बीएमसी को सूची रोजाना सुबह 10 बजे मिलेगी, जिसके बाद उसके कर्मचारी यात्रियों से संपर्क कर उन्हें अगले सात दिनों तक घर में पृथकवास की सूचना देंगे। पृथकवास संबंधी आदेश का पालन करना अनिवार्य है और यदि यात्री इसका उल्लंघन करते पाए जाते हैं तो उन्हें सरकार द्वारा संचालित संस्थानों में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

### मुंबई हवाई अड्डे ने रैपिड पीसीआर जांच के शुल्क में कटौती की

**मुंबई।** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (सीएसएमआईए) ने शनिवार को कहा कि उसने कोविड-19 के लिए की जाने वाली रैपिड पीसीआर जांच के शुल्क मे कटौती करते हुए इसे 4500 की जगह 3,900 रुपए कर दिया है। सीएसएमआईए ने एक बयान में कहा कि हवाई अड्डे पर 600 रुपए का भुगतान कर सामान्य आरटी-पीसीआर जांच भी कराई जा सकती है। बयान में कहा गया कि शुक्रवार को जोखिम वाले देशो के अलावा अन्य देशो से यहां पहुंचे कुल 6,732 यात्रियों ने सफलतापूर्वक अपनी औपचारिकताएं पूरी की।

### एमएसआरडीसी समृद्धि महामार्ग के जालना-नांदेड़ खंड के विकास के लिए जमीन अधिग्रहण शुरू करेगा

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र राज्य सड़क विकास निगम (एमएसआरडीसी) ने शनिवार को नागपुर-मुंबई समृद्धि महामार्ग के प्रस्तावित जालना-नांदेड़ खंड विकास के लिए भूमि अधिग्रहण कार्यक्रम की शुरुआत कर दी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एमएसआरडीसी के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (एमडी) राधेश्याम मोपालवर ने नांदेड़ में राजस्व विभाग के अधिकारियों को एक कार्यशाला में संबोधित किया, जिसमें तीन जिलों के जिलाधीश और भूमि अधिग्रहण टीम ने हिस्सा लिया था। मोपालवर ने कहा, भूमि अधिग्रहण की बुनियादी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है और अब निगम जल्द ही परभणी, जालना और नादेंड़ जिलों में संयुक्त माप सर्वेक्षण शुरू करेगा।

LOST & FOUND
CHANCHAL KALRA W/O M.L. KALRA
126 Category -III, Anupam Appartment, Lot-II, 2nd and 3rd Floor, M.B.Road Saket, New Delhi-110017
LOSS/MISPLACED OF
Notice is hereby given that the following documents have been lost / misplaced. Usage of following forms are prohibited.

| S. No. | Documents |
|---|---|
| 1 | Allotment letter |
| 2 | Allocation letter |
| 3 | Possession slip |
| 4 | Demand letter and fifth and final receipt |
| 5 | NOC for electricity and water |

If any body found above documents are requested to return at above address and contact no.- 9810012926

सांकेतिक कब्जे की सूचना
ICICI Bank
**शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005
जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कप्तान दीपक कुमार LBDEL00004221662/ LBDEL00004221672 | डीडीए एमआईजी, फ्लैट नंबर-86सी, ब्लॉक-जीजी-1, दूसरी मंजिल, विकास पुरी, दिल्ली- 110018/ 02 दिसंबर, 2021 | जून 25, 2021 ₹ 88,76,626/- | दिल्ली एनसीआर |
| 2. | चरणजीत धंजाल/ संदीप धंजाल/ LBDEL00004207004/ LBDEL00005032728 | एमआईजी फ्लैट नंबर:- 139-डी, तीसरी मंजिल पॉकेट-एजी-1 विकास पुरी, दिल्ली/ 02 दिसंबर, 2021 | जून 23, 2021 ₹ 68,34,332/- | दिल्ली एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।
दिनांक: दिसंबर 04, 2021
स्थान: दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

कार्यालय नगर पंचायत डासन गाजियाबाद
पत्रांक-274/नपडा-ई-निविदा 15वाँ वि0/2021-2022 दिनाँक : 04 दिसम्बर 2021
अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना
सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत डासना को वित्तीय वर्ष 2020-2021 एवं 2021-2022 की प्रथम किस्त 15वाँ वित्त आयोग की संस्तुतियों के अर्न्तगत अवमुक्त धनराशि एवं राज्य वित्त आयोग की धनराशि से कराये जाने वाले विकास कार्यों के लिए दिनाँक 13 दिसम्बर 2021 को दोपहर 12.00 बजे तक ई-निविदा आमन्त्रित करती है ई-निविदा उत्तर प्रदेश की ई प्रिक्योरमेंट की बेवसाईट https:e-tende.upnic.in पर इच्छुक निविदादाता अपनी निविदा नियत एमय तक अपलोड कर सकते है समस्त अभिलेख दिनाँक 13 दिसम्बर 2021 को दोपहर 12 बजे तक निविदा बॉक्स में डालने होगें। निविदायें उसी दिन 2 बजे से निविदा की तकनीकी बिड खोली जायेगी। निविदा खोले जाने के समय निविदादाता की उपस्थिति रह सकते है। शेष शर्तें साईट पर उपलब्ध है।
(मनोज कुमार मिश्र) (हज्जन हंसार)
अधिशाषी अधिकारी अध्यक्ष
नगर पंचायत डासना नगर पंचायत डासना
गाजियाबाद गाजियाबाद

# क्रिप्टोकरेंसी को लेकर अटकलें ठीक नहीं: सीतारमण

**भाषा।** नई दिल्ली



**वित्त मंत्री** निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि क्रिप्टोकरेंसी पर कई तरह की अटकलें चल रही हैं और ये अटकलें अच्छी बात नहीं हैं। सरकार द्वारा क्रिप्टोकरेंसी के विनिमयन की तैयारियों के बीच उनका यह बयान आया है। सीतारमण ने एक निजी संस्थान के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अच्छी तरह से विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया विधेयक मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद निश्चित रूप से संसद में आने जा रहा है। एक सवाल के जवाब में वित्त मंत्री ने कहा, बहुत सारी अटकलें चल रही हैं ... ये बिल्कुल ठीक बात नहीं हैं। क्रिप्टोकरेंसी एवं आधिकारिक डिजिटल मुद्रा का नियमन विधेयक, 2021 को लोकसभा के बुलेटिन-भाग दो में शामिल किया गया है। इसे शीतकालीन सत्र में ही पेश किया जाएगा। बुलेटिन में कहा गया है कि यह भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी की जाने वाली आधिकारिक डिजिटल मुद्रा के लिए एक सुविधाजनक रूपरेखा तैयार करने से संबंधित है। इसमें देश में सभी निजी क्रिप्टोकरेंसी पर प्रतिबंध का प्रावधान भी है। हालांकि, यह क्रिप्टोकरेंसी में अंतर्निहित तकनीक को बढ़ावा देने और उसके इस्तेमाल के लिए कुछ अपवादों की अनुमति देता है। इस सप्ताह की शुरुआत में राज्यसभा में सीतारमण ने कहा था कि नए विधेयक में वर्चुअल मुद्रा के क्षेत्र में आ रहे बदलावों का ध्यान रखा जाएगा और इसमें पुराने विधेयक की उन चीजों को भी शामिल किया जाएगा जिन्हें पहले नहीं लिया जा सका था। यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार का मीडिया में भ्रामक विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है, उन्होंने कहा कि भारतीय विज्ञापन मानक परिषद (एएससीआई) के दिशानिर्देशों का अध्ययन किया जा रहा है और उनके नियमनों पर भी गौर किया जा रहा है, ताकि हम जरूरत पड़ने पर किसी तरह का रुख अपना सकें या कोई फैसला ले सकें। उन्होंने कहा कि सरकार और रिजर्व बैंक लोगों को क्रिप्टोकरेंसी से आगाह कर रहे हैं। यह काफी उंचे जोखिम वाला क्षेत्र है। आर्थिक मोर्चे पर सीतारमण ने कहा कि इस साल देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर का आंकड़ा काफी उत्साहजनक रहेगा।

## प्रत्येक मामले को तेजी से तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने का आह्वान

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों से प्रत्एक मामले को तेजी से तार्किक निष्कर्ष पर पहुंचाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि इससे हम तस्करी जैसे आर्थिक अपराधों पर अंकुश लगा सकेंगे।

सीतारमण ने शनिवार को डीआरआई के 64वें स्थापना दिवस पर अपने संबोधन में कहा कि तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचना महत्वपूर्ण है, लेकिन हम तेजी से यह काम करेंगे, तो इस तरह के लोगों पर अंकुश लगा सकेंगे, जो ऐसी गतिविधियों को आगे बढ़ाते हैं। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के तहत राजस्व आसूचना निदेशालय तस्करी रोकने के लिए सरकार की खुफिया और प्रवर्तन एजेंसी है। सीतारमण ने क्षमता निर्माण पर जोर दिया, ताकि अधिकारी तेजी से खुफिया जानकारी हासिल कर समय पर कार्वाई कर सकें। वित्त मंत्री ने कहा, आपको बहुत सारी खुफिया जानकारी मिलती है, लेकिन कभी-कभी और कई बार यह तय करना मुश्किल होता है कि क्या यह वास्तव में कार्वाई योग्य है। क्षमता निर्माण इसलिए जरूरी है, ताकि आप यह पहचान सकें कि कौन की खुफिया सूचना कार्वाई योग्य है। उन्होंने कहा कि डीआरआई जैसी एजेंसियां अपने अनुभव के आधार पर वे तरीके तय कर सकती हैं, जिनके जरिए इस तरह की अवैध गतिविधियों को रोका जा सकता

## चीन में कारखाने बंद होने की वजह से पैदा हुए अवसरों का लाभ उठाएं उद्यमी

**अहमदाबाद (भाषा)।** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) मंत्री नारायण राणे ने शनिवार को भारतीय उद्यमियों से चीन में कारखाने बंद होने की वजह से पैदा हुए अवसरों का लाभ उठाने को कहा। उन्होंने यहां भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) में एक कार्यक्रम में कहा कि भारतीय उद्योगपतियों को उन उत्पादों का निर्माण शुरू कर देना चाहिए जो अब चीन में नहीं बनते हैं।

राणे ने कहा, उत्पादन के मामले में चीन दुनिया में पहले नंबर पर है। वैश्विक विनिर्माण क्षेत्र में चीन 64 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ सबसे आगे है। हालांकि, कई कंपनियां (उस देश में) बंद हो रही हैं। उन्होंने कहा, मैं बड़े और मझोले उद्योगपतियों से इस अवसर का लाभ उठाने और भारत में इन उत्पादों का निर्माण शुरू करने का आग्रह करता हूं। मंत्री ने कहा, हमें इन उत्पादों का विपणन और निर्यात भी करना चाहिए।

## क्विक न्यूज

### बीईई ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों के लिए 550 से अधिक आवेदक

**नई दिल्ली।** उद्योगों और क्षेत्रों को उनकी इकाइयों में नवोन्मेषी ऊर्जा दक्षता प्रयासों को विकसित करने के साथ-साथ बिजली की खपत को कम करने के सराहनीय प्रयास के लिए दिए जाने वाले बीईई ऊर्जा संरक्षण पुरस्कारों के लिए 550 से अधिक आवेदकों ने आवेदन किया है। बिजली मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी।राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता नवाचार पुरस्कार (एनईईआईए) के तहत कुल 149 आवेदकों ने नियत तारीख तक इस प्रक्रिया में भाग लिया। एनईईआईए पुरस्कारों के तहत श्रेणी ए (उद्योग, परिवहन, भवन) और श्रेणी बी (छात्र और शोधार्थी) से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। मंत्रालय ने कहा कि 408 आवेदकों ने राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एनईसीए) में भाग लिया, जो बिजली खपत को कम करने के लिए औद्योगिक इकाइयों, संस्थानों और प्रतिष्ठानों को बढ़ावा देने को स्थापित किए गए हैं। मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रीय ऊर्जा दक्षता नवाचार पुरस्कार नई प्रौद्योगिकियों, नवाचारों को बढ़ावा देने और बड़े समूहों द्वारा इन नवाचारों को अपनाने का मार्ग प्रशस्त करने के लिए समय की जरूरत है।

### पाकिस्तान को सऊदी अरब से तीन अरब डॉलर की सहायता मिली

**इस्लामाबाद।** नकदी संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को सऊदी अरब से वित्तीय सहायता के रूप में शनिवार को तीन अरब डॉलर मिल गए हैं। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। पाकिस्तान ने अपनी अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के लिए सऊदी अरब से सहायता मांगी थी। यह राशि उसी का हिस्सा है। पाकिस्तान को सऊदी अरब से वित्तीय सहायता प्रधानमंत्री इमरान खान के रियाद दौरे और युवराज मोहम्मद बिन सलमान के साथ बातचीत करने के एक महीने से अधिक समय बाद मिली है। वार्ता के बाद सऊदी अरब, पाकिस्तान को 4.2 अरब डॉलर की सहायता प्रदान करने के लिए सहमत हुआ था, जिसमें से तीन अरब डॉलर को पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक में जमा के रूप में स्थानांतरित किया जाना था। वित्त और राजस्व पर प्रधानमंत्री के सलाहकार शौकत तरीन ने पुष्टि की कि स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) को सऊदी अरब से तीन अरब डॉलर की राशि प्राप्त हुई है।

### ओमीक्रोन: सिंगापुर ने कार्य वीजा धारकों के वीटीएल के जरिए प्रवेश पर रोक लगाई

**सिंगापुर।** सिंगापुर सरकार ने एस पास और कार्य वीजा धारकों के टीकाकरण यात्रा लेन (वीटीएल) के जरिए देश में प्रवेश करने के लिए नया आवेदन पर रोक लगा दी है। सरकार ने शनिवार को कहा कि निर्माण, शिपयार्ड और रसायन एवं दवा क्षेत्र के नियोक्ता अपने कर्मचारियों के लिए वीटीएल के माध्यम से देश में प्रवेश को आवेदन नही कर पाएंगे। कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन की चिंता के बीच सिंगापुर के जनशक्ति मंत्रालय ने यह निर्णय लिया है। इससे पहले सिंगापुर ने शुक्रवार को कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के मद्देनजर वीटीएल यात्रियों के लिए नियमों को सख्त करने की घोषणा की थी।

### गोयल ने की चक्रवात जवाद से निपटने की तैयारियों की समीक्षा

नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को चक्रवात जवाद से निपटने के लिए आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल द्वारा की गई व्यवस्था और तैयारियों की समीक्षा की। इस सम्मेलन में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई), फिक्की, एसोचैम और पीएचडी चैंबर्स जैसे उद्योग मंडलों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। गोयल ने इस दौरान सभी हितधारकों के सुझावों के जरिए इस प्राकृतिक आपदा के प्रभावी तरीके से प्रबंधन के लिए एक व्यापक कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया। गोयल ने कहा कि आपदा प्रबंधन और बचाव तथा प्रभावित लोगों के जीवन और आजीविका की रक्षा के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) आवश्यक है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गोयल ने कहा कि हमें अपनी क्षमताओं का लगातार अद्यतन करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, चक्रवात के प्रभाव से निपटने को बैंकिंग और बीमा क्षेत्रों में भी तैयारियों की जरूरत है।

### डालमिया सीमेंट ने बोकारो की ग्राम पंचायतों से मिलाया हाथ

**मुंबई।** डालमिया सीमेंट (भारत) ने अपनी विभिन्न सामाजिक और जलवायु कार्वाई पहल के लिए बोकारो में 16 गांवों और छह ग्राम पंचायतों के साथ भागीदारी की है। इन पहल से झारखंड के 20,000 लोगों के जीवन पर सकारात्मक असर पड़ रहा है। कंपनी ने शनिवार को बयान में कहा कि उसने हाल में झारखंड सरकार के साथ समावेशी विकास और वृद्धि के लिए 758 करोड़ रुपए के कुल निवेश के समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इसमें बोकारो में 567 करोड़ रुपए के निवेश से ग्राइंडिंग इकाई स्थापना की जाएगी जिससे उसकी कुल क्षमता 26 लाख टन बढ़कर 63 लाख टन सालाना पर पहुंच जाएगी। इसके अलावा कंपनी अपने कॉर्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए 250 करोड़ रुपए की लागत से सौर बिजली संयंत्र भी स्थापित करेगी।

# भारत दुनिया में सबसे तेजी से कोविड के प्रभाव से उबरने वाली अर्थव्यवस्था : अमित शाह



**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि दुनिया में भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से कोविड-19 महामारी के प्रभाव से उबरी है और ऐसा नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा लिए गए नीतिगत फैसलों के कारण संभव हुआ है। शाह ने शनिवार को यहां एक निजी संस्थान के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कहते रहे हैं कि कोरोना के बाद की दुनिया में भारत के पास ढेरों अवसर होंगे। शाह ने कहा कि उन्होंने भांप लिया था कि आर्थिक सुस्ती दुनिया को प्रभावित करेगी, लेकिन सरकार के नीतिगत फैसलों ने सुनिश्चित किया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में गिरावट से भारत अछूता रहा। उन्होंने कहा, यह मोदी सरकार के नीतिगत फैसलों का नतीजा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था दुनियाभर में कोरोना के प्रभाव से सबसे तेजी से बाहर निकली है। कोरोना वायरस के नए प्रकार ओमीक्रोन पर उन्होंने कहा कि सरकार संबंधित घटनाक्रम पर कड़ी नजर रखे हुए है। शाह ने कहा कि सरकार स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए अगले तीन वर्षों में 15 लाख करोड़ रुपए का निवेश करने को लेकर प्रतिबद्ध है, 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन और 130 करोड़ लोगों को मुफ्त टीकाकरण प्रदान किया जा रहा है, इसके बावजूद राजकोषीय घाटा नियंत्रण में है। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि देश वैश्विक व्यवस्था में अपना अहम स्थान पाएगा और प्रधानमंत्री मोदी का देश को 5,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का सपना साकार होगा। गृहमंत्री ने कहा कि देश ने केंद्र और राज्यों में कांग्रेस और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकारों को और राज्यों में समाजवादियों और कम्युनिस्टों की सरकारों को देखा है, अब अर्थव्यवस्था के विशेषज्ञों को आंकड़ों के विश्लेषण से तुलना करनी चाहिए कि विकास कार्य करने में किस सरकार ने बेहतर प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह अर्थशास्त्र के पंडितों का कर्तव्य है कि वे इस तुलना को लोगों के सामने लाएं ताकि वे चुनाव के समय फैसला कर सकें। परिणाम आपकी सोच के अनुसार नहीं हो सकता है, लेकिन इतनी पारदर्शिता होनी चाहिए। शाह ने कहा कि 2014 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद 80 करोड़ लोगों को बैंक खाते खोलकर और अन्य सुविधाएं देकर मुख्यधारा में लाया गया।

## ई-वाहनों के लिए फास्ट चार्जर पर काम कर रहा है एआरएआई : पांडेय

**कानाकोना (गोवा)।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय मोटर वाहन अनुसंधान संघ (एआरएआई) इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए तेजी से बैटरी चार्ज करने वाला चार्जर बनाने पर काम कर रहा है। उन्होंने भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा यहां इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने लिए आयोजित गोलमेज कार्यक्रम से इतर एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पुणे के इस संस्थान ने पहले ही इस तरह के उत्पाद का एक नमूना विकसित कर लिया है। पांडेय ने ई-वाहनों के उपयोग से संबंधित चुनौतियां के सवाल पर कहा, सबसे बड़ी चुनौती यह है कि एक इलेक्ट्रिक बैटरी को चार्ज करने में बहुत समय लगता है। एआरएआई इस दिशा में काम रहा है और उसने 2398ास्ट चार्जर का एक नमूना भी विकसित कर लिया है, जो दिसंबर, 2022 तक तैयार हो जाएगा।



पुरी के समुद्र तट पर आने वाले तूफान की चेतावनी के बाद अपनी अस्थयी दुकानों को पोलीथीन से ढके हुए दुकानदार

## श्रम मंत्री ने 40 साल से अधिक आयु के ईएसआईसी सदस्यों के लिए स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम शुरू किया

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय श्रम मंत्री** भूपेंद्र यादव ने शनिवार को अहमदाबाद, फरीदाबाद, हैदराबाद और कोलकाता के ईएसआई अस्पतालों में पायलट आधार पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम के 40 वर्ष और उससे अधिक आयु के बीमित सदस्यों के लिए वार्षिक एहतियाती स्वास्थ्य जांच कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके अलावा यादव की अध्यक्षता में यहां हुई ईएसआईसी की 186वीं बैठक में गुरुग्राम (मानेसर) में मौजूदा 100 बिस्तरों वाले अस्पताल का विस्तार कर 500 बिस्तरों वाले ईएसआईसी अस्पताल के निर्माण के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए, यादव ने कहा, हमने एक पायलट परियोजना



शुरू की है जिसके तहत हम प्रत्एक साल 40 वर्ष या उससे अधिक उम्र के ईएसआईसी के बीमाकृत व्यक्तियों (आईपी) के लिए मुफ्त चिकित्सा जांच प्रदान कर रहे हैं। स्वस्थ भारत का हमारा सपना है। हमारे पास लगभग 3.5 करोड़ आईपी हैं।

# विनिमय दरों को लचीले तरीके से आगे बढ़ने की अनुमति दे भारत

## अमेरिकी वित्त विभाग ने रखी मांग

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** के वित्त विभाग ने कहा है कि भारत ने अपने विदेशी मुद्रा विनियम बाजार के हस्तक्षेप को प्रकाशित करने में अनुकरणीय कार्य किया है। हालांकि, इसके साथ ही वित्त विभाग ने कहा कि भारत को आर्थिक बुनियाद को दर्शाने के लिए विदेशी मुद्रा विनिमय दरों को लचीले ढंग से आगे बढ़ने देना चाहिए।

विभाग ने शुक्रवार को कहा, भारतीय अधिकारियों को आर्थिक बुनियादी पर विचार करते हुए विनिमय दर को लचीले ढंग से आगे बढ़ने देना चाहिए। साथ ही भारत को विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप को अव्यवस्थित बाजार स्थितियों की परिस्थितियों तक सीमित करना चाहिए। अमेरिकी वित्त विभाग ने कहा, आर्थिक पुनरुद्धार के साथ संरचनात्मक सुधारों को भी आगे बढ़ाना जारी रखा जाना चाहिए, ताकि उत्पादकता और जीवन स्तर को ऊपर उठाने में मदद मिल सके।

अमेरिका के प्रमुख व्यापारिक भागीदारों की आर्थिक और विदेशी मुद्रा नीतियों पर संसद को सौंपी गई अर्द्ध-वार्षिक रिपोर्ट में वित्त विभाग ने अपने प्रमुख व्यापारिक भागीदारों की नीतियों की समीक्षा की है। विभाग ने अपनी रिपोर्ट में अमेरिका के प्रमुख व्यापार भागीदारों की नीतियों का आकलन किया है। इसमें जून, 2021 तक चार तिमाहियों में उसके वस्तुओं और सेवाओं के विदेशी व्यापार का 80 प्रतिशत हिस्सा शामिल है।

## गोवा के मुख्यमंत्री ने ई-वाहनों को बढ़ावा देने की नीति का किया शुभारंभ

**कानाकोना (गोवा)।** गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने शनिवार को ई-वाहनों (ईवी) के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए गोवा बिजली परिवहन संवर्द्धन नीति-2021 का शुभारंभ किया। सावंत ने यहां भारी उद्योग मंत्रालय द्वारा इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को प्रोत्साहन देने के लिए आयोजित गोलमेज के दौरान इस नीति की शुरुआत की। सावंत ने कहा कि इस नीति का मुख्य उद्देश्य बैटरी से चलने वाले वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देना और राज्य के लोगों के लिए रोजगार पैदा करना है। नीति के तहत तहत प्रदान किए जा रहे लाभ पर उन्होंने कहा, हम विनिर्माण को प्रोत्साहन दे रहे हैं।

# पेज एक का शेष

### देश में...

कहा कि 33 वर्षीय यह व्यक्ति 23 नवंबर को मुंबई के लिए उड़ान भरने से पहले दुबई के रास्ते दक्षिण अफ्रीका से दिल्ली हवाई अड्डे पहुंचा था जहां उसने कोविड जांच के लिए नमूना दिया था। महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग की निदेशक डॉक्टर अर्चना पाटिल ने मुंबई में कहा, कल्याण डोंबिवली नगर निकाय क्षेत्र का एक व्यक्ति कोरोना वायरस के ओमीक्रॉन स्वरूप से संक्रमित पाया गया है। यह राज्य में पहला आधिकारिक मामला है। उन्होंने कहा, वह (व्यक्ति) चार लोगों के एक समूह के साथ आया था। उनकी आरटी-पीसीआर जांच और जीनोम अनुक्रमण भी किया जाएगा।

### वैज्ञानिकों ने...

अधिक आयु के लोगों को टीके की बूस्टर खुराक देने की वकालत की है, लेकिन विशेषज्ञों की राय इससे अलग है। इंसाकोग, राष्ट्रीय जांच प्रयोगशालाओं का एक नेटवर्क है जिसे सरकार ने कोविड-19 के परिवर्तित होते जीनोमिक स्वरूप पर निगरानी के उद्देश्य से बनाया है। रोग प्रतिरोधक क्षमता वैज्ञानिक विनीता बल ने कहा, हमारे यहां 18 साल से कम उम्र के लोगों की बड़ी आबादी है। जब तक इन्हें टीका नहीं दिया जाता, दूसरी खुराक के लिए एक समान नीति या तीसरी खुराक का सुझाव देना बेमानी है। उन्होंने कहा कि भारत में बड़े स्तर पर टीकाकरण मार्च 2021 में ही शुरू हुआ है। हमें भारत में सभी लाभार्थियों को टीके की दोनों खुराक देने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के लोगों को बड़े स्तर पर टीका लगाने पर जोर देना चाहिए। नई दिल्ली के राष्ट्रीय प्रतिरक्षा विज्ञान संस्थान (एनआईआई) के सत्यजीत रथ ने कहा कि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि दुनिया में किसी भी टीके के लिए बूस्टर की जरूरत है या नहीं। उन्होंने कहा, हाल के अध्ययन में प्रतिरक्षा की अवधि और सुरक्षा में अंतर दिखने लगा है। इसलिए मैं इन आंकड़ों के आधार पर बूस्टर खुराक के बारे में जल्दबाजी में कोई निश्चित राय नहीं दे सकता।

### स्वास्थ्य मंत्रालय...

लिए भेजने, मामलों की तुरंत पहचान करने और स्वास्थ्य ढांचे की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए भी कहा गया है। वायरस नए स्वरूप ओमीक्रोन पर बढ़ती चिंताओं के बीच संसदीय समिति ने कोविड-रोधी टीकों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किए जाने तथा कोरोना के नए स्वरूप पर काबू पाने के लिए बूस्टर खुराक की आवश्यकता की जांच के लिए अधिक अनुसंधान करने की सिफारिश की है। स्वास्थ्य पर संसदीय स्थाई समिति ने शुक्रवार को पेश अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि इम्यूनोस्केप तंत्र विकसित कर रहे नए स्वरूप से गंभीरता से निपटा जाना चाहिए।

### कांग्रेस से...

उनका भी मानना है कि कांग्रेस का अस्तित्व खत्म हो जाना चाहिए तो यह रुख 'सबसे बड़ा खतरा' है। यदि विपक्षी दलों में एकता नहीं होगी तो भाजपा का राजनीतिक विकल्प बनाने की बात बंद कर देनी चाहिए। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस से इतर वैकल्पिक मोर्चा बनाने की कोशिश कर रहीं प. बंगाल की मुख्यमंत्री बनर्जी ने मुम्बई में यूपीए के अस्तित्व पर सवाल उठाकर मौजूदा विपक्षी मोर्चे से अलग रास्ता बनाने का संकेत दिया था। मुम्बई दौरे के दौरान वह एनसीपी अध्यक्ष शरद पवार और शिवसेना के नेता आदित्य ठाकरे से भी मिली थीं। टीएमसी के मुखपत्र 'जागो बांगला' ने बीते शुक्रवार को कांग्रेस पर प्रहार करते हुए लिखा था कि कांग्रेस पार्टी 'डीप फ्रीजर' में चली गई है। 'जागो बांगला' ने हाल में दावा किया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ ममता बनर्जी चेहरा बनकर उभरी हैं, न कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी। शिवसेना ने कहा कि ममता बनर्जी के मुंबई दौरे के बाद विपक्षी दल हरकत में आ गए हैं। भाजपा का मजबूत विकल्प बनाने पर सहमति बनी है, लेकिन इस पर चर्चा हो रही है कि किसे गठबंधन में साथ लिया जाए और किसे इससे दूर रखा जाए। लेकिन यदि सहमति नहीं है, तो किसी को भी भाजपा से मुकाबला करने की बात नहीं करनी चाहिए। नेतृत्व मुख्य मुद्दा नहीं है, लेकिन कम से कम साथ आने पर निर्णय किया जाना चाहिए। पार्टी ने कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा कांग्रेस को हराने के लिए काम करते हैं तो कोई भी इसे समझ सकता है, क्योंकि यह उनके एजेंडा का हिस्सा है, लेकिन जो लोग मोदी और भाजपा के खिलाफ हैं और कांग्रेस के बारे में बुरा सोचते हैं, तो यह सबसे बड़ा खतरा है। इसी तरह अपना रुख स्पष्ट करते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मुख्य प्रवक्ता नवाब मलिक ने शनिवार को कहा कि कांग्रेस के बिना कोई संयुक्त विपक्ष नहीं हो सकता। उन्होंने यहां तक कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) के बाहर की पार्टियों को भी ऐसे गठबंधन का हिस्सा होना चाहिए। मलिक ने नागपुर हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने यह साफ कर दिया है कि कांग्रेस के बिना विपक्षी एकता नहीं हो सकती। मंत्री ने कहा कि इसके साथ ही विपक्ष के लगभग 150 लोकसभा सदस्य हैं, जो संप्रग के सदस्य नहीं हैं। इन सभी को साथ लाना होगा। शरद पवार इस पर काम करने के लिए तैयार हैं। भाजपा के खिलाफ विपक्षी गठबंधन का कौन नेतृत्व करेगा इस सवाल पर मलिक ने कहा कि पवार ने साफ-साफ कहा था कि सामूहिक नेतृत्व होगा।

### उत्तराखंड को...

के बीच 33 किलोमीटर सड़क तथा 67 करोड़ की लागत से देहरादून में हिमालयन संस्कृति केंद्र का भी उद्घाटन किया। वहीं केंद्र की पूर्ववर्ती मनमोहन सिंह सरकार पर घोटाले कर देश का बहुमूल्य समय नष्ट करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि आधुनिक बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) पर 100 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के इरादे से आगे बढ़ रहा भारत विकसित देशों में शामिल होगा तथा वह दुनिया के किसी देश के दबाव में नहीं आ सकता। राज्य में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इस शताब्दी की शुरुआत में कनेक्टिविटी आगे बढ़ाने का अभियान शुरू किया था लेकिन उसके बाद देश में 10 वर्षों तक रही सरकार ने देश का बहुमूल्य समय नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा, दस साल तक देश में बुनियादे ढांचे के नाम पर घोटाले हुए और घपले हुए। इससे देश का जो नुकसान हुआ उसकी भरपाई के लिए हमने दोगुनी गति से मेहनत की और आज भी कर रहे हैं। आज भारत आधुनिक बुनियादी ढांचे पर 100 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के इरादे से आगे बढ़ रहा है। मोदी ने कहा कि सालों साल अटकी रहने वाली परियोजनाओं और बिना तैयारी के फीता काटने वाले तौर-तरीकों को पीछे छोड़कर आज भारत नवनिर्माण में जुटा है। उन्होंने कहा, 21वीं सदी के इस कालखंड में भारत में कनेक्टिविटी का एक ऐसा महायज्ञ चल रहा है जो भविष्य के भारत को विकसित देशों की श्रृंखला में लाने में अहम भूमिका निभाएगा। इस महायज्ञ का भी एक ऐसा यज्ञ आज देवभूमि में हो रहा है। प्रधानमंत्री ने सीमा पर सड़कों और पुल बनाने पर ध्यान नहीं देने, सेना के लिए वन रैंक वन पेंशन का समाधान न करने तथा आधुनिक अस्त्र-शस्त्र न देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन लोगों ने हर स्तर पर सेना को निराश करने की मानो कसम खा रखी थी। उन्होंने कहा, लेकिन आज की सरकार दुनिया के किसी देश के दबाव में नही आ सकती। हम राष्ट्र प्रथम, सदैव प्रथम के मंत्र पर चलने वाले लोग हैं। हमने सीमावर्ती पहाड़ी क्षेत्रों में सैकड़ों किलोमीटर सडकें बनाई हैं। मोदी ने कहा कि मौसम और भूगोल की कठिन परिस्थितियों के बावजूद यह काम तेजी से किया जा रहा है और यह काम कितना अहम है, यह अपने बच्चों को फौज में भेजने वाला उत्तराखंड का हर परिवार अच्छी तरह समझ सकता है। उन्होंने कहा कि आज सरकार नागरिकों के अपनी समस्याओं को लेकर उसके पास आने की प्रतीक्षा नहीं करती बल्कि वह स्वयं सीधे नागरिकों के पास जाकर समस्याओं का समाधान करती है। प्रधानमंत्री ने कहा, समय के साथ हमारे देश की राजनीति में विकृतियां आ गई हैं जिसके कारण कुछ राजनीतिक दल समाज में भेद करके अपनी जाति, या विशेष धर्म या अपने छोटे से इलाके के दायरे के एक तबके पर ही विशेष ध्यान देते हैं। उन्हें उसमें अपना वोट बैंक नजर आता है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसके अलावा राजनीतिक दलों ने एक और तरीका भी अपनाया है कि जनता को मजबूत न होने दो बल्कि मजबूर बनाओ। उन्होंने कहा, उसे अपना मोहताज बनाओ ताकि अपना ताज बरकरार रहे। मोदी ने कहा, इन दलों ने जनता में यह सोच पैदा कर दी कि सरकार ही हमारी माई-बाप है और इस तरह उसका गौरव और उसका स्वाभिमान एक सोची समझी राजनीति के तहत कुचल दिया गया। उन्होंने कहा कि उनके दल ने एक अलग रास्ता चुना है जो कठिन है लेकिन वह देश हित में है। सबका साथ, सबका विकास के नारे को दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा, हमारा मार्ग बिना किसी भेदभाव के सबके लिए एक समान योजना लाने तथा आत्मनिर्भर भारत बनाने का है।

### केंद्र से...

नेता एवं एसकेएम सदस्य अशोक धावले ने कहा कि बैठक में शहीद किसानों के परिवारों को मुआवजा देने, किसानों के खिलाफ दर्ज झूठे मुकदमों और लखीमपुर खीरी कांड के मुद्दों पर चर्चा की गई। आंदोलनकारी किसानों की मुख्य मांगों में से एक तीन विवादास्पद कृषि कानूनों को निरस्त करने के लिए सोमवार को संसद में एक विधेयक पारित किया गया था। हालांकि, गतिरोध जारी है, क्योंकि प्रदर्शनकारी किसान अपनी अन्य मांगों जैसे एमएसपी पर कानूनी गारंटी, आंदोलन के दौरान मारे गए किसानों के परिवारों को मुआवजा और मामलों को वापस लेने पर जोर दे रहे हैं।

### जानेमाने पत्रकार...

अद्वितीय जीवन जिया, दिल्ली की शरणार्थी कॉलोनियों से शुरु करते हुए 42 वर्षों तक पत्रकारिता की उत्कृष्टता के शिखर तक बढ़ते हुए, हमेशा सच के साथ खड़े रहे। उन्होंने लिखा, वह अब हमारी मां, उनकी प्यारी पत्नी चिन्ना के साथ स्वर्ग में हैं, जहां वे गीत गाना, खाना बनाना, यात्रा करना और एक दूसरे से नोंकझोंक जारी रखेंगे।

### ऐजाज के...

हुए सिराज ने विल यंग को सीधी गेंद पर आउट किया जबकि टॉम लैथम उनके बाउंसर पर चकमा खा गए। रोस टेलर उनका तीसरा शिकार हुए। सिराज एक समय हैट्रिक पर थे लेकिन हेनरी निकोल्स के खिलाफ पगबाधा की उनकी जोरदार अपील खारिज हो गई। न्यूजीलैंड ने तीन विकेट 17 रन पर गंवा दिए। कीवी बल्लेबाज भारत के किसी गेंदबाज का सामना नहीं कर पा रहे थे। जयंत को चाय से ठीक पहले विकेट मिली। चाय के बाद न्यूजीलैंड ने छह विकेट 24 रन के भीतर गंवा दिए जिनमें से तीन विकेट अश्विन ने लिए। कीवी टीम के लिए सिर्फ लैथम (10) और काइल जैमीसन (17) ही दोहरे अंक तक पहुंच सके।

# पाक में श्रीलंकाई नागरिक की लिंचिंग में आठ सौ लोगों पर आतंकवाद के आरोपों में प्राथमिकी

**भाषा।** लाहौर

**पाकिस्तान** के पंजाब प्रांत में ईशनिंदा के आरोप में एक श्रीलंकाई नागरिक की पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में अब तक 800 से अधिक लोगों के खिलाफ आतंकवाद के आरोपों में मामला दर्ज किया गया है। इसके अलावा गिरफ्तार किए गए 118 में से 13 प्रमुख संदिग्ध हैं। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस घटना को लेकर सरकार पर दोषियों को न्याय के कठघरे में लाने का दबाव बढ़ रहा है। शुक्रवार को हुई इस चौंकाने वाली घटना में कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के नाराज समर्थकों ने एक कपड़ा कारखाने पर हमला किया और उसके महाप्रबंधक प्रियंता कुमारा दियावदना को ईशनिंदा के आरोप में पीट-पीटकर मार डाला। इसके बाद उनके शव को आग लगा दी। दियावदना (40) श्रीलंका के कैंडी शहर से थे। वह पिछले सात वर्षों से लाहौर से लगभग 100 किलोमीटर दूर सियालकोट जिले में राजको उद्योग कारखाने में महाप्रबंधक के रूप में काम कर रहे थे। पुलिस महानिरीक्षक (पंजाब) राव सरदार अली खान और पंजाब सरकार के प्रवक्ता हसन खरवार ने शनिवार को यहां घटना की एक प्रारंभिक रिपोर्ट मीडिया के साथ साझा की। खान ने कहा, पुलिस ने अब तक श्रीलंकाई नागरिक की हत्या में शामिल 118 संदिग्धों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 13 प्रमुख संदिग्ध शामिल हैं। उन्होंने कहा कि 800 से अधिक लोगों के खिलाफ आतंकवाद के आरोपों में प्राथमिकी दर्ज की गई है। खान ने कहा, शुक्रवार सुबह 10 बजे कारखाने में 800 से अधिक लोगों की भीड़ जमा हो गई थी, जिन्हें बताया गया था कि कुमारा ने (इस्लामी आयत लिखा) एक स्टिकर । पोस्टर फाड़कर ईशनिंदा की है। हमलावरों ने उन्हें तलाश किया और वह छत पर मिले। भीड़ ने उन्हें घसीटा, बुरी तरह पीटा और सुबह 11.28 बजे तक उनकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद हिंसक भीड़ ने उनके शव को आग लगा दी।

## श्रीलंका की संसद ने की निंदा

**कोलंबो( भाषा )।** श्रीलंका की संसद और प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे ने पाकिस्तान में श्रीलंकाई नागरिक की पीट-पीट कर हत्या किए जाने की घटना की शनिवार को निंदा की और उम्मीद जताई कि वहां के प्रधानमंत्री इमरान खान पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए दोषियों को न्याय के कठघरे में लाएंगे और शेष श्रीलंकाई प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता बनाए रखेंगे। शुक्रवार को एक निर्मम घटना में कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी के समर्थकों द्वारा प्रियंता कुमारा दियावदना की पीट-पीटकर हत्या के बाद शव को जला दिया गया था। इन लोगों ने ईशनिंदा के आरोपों को लेकर पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक कपड़ा कारखाने पर हमला किया था।

श्रीलंका के कैंडी निवासी दियावदना, लाहौर से करीब 100 किलोमीटर दूर सियालकोट जिले में कपड़ा कारखाने में महाप्रबंधक के तौर पर कार्यरत थे। श्रीलंकाई सरकार और विपक्ष एकजुट होकर श्रीलंकाई अधिकारियों से पाकिस्तान में श्रीलंका के बाकी कामगारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इस्लामाबाद के साथ बातचीत करने का आग्रह कर रहे थे।


लाहौर में सियालकोट की लिंचिंग की घटना के विरोध में एक नागरिक समाज समूह की महिलाओं ने किया प्रदर्शन

## माली ट्रक पर हमले में कम से कम 31 आम नागरिकों की मौत

**बमाको।** मध्य माली में आम नागरिकों को लेकर जा रहे एक ट्रक पर बंदूकधारियों ने हमला कर दिया, जिसमें कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी शनिवार को एक स्थानीय अधिकारी ने दी। बांदियागरा के महापौर हुसैनी साए ने बताया कि ट्रक में करीब 50 लोग सवार थे, तभी शहर से करीब दस किलोमीटर की दूरी पर शुक्रवार को कुछ बंदूकधारियों ने उस पर हमला कर दिया। महापौर ने कहा, गोलीबारी से ट्रक में आग लग गई और 31 लोगों की मौत हो गई। उनमें से अधिकतर की जलकर मौत हो गई। वह माली के संसद के सदस्य भी हैं। उन्होंने कहा, कई लोग जख्मी हो गए और दो व्यक्ति लापता हैं। हमले की किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है लेकिन यह अल-कायदा से जुड़े स्थानीय समूहों का कृत्य प्रतीत होता है। माली की सेना के खिलाफ अल-कायदा से जुड़े सशस्त्र समूहों ने 2015 में हमले शुरू किए थे।

## कोविड-19 टीकों को एड्स से जोड़ने वाले ब्राजील के राष्ट्रपति के बयान की हो सकती है जांच

**ब्रासीलिया (एपी)।** ब्राजील की शीर्ष अदालत के एक न्यायाधीश ने राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो के, कोविड-19 टीकों को एड्स से जोड़ने वाले बयानों की जांच का शुक्रवार को आदेश दिया। बोल्सोनारो ने 24 अक्टूबर को प्रसारित संबोधन में कहा था, ब्रिटेन की सरकार की आधिकारिक रिपोर्ट में कहा गया है कि जिन लोगों को टीके की दोनों खुराक मिली है उन्हें एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिंड्रोम (एड्स) जल्दी हो रहा है। फेसबुक और इंस्टाग्राम ने कुछ दिन बाद उक्त वीडियो को यह कहकर हटा लिया कि इससे उनके नियमों का उल्लंघन होता है। वैज्ञानिकों और डॉक्टरों ने भी बोल्सोनारो के दावे का खंडन किया है। ब्राजील के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश अलेक्सांद्रे डी मोरेआस ने देश के शीर्ष अभियोजक ऑगस्टो अरास को निर्देश दिया है कि वह ब्राजील की सीनेट द्वारा महामारी की जांच में लगाए गए आरोप की पड़ताल करे। ब्राजील के राष्ट्रपति ने अभी तक टीका नहीं लगवाया है और वह टीकाकरण की अनिवार्यता के विरोध में बोलते रहे हैं। बोल्सोनारो का कहना है कि वह केवल एक पत्रिका में छपे लेख का हवाला देते रहे हैं और उन्होंने कोई दावा नहीं किया है। मोरेआस ने अपने आदेश में कहा कि बोल्सोनारो के बयान की जांच होनी चाहिए। हालांकि, किसी प्रकार की जांच होने की संभावना नहीं है। अरास राष्ट्रपति के विरोध में नहीं जाते हैं और सीनेट की समिति द्वारा अनुरोध किए जाने के बावजूद उन्होंने महामारी से निपटने में बोल्सोनारो की भूमिका की भी जांच नहीं की। बोल्सोनारो ने महामारी की शुरुआत से ही स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य नियमों का उल्लंघन किया और कहा कि कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए लागू पाबंदियों से फायदे के मुकाबले नुकसान ज्यादा होता है। गौरतलब है कि ब्राजील में कोविड-19 से अब तक 6,10,000 से ज्यादा मरीजों की मौत हो चुकी है और इस मामले में वह अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर है।

# वायरस से मौतों की संख्या विषादपूर्ण है क्योंकि इसे टाला जा सकता था: एंजेला मर्केल

**एपी।** बर्लिन

**जर्मनी की** निवर्तमान चांसलर एंजेला मर्केल ने देश के लोगों से जल्द से जल्द कोविड-19 टीकाकरण करवाने की अपील की है। अगले सप्ताह अपना पद छोड़ रहीं चांसलर मर्केल की संभवत: देशवासियों से यह आखिरी अपील है। मर्केल ने अपना वीडियो संदेश संघीय और राज्य सरकार द्वारा कोविड-19 महामारी की श्रृंखला को तोड़ने के लिए उठाए गए कदमों के दो दिन बाद दिया है जिसे उनका आखिरी साप्ताहिक संदेश माना जा रहा है।

नए उपायों के तहत टीकाकरण नहीं करवाने वाले लोगों को गैर-आवश्यक वस्तुओं की दुकानों, रेस्तरां और खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन स्थलों में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। दीर्घकालिक उपाय के तहत संसद टीकाकरण को अनिवार्य बनाने पर विचार कर रही है। जर्मनी में अबतक 68.9 प्रतिशत लोगों का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है लेकिन यह सरकार के 75 प्रतिशत के लक्ष्य से कम है।



हाल के दिनों में कोविड-19 के बढ़ रहे मामलों के लिए टीकाकरण नहीं करवाने वाले लोगों को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों में दिख रहा है कि अब संक्रमण दर में स्थिरता आ रही है लेकिन अब भी इसका स्तर उच्च बना हुआ है। जर्मनी के राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र ने शनिवार को बताया कि बीते 24 घंटे की अवधि में देश में कोरोना वायरस संक्रमण के 64,510 नए मामले सामने आए जबकि इस दौरान 378 मरीजों की मौत हो गई। देश में अब तक इस महामारी के कारण 1,02,946 लोगों की मौत हो चुकी है।

मर्केल ने अपने संदेश में कहा, कोविड-19 की वजह से जान गंवाने वाले अपने पीछे जिन परिवारों और दोस्तों को छोड़ गए हैं वें स्तब्ध, निशब्द और असहाय है। ए कड़वे अनुभव है क्योंकि इससे प्रभावी टीकाकरण की मदद से बचा जा सकता था। हमारे हाथों में इसकी कुंजी है। उन्होंने अपने आग्रह को दोहराया कि जर्मन वायरस को गंभीरता से लें। मर्केल ने कहा कि नया ओमीक्रोन स्वरूप पहले के स्वरूप से भी अधिक संक्रामक लग रहा है। इसलिए टीकाकरण कराएं, यह मायने नहीं रखता कि वह पहली खुराक है या बूस्टर। हर टीकाकरण मदद करेगा। गौरतलब है कि मर्केल के बुधवार को पदभार छोड़ेने की उम्मीद है और उनका स्थान सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता ओलाफ स्कोल्ज लेंगे जो उप चांसलर हैं। स्कोल्ज ने शनिवार को कहा कि उनकी सरकार का पहला कार्य कोरोना महामारी से पूरी ताकत से लड़ना होगा।

## पोप ने लोकतंत्र के जन्मस्थल में लोकलुभावन खतरों को लेकर किया आगाह

**एथेंस (एपी)।** पोप फ्रांसिस ने शनिवार को आगाह किया कि लोकलुभावनवाद और अधिनायकवाद के आसान जवाब यूरोप में लोकतंत्र के लिए खतरा है और उन्होंने साझा हित को बढ़ावा देने के लिए नए सिरे से समर्पण दिखाने का आह्वान किया। पोप ने लोकतंत्र के जन्मस्थल यूनान में राजनीतिक और सांस्कृतिक नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केवल मजबूत बहुपक्षवाद ही पर्यावरण की रक्षा करने से लेकर महामारी और गरीबी तक के मुद्दों को सफलतापूर्वक हल कर सकता है। उन्होंने शनिवार को एथेंस पहुंचने के बाद कहा, राजनीति में निजी हितों के मुकाबले साझा जरूरतों को आगे रखने के लिए इसकी जरूरत है। फिर हम इसे नजरअंदाज नहीं कर सकते कि कैसे आज और न केवल यूरोप में बल्कि अन्य जगहों पर हम लोकतंत्र से पीछे हटते हुए देख रहे हैं। गौरतलब है कि पोप साइप्रस और यूनान की यात्रा पर आए हैं। एथेंस में फ्रांसिस ने यूनान के प्रधानमंत्री क्रियाकोस मित्सोताकिस और यूनान ऑर्थोडॉक्स चर्च के नेता आर्कबिशप लेरोनिमस से मुलाकात की। पोप की यह यात्रा सोमवार को समाप्त होगी।



गाम्बिया के राष्ट्रपति चुनाव के लिए बकाउ, गाम्बिया में मतदान करने के लिए कतार में लगी हुईं महिलाएं

## पहले सिप्रियन फोयस पुरस्कार के लिए चुने गए तीन लोगों में भारतीय-अमेरिकी गणितज्ञ शामिल

**भाषा।** वाशिंगटन

**बर्कले** के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में पढ़ाने वाले प्रख्यात भारतीय-अमेरिकी गणितज्ञ निखिल श्रीवास्तव को संयुक्त रूप से अमेरिकन मैथमैटिकल सोसाइटी (एएमएस) द्वारा ऑपरेटर थ्योरी पर काम के लिए पहले सिप्रियन फोयस पुरस्कार के लिए चुना गया है। श्रीवास्तव के अलावा, दो अन्य पुरस्कार विजेताओं में एडम मार्कस और डेनियल स्पीलमैन का नाम है। एडम मार्कस स्विट्ज़रलैंड में इकोले पॉलीटेक्निक फेडेरल डी लॉज़ेन (ईपीएफएल) में कॉम्बिनेश्रियल एनालिसिस के अध्यक्ष हैं जबकि स्पीलमैन कंप्यूटर साइंस के उत्कृष्ट प्राध्यापक, सांख्यिकी और डेटा विज्ञान तथा गणित के प्रोफेसर हैं।

श्रीवास्तव, मार्कस और स्पीलमैन को यह पुरस्कार अगले साल पांच जनवरी को सिएटल में आयोजित होने वाले समारोह में दिया जाएगा, जिसमें दुनियाभर के दिग्गज गणितज्ञ हिस्सा लेंगे। इस पुरस्कार की स्थापना वर्ष 2020 में सिप्रियन फोयस की याद में की गई थी, जोकि ऑपरेटर थ्योरी और फ्लूइड मेकैनिक्स के क्षेत्र के प्रसिद्ध विद्वान थे। पुरस्कार के तहत 5,000 डॉलर की राशि प्रदान की जाएगी। एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह पुरस्कार उनके अत्यधिक मौलिक कार्य को मान्यता देता है, जिसमें मैट्रिसेस के विशिष्ट बहुपद को समझने के तरीकों को सामने रखा गया और विकसित किया गया, जिनमें इटरेटिव स्पार्सीफिकेशन विधि (बैट्सन के सहयोग से भी) और बहुपदों को जोड़ने की विधि यानी इंटरलेसिंग पोलीनोमियल्स शामिल हैं। एक संयुक्त बयान में, तीन पुरस्कार विजेताओं ने कहा कि वे उन कई लोगों की ओर से इसे स्वीकार करना चाहते हैं, जिनके काम ने कैडिसन-सिंगर प्रॉब्लम के समाधान में योगदान दिया।

## क्विक न्यूज

### दक्षिण कोरिया में कोविड-19 के रिकॉर्ड 5,352 नए मामले

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के रिकॉर्ड 5,352 नए मामले सामने आए है और 70 लोगों की मौत हो गई। वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन के तीन नए मामलों की भी पुष्टि हुई। कोरियाई बीमारी नियंत्रण एवं रोकथाम एजेंसी ने शनिवार को बताया कि 5,352 नए मामले सामने आए है। इस सप्ताह तीसरी बार संक्रमण के नए मामले 5,000 से ज्यादा आए है। देश में पिछले 24 घंटे में 70 मरीजों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 3,809 हो गई। वही, 752 मरीज गंभीर या नाजुक हालत में है जो अब तक का सबसे ज्यादा है। देश में कोरोना वायरस के डेल्टा स्वरूप के मामलों में वृद्धि के बाद अस्पताल मरीजों से भर गए है। वही ओमीक्रोन के स्थानीय इलाकों में प्रसार होने को लेकर चिंताएं बढ़ी हुई है क्योंकि इस स्वरूप के अधिक संक्रामक होने की आशंका है। देश में ओमीक्रोन के तीन नए मामले सामने आने के बाद इस स्वरूप के कुल मामलों की संख्या बढ़कर नौ हो गई। अधिकारियों ने बताया कि ओमीक्रोन के मामले बढ़ने की आशंका है क्योंकि इनमें से कुछ मरीज 28 नवंबर को चर्च गए थे, जहां सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### रासायनिक हथियार निगरानी संस्था ओपीसीडब्ल्यू की कार्यकारी परिषद में पाकिस्तान पुनर्निर्वाचित

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को 2022-2024 की अवधि के लिए रासायनिक हथियार निषेध संगठन (ओपीसीडब्ल्यू) की कार्यकारी परिषद के लिए पुनर्निर्वाचित किया गया है। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने शनिवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान के अनुसार नीदरलैंड के शहर द हेग में 29 नवंबर से दो दिसंबर तक आयोजित ओपीसीडब्ल्यू के सदस्यों के हाल में संपन्न 26वें सत्र के दौरान यह चुनाव हुए थे। विदेश कार्यालय ने बयान में कहा, "ओपीसीडब्ल्यू की 41 सदस्ईय कार्यकारी परिषद के लिए पाकिस्तान का फिर से चुनाव ओपीसीडब्ल्यू में पाकिस्तान की सकारात्मक भूमिका का एक प्रमाण है।

### चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने उठाए अमेरिकी लोकतंत्र पर सवाल

**बीजिंग।** चीन की कम्युनिस्ट पार्टी ने अगले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की मेजबानी में होने जा रहे वैश्विक लोकतंत्र सम्मेलन की कड़ी आलोचना करते हुए शनिवार को अमेरिकी लोकतंत्र पर सवाल उठाए जबकि अपनी शासन प्रणाली के गुणों की प्रशंसा की। पार्टी पदाधिकारियों ने सवाल किया कि एक ध्रुवीकृत देश दूसरों को व्याख्यान कैसे दे सकता है। उन्होंने कहा कि दूसरों को पश्चिमी लोकतांत्रिक मॉडल की नकल करने के लिए मजबूर करने के प्रयास" बुरी तरह विफल हुए" है। पार्टी के नीति शोध कार्यालय के उप निदेशक तियान पेइयां ने कहा कि महामारी ने अमेरिकी व्यवस्था की खामियों को उजागर कर दिया है। उन्होंने अमेरिका में कोविड-19 से बड़ी संख्या में लोगों की मौत के लिए राजनीतिक विवादों और ऊपरी से लेकर निचले स्तर तक विभाजित सरकार को जिम्मेदार बताया। पेइंया ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, इस प्रकार का लोकतंत्र मतदाताओं के लिए खुशियां नही बल्कि तबाही लेकर आता है। उन्होंने एक सरकारी रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया गया है कि कम्युनिस्ट पार्टी अपने लोकतंत्र के स्वरूप को क्या कहती है।

### इंडोनेशिया में सेमेरू ज्वालामुखी फूटा, निकल रहा है राख का गुब्बार

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के सबसे घनी आबादी वाले द्वीप जावा में सबसे ऊंचा ज्वालामुखी शनिवार को फूट पड़ा जिससे आसमान में राख का गुब्बार छा गया। इससे आसपास रहने वाले लोगों में दहशत उत्पन्न हो गई। इसमें किसी के हताहत होने की तत्काल कोई सूचना नही है। पूर्वी जावा प्रांत के लुमाजांग जिले में स्थित माउंट सेमेरु के अचानक फूटने से इसके ढलानों के आसपास के कई गांवों में इससे निकलने वाली राख भर गई। लुमाजांग जिला प्रमुख थोरिकुल हक ने टीवी-वन को बताया कि ज्वालामुखी के फटने के साथ गरज चमक के साथ बारिश हुई। इससे बहने वाले लावा और सुलगता मलबे से दो मुख्य गांवों प्रोनोजिवो और कैंडिपुरो को जोड़ने वाला कम से कम एक पुल नष्ट हो गया। उन्होंने कहा कि इससे वहां से लोगों को निकालने में बाधा उत्पन्न हुई। हक ने कहा, राख के घने गुब्बार से कई गांवों में अंधेरा छा गया है। उन्होंने कहा कि कई सौ लोगों को अस्थाई आश्रयस्थलों या अन्य सुरक्षित क्षेत्रों में ले जाया गया है। टेलीविजन खबरों में दिखाया गया है कि लोग एक विशाल राख के गुब्बार के नीचे दहशत में भाग रहे है।

### ओमीक्रोन के कोरोना वायरस के अन्य स्वरूप से ज्यादा खतरनाक होने के फिलहाल साक्ष्य नहीं : सिंगापुर

**सिंगापुर।** कोरोना वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से संबंधित लक्षणों के अन्य स्वरूप से ज्यादा खतरनाक होने या मौजूदा टीके या इलाज के इस पर अप्रभावी होने के संबंध में फिलहाल कोई सबूत नही है। सिंगापुर स्वास्थ्य मंत्रालय के हवाले से एक खबर में यह बात कही गई है। चैनल न्यूज एशिया की खबर के अनुसार मंत्रालय ने कहा कि ओमीक्रोन से संक्रमित दो लोगों ने सिंगापुर से मलेशिया और ऑस्ट्रेलिया की यात्रा की। सिंगापुर स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि ओमीक्रोन के संबंध में और अधिक जानकारियां और अध्ययन की जरूरत है और आने वाले सप्ताह में वैश्विक स्तर पर इसके और मामले आने की आशंका है। मंत्रालय ने कहा कि एहतियात के अतिरिक्त कदम उठाने से उन्हें इस स्वरूप से लड़ने के तरीके जानने के लिए समय मिलेगा। सिंगापुर के चांगी हवाई अड्डे पर ओमीक्रोन संक्रमण के प्रसार पर मंत्रालय ने कहा कि संक्रमण का पहला मामला जोहानिसबर्ग से सिंगापुर एयरलाइन की एक उड़ान से 27 नवंबर को यात्रा करने वाले व्यक्ति का है। वह व्यक्ति उसी दिन की ट्रांजिट उड़ान के लिए यहां पहुंचा। इसके बाद व्यक्ति ने सिंगापुर एयरलाइन की एक अन्य उड़ान से 28 नवंबर को सिडनी की यात्रा की।

### रूस यूक्रेन पर सैन्य हमला करने की तैयारी में

**वाशिंगटन।** अमेरिका के खुफिया अधिकारियों ने यह पता लगाया है कि रूस यूक्रेन के खिलाफ संभावित सैन्य हमले की तैयारी कर रहा है और यह 2022 की शुरुआत में हो सकता है तथा इसमें करीब 1,75,000 कर्मियों के शामिल होने की आशंका है। प्रशासन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन नीत प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि नई खुफिया जानकारी में यह अनुमान लगाया गया है कि आधे से ज्यादा रूसी कर्मियों को पहले ही यूक्रेन की सीमा के निकट विभिन्न बिंदुओं पर तैनात किया गया है। अधिकारी ने नाम उजागर न करने की शर्त पर पर यह जानकारी दी है। यह जानकारी ऐसे समय में आई है जब रूस ने बाइडन से इस बात की गारंटी देने की मांग उठाई है कि यूक्रेन को नाटो गठबंधन में शामिल होने की अनुमति नही दी जाएगी। अधिकारी ने बताया कि रूस की योजना में सामरिक समूहों के 100 बटालियनों की तैनाती की बात है। इसके साथ आयुध और उपकरण शामिल है। इस खुफिया जानकारी की खबर सबसे पहले द वाशिंगटन पोस्ट में प्रकाशित हुई है। इससे पहले शुक्रवार को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रूस द्वारा यूक्रेन में सैन्य हमले को बेहद, बेहद कठिन बना देने का संकल्प लिया और कहा कि उनका प्रशासन रूस की आक्रमकता को रोकने के लिए कदम उठाएगा।

## अमेरिका में अवैध रूप से प्रवेश करने के लिए वर्जिन द्वीप समूह में तीन भारतीय गिरफ्तार

**भाषा।** वाशिंगटन

**संघीय कानून** प्रवर्तन अधिकारियों ने देश में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में यूएस वर्जिन द्वीप समूह में तीन युवा भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। एक अमेरिकी अटॉर्नी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कृष्णाबेन पटेल (25), निकुंजकुमार पटेल (27) और अशोककुमार पटेल (39) को यूएस वर्जिन द्वीप समूह के सेंट क्रिक्स हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया, जब वे 24 नवंबर को फ्लोरिडा के फोर्ट लॉडरडेल के लिए उड़ान भरने वाले थे।

अमेरिका में उनके कथित अवैध प्रवेश से संबंधित आपराधिक आरोपों पर प्रारंभिक सुनवाई के लिए सेंट क्रिक्स में मजिस्ट्रेट कोर्ट के न्यायाधीश जॉर्ज डब्ल्यू कैनन के समक्ष तीनों दो दिसंबर को पेश हुए। अमेरिकी वकील ग्रेटचेन सी एफ शैपर्ट ने बताया कि एक संभावित कारण पाया गया था और प्रतिवादियों को आगे की कार्यवाही के लिए जिला अदालत में पेश किया गया। अमेरिकी वकील के अनुसार, तीनों विमान में सवार होने वाले थे, जब एक सिस्टम जांच से पता चला कि फ्लोरिडा में वाहन चालक के उनके लाइसेंस वैध रूप से जारी नहीं किए गए थे और इसे धोखाधड़ी माना गया। आगे की जांच से पता चला कि अगस्त 2019 में, तीनों को पहले टेकेट, कैलिफ़ोर्निया में हिरासत में लिया गया था, और उन्हें शीघ्र वापस भेजने की कार्वाई शुरू की गई थी। मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है कि बाद में उन्हें अमेरिका से भारत भेज दिया गया था। तीनों पर धोखाधड़ी वाले दस्तावेज़ों का इस्तेमाल करने तथा अमेरिका से निकाले जाने के बावजूद किसी विदेशी की मदद से यहां पुन: प्रवेश करने के आरोप लगाए गए।

## फ्रांस की द रिपब्लिकन पार्टी राष्ट्रपति उम्मीदवार का चयन करेगी

**पेरिस।** फ्रांस की द रिपब्लिकन पार्टी के सदस्य शनिवार को राष्ट्रपति पद के लिए अपना उम्मीदवार चुनेंगे। यह एक ऐसा निर्णय है जो अगले साल अप्रैल में होने वाले चुनाव को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित कर सकता है। पेरिस क्षेत्र की प्रमुख, वैलेरी पेक्रेसे और नीस के एक कट्टरपंथी सांसद एरिक सिओती द रिपब्लिकन्स प्राइमरी के अंतिम दौर में प्रतिस्पर्धा में हैं। द रिपब्लिकन्स के करीब एक लाख 40 हजार सदस्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के जरिए मतदान में हिस्सा ले रहे हैं। इसका परिणाम शनिवार को देर से आने की संभावना है।

पेक्रेसे(54) एक पूर्व मंत्री हैं और पूर्व रूढिवादी राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी (2007-12) के शासन के दौरान सरकार की प्रवक्ता रह चुकी हैं। अगर वह पार्टी सदस्यों द्वारा और बाद में फ्रांस के मतदाताओं द्वारा निर्वाचित हो जाती हैं तो उन्होंने राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की मध्यमार्गी नीतियों को खत्म का वादा लिया है। मैक्रों के दूसरे कार्यकाल के लिए भी चुनाव लड़ने की संभावना है हालांकि उन्होंने अब तक अपनी उम्मीदवारी की घोषणा नहीं की है। पेक्रेसे ने कहा कि राष्ट्रपति बनने के बाद उनका पहला कदम फ्रांस में 35 घंटे के कार्य सप्ताह को समाप्त करना होगा, ताकि कर्मचारी अधिक काम करें और कमाएं। यूरोपीय यूनियन की समर्थक पेक्रेसे ने 2019 में द रिपब्लिकन्स छोड़ दिया था और इस साल दोबारा पार्टी में शामिल हो गई, जिसके बाद वह प्राइमरी में शामिल हुई है। सिओती (56) को पार्टी के दक्षिणपंथी के रूप में जाना जाता है।

## अफगानिस्तान के खातों से रोक नही हटाई गई तो उसकी आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती है: कुरैशी

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने शनिवार को कहा कि यदि अफगानिस्तान की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए उसके प्रतिबंधित खातों से रोक नहीं हटाई गई तो उसकी आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती है। कुरैशी ने कहा कि अफगानिस्तान में बिगड़ती मानवीय स्थिति पर चर्चा करने के लिए पाकिस्तान 19 दिसंबर को मुस्लिम देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक आयोजित करेगा।

कुरैशी ने लाहौर में संवाददददाताओं से कहा कि अफगानिस्तान की स्थिति को देखते हुए इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के विदेश मंत्रियों की परिषद का 17वां असाधारण सत्र 41 साल बाद आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा, यदि अफगानिस्तान की स्थिति पर ध्यान नहीं दिया गया तो मानव त्रासदी हो सकती है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान की आधी आबादी भोजन की कमी का सामना कर सकती है। अफगानिस्तान के खातों पर लगी रोक हटाने की वकालत करते हुए उन्होंने कहा कि यदि अफगानिस्तान की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए उसके प्रतिबंधित खातों से रोक



नहीं हटाई गई तो उसकी आर्थिक स्थिति और खराब हो सकती हैअगस्त के मध्य में तालिबान के देश की सत्ता पर काबिज होने के बाद अमेरिका ने अफगान सेंट्रल बैंक की 9 अरब अमरीकी डालर से अधिक की संपत्ति पर रोक लगा दी थी। तालिबान नीत अफगानिस्तान सरकार ने कड़ाके की सर्दी से पहले लोगों को हो रही कठिनाइयों का हवाला देते हुए अमेरिका से देश के खातों पर से रोक हटाने का अनुरोध किया है। अफगानिस्तान में बिगड़ती स्थिति को रेखांकित करते हुए कुरैशी ने कहा कि इससे एक नया शरणार्थी पलायन शुरू हो सकता है। उन्होंने दुनिया से युद्ध से तबाह देश की मौजूदा स्थिति को समझने के लिए कहा। कुरैशी ने कहा कि बैठक में शामिल होने के लिए पी5 देशों और यूरोपीय एजेंसी को भी आमंत्रित किया गया है।

## ओमीक्रोन पर टीकों का प्रभाव जानने में जुटे अनुसंधानकर्ता

विश्वभर के अनुसंधानकर्ता इस बात का पता लगाने में जुटे हैं कि क्या मौजूदा कोविड टीके हमें वायरस के नए स्वरूप ओमीक्रोन से बचा सकते हैं। इसमें सबसे बड़ी दुश्वारी यह है कि वायरस अपने जीनोम के महत्वपूर्ण हिस्सों में इतना अधिक उत्परिवर्तित हो गया है कि यह हमें वायरस के पुराने स्वरूपों से बचाने के लिए तैयार किए गए कोविड टीकों को भी मात दे सकता है, जिससे पूरी दुनिया को विनाशकारी परिणामों का सामना करना पड़ सकता है। वैसे, अभी से बहुत चिंता करना ठीक नहीं है और टीके ओमीक्रोन से भी हमारी रक्षा कर सकते हैं, जैसा उन्होंने पहले के स्वरूपों में किया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि हमें स्थिति का आकलन करने में दो से चार सप्ताह और लग सकते हैं।

**DOC टॉक**



डॉ. श्वेता गोस्वामी
चिकित्सा निदेशक
जीवा फर्टिलिटी क्लिनिक

## संक्रमणों को रखें दूर



हम अक्सर योनि संक्रमण के बारे में खुलकर बात नहीं करते हैं। कई महिलाएं शर्म महसूस करती हैं और अक्सर इसके बारे में बात करने में सहज महसूस नहीं करती हैं, लेकिन वास्तव में यह एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है जिस पर चर्चा की जानी चाहिए। योनि अक्सर चुभन भरी, सूखी हो सकती है, या अत्यधिक और बदरंग व बदबूदार डिसचार्ज उत्पन्न कर सकती है। यह वास्तव में सबसे संवेदनशील अंग है और इसकी उचित देखभाल और ध्यान की भी बहुत आवश्यकता होती है।

ऐसी कई गलतियां हैं जो एक महिला अनजाने में अपनी योनि के साथ करती है जो अक्सर उसे दूरगामी रूप में अनेक कठोर परिणाम झेलने की ओर ले जा सकती है। ये गलतियाँ अक्सर पेशाब करते समय या फिर सामान्य दिनों में, मासिक धर्म के दौरान या सेक्स करने से पहले और बाद में भी हो सकती हैं। यह बहुत आवश्यक है कि महिला अपने स्वास्थ्य, स्वच्छता और भलाई का ध्यान रखे।

अपनी योनि के लिए सुगंधित साबुन और सुगंध के प्रयोग से बचें। साबुन में आमतौर पर जो कृत्रिम गंध होती है वह योनि के लिए वास्तव में खतरनाक हो सकती है क्योंकि इनमें कई रसायन और कठोर तत्व होते हैं। साथ ही, इन कृत्रिम सुगंधित साबुनों व बॉडी वॉश में योनि के लिए उचित पीएच संतुलन नहीं होता है। एक महिला को हमेशा ऐसे अंतरंग वॉश का उपयोग करना चाहिए जो पीएच संतुलित हों और उपयोग के लिए पूर्णतया सुरक्षित हों।

❖ **नियमित अंतराल पर सैनिटरी पैड बदलें :** योनि संक्रमण और वायरस से बचने के लिए कृपया नियमित अंतराल पर अपने सैनिटरी पैड बदलें। एक ही पैड को ज्यादा देर तक रखने से खुजली और रैशेज हो जाते हैं। इसके अलावा, ऐसा करने में विफलता के परिणामस्वरूप संक्रामक रोगों की मेजबानी होती है।

**योनि में अनुपचारित जीवाणु संक्रमण के परिणामस्वरूप श्रोणि सूजन की बीमारी हो सकती है जो आगे चलकर बांझपन की ओर ले जाती है**

❖ **सेक्स करने के बाद अपनी योनि को साफ करें :** सेक्स करने के बाद योनि को साफ करना बहुत जरूरी है क्योंकि इससे बैक्टीरिया का फैलाव काफी कम हो जाएगा। साथ ही, यौन संबंध बनाते समय कंडोम का उपयोग करना आवश्यक है क्योंकि इससे निश्चित रूप से यौन संचारित संक्रमण (एसटीआई) का खतरा कम होगा। इसके अलावा, सुनिश्चित करें कि आप और आपका साथी लेटने से पहले हमेशा हाथ धोते हैं। अधिकांश संक्रमण उन दंपत्तियों को होते हैं जो इस प्रक्रिया को नहीं अपनाते हैं क्योंकि हाथों पर मौजूद बैक्टीरिया शरीर के अन्य हिस्सों जैसे मूत्रमार्ग और योनि में स्थानांतरित हो जाते हैं।

❖ **अपनी योनि को पीछे से आगे की ओर न पोंछें :** कभी भी अपने आप को पीछे से सामने की ओर न पोंछें क्योंकि इससे योनि में बैक्टीरिया और संक्रमण फैलते हैं। इसे हमेशा आगे से पीछे की ओर पोंछने की सलाह दी जाती है।

❖ **आरामदायक अंडरगारमेंट्स पहनें :** ऐसे कपड़े पहनें जो क्रॉच में ढीले हों, सिंथेटिक के बजाय कॉटन-क्रॉच अंडरवियर पहनें।

❖ **गंदे सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग करने से बचें :** सार्वजनिक शौचालयों का उपयोग करने से बचें क्योंकि वे आपात स्थिति में ज्यादातर गंदे होते हैं, अगर मजबूरी बन जाए तो इसे खड़ी मुद्रा में करें या आप अपने साथ डिस्पोजेबल या पोर्टेबल पेशाब करने वाले उपकरण भी ले जा सकती हैं।

❖ **अच्छी तरह से पेशाब करें :** जब भी आपको ऐसा करने की इच्छा हो तो वॉशरूम का उपयोग करना महत्वपूर्ण है। अपने आप को बहुत देर तक पेशाब करने से रोकना आपके मूत्राशय पर अनावश्यक दबाव डाल सकता है जिसके परिणामस्वरूप संक्रमण भी हो सकता है।

❖ **खुद को हाइड्रेट रखें :** दिन भर में खूब पानी पिएं और खुद को हाइड्रेट रखें। यह मूत्र संक्रमण को रोकेगा और आपके शरीर से समस्त कचरे को बाहर निकालेगा।

जब भी आपको लगे कि योनि से भारी स्राव हो रहा है या उससे अलग गंध आ रही है, या यदि आप अपनी योनि के आसपास या बाहर कोई खुजली, जलन, सूजन, या दर्द महसूस करें, या जब आप पेशाब करती हैं तो जलन सी महसूस होती है और जब सेक्स असहज होता है तो कृपया देर न करें और तत्काल अपने डॉक्टर से मिलें क्योंकि इससे कुछ गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। योनि में अनुपचारित जीवाणु सक्रमण के परिणामस्वरूप श्रोणि सूजन की बीमारी हो सकती है जो आगे चलकर बांझपन की ओर भी ले जा सकती है।

# बढ़ाएं अपनी दृष्टि



**टीवी देखने, गेम खेलने के लिए मोबाइल का उपयोग करने व डिजिटल उपकरणों पर पढ़ाई में बहुत अधिक समय बिताने के परिणामस्वरूप बच्चों को भी आंखों की बीमारियां होने का खतरा होता है। इनकी देखभाल करने का तरीका बता रहे हैं डॉ. जितेंद्र जेठानी**

आजकल चश्मों का उपयोग करने वाले बच्चों की संख्या में खतरनाक वृद्धि देखना वास्तव में चिंताजनक है। वयस्कों की तरह, बच्चों को भी आंखों की बीमारियों का खतरा होता है, जिसके परिणामस्वरूप टेलीविजन देखने, मोबाइल पर गेम खेलने व डिजिटल उपकरणों पर पढ़ने में बहुत अधिक समय लगता है। हाल की महामारी के दौरान स्थिति और भी खराब हो गई है क्योंकि बच्चे अपने घरों के अंदर कैद हैं, यहां तक कि डिजिटल माध्यमों से अपनी कक्षाओं में भाग ले रहे हैं। हालांकि, अच्छी बात यह है कि माता-पिता के रूप में आप अपने बच्चे की आंखों की सुरक्षा और उन्हें स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न तरीके अपना सकते हैं।

**अपनी आंखों की रक्षा करें :**

❖ आहार में हरी पत्तेदार सब्जियां लें

हरी पत्तेदार सब्जियां कैरोटीनॉयड और विटामिन ए का समृद्ध स्रोत हैं। कैरोटेनॉयड्स आंखों को मुक्त कणों से दूर रखने में मदद करते हैं। इसके अलावा, इनमें कैल्शियम, विटामिन बी 12 और विटामिन सी जैसे खनिज व अन्य विटामिन भी होते हैं। हरी सब्जियों में मौजूद जेक्सैन्थिन और ल्यूटिन भी आंखों को मोतियाबिंद और धब्बेदार अधोपतन से बचाने में मदद करते हैं। इसलिए, आपको अपने बच्चों को, अच्छी दृष्टि बनाए रखने में मदद हेतु पालक, ब्रोकोली, केल और कोलार्ड जैसी सब्जियों का सहज सेवन, सुनिश्चित करना शुरू कर देना चाहिए।

❖ **अच्छी मुद्रा और प्रकाश**

चाहे घर हो या स्कूल, बच्चों को पढ़ने, लिखने या कंप्यूटर का उपयोग करते समय अच्छी मुद्रा बनाए रखना सिखाया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि वे कंप्यूटर स्क्रीन को आंखों के स्तर पर रखते हुए रीढ़ सीधी रखें और आंखों के तनाव या खिंचाव को कम करने के लिए उसके प्रकाश को समायोजित करें।

**बच्चों को आंखों का तनाव कम करने में मदद करने के लिए आंखों को घुमाना, पलक झपकना और हाथ फेरना जैसे सरल नेत्र व्यायाम सिखाए जा सकते हैं। यह उनकी दृष्टि में सुधार या चश्मे का पावर कम नहीं कर पाएगा। हालांकि पलक झपकना स्वाभाविक रूप से आता है, लेकिन व्यायाम के रूप में, आपको अपने बच्चों को दो सेकंड के लिए अपनी आंखें बंद करने और फिर अपनी आंखें खोलने और पांच सेकंड के लिए तेजी से झपकाने के लिए कहना चाहिए। इसे पांच बार दोहराया जाना चाहिए। पामिंग करना आसान है क्योंकि आपको बस उन्हें अपने हाथों को रगड़ने और हथेलियों को आंखों पर रखने के लिए कहना है। इसे पांच बार दोहराया भी जा सकता है। ये सभी व्यायाम आंखों में रक्त प्रवाह बढ़ाने और आंखों के अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद करते हैं।**



डॉ. जितेंद्र जेठानी
बाल रोग विशेषज्ञ
बड़ौदा चिल्ड्रेन आई केयर एंड मेडिकल
कंसल्टेंट Entod

उन्हें बाहरी रोशनी में बैठने के लिए कहें और मायोपिया से बचाव करें। साथ ही बच्चों को आंखों पर किसी भी तरह के तनाव से बचने के लिए अच्छी इनडोर रोशनी होनी चाहिए।

❖ **आंखों के संक्रमण से बचें**

बच्चों को हमेशा अच्छी स्वच्छता की आदतें सिखाई जानी चाहिए, खासकर जब आंखों में संक्रमण या जलन से बचने की बात हो। माता-पिता होने के नाते आपको उन्हें सिखाना चाहिए कि बिना हाथ धोए कभी भी अपनी आंखों को न छुएं क्योंकि बैक्टीरिया उंगलियों से आंखों तक फैल सकते हैं। इसके अलावा, आपको सुझाव देना चाहिए कि वे अपने कमरों की सफाई करते समय सुरक्षा चश्मे का उपयोग करें ताकि धूल उनकी आँखों में न जाए।

❖ **स्क्रीन समय सीमित करें और बाहरी गतिविधियों को प्रोत्साहित करें**

वीडियो गेम खेलना, यूट्यूब वीडियो देखना व दोस्तों को लगातार टेक्स्ट मैसेज करना आपके बच्चे को नीली रोशनी के संपर्क में लाता है, जिससे आंखों पर डिजिटल दबाव पड़ सकता है। डिजिटल आई स्ट्रेन से सिरदर्द, दृष्टि-धुंधलापन, सूखी आंखें और अन्य परेशानियां हो सकती हैं। इससे बचने के लिए, अपने बच्चे के स्क्रीन समय को डिजिटल उपकरणों से कम करने के बजाय उन्हें बाहर खेलने के लिए प्रोत्साहित करें। आउटडोर खेल मायोपिया विकसित करने की संभावना को कम कर सकते हैं और समग्र स्वास्थ्य में सुधार कर सकते हैं।

❖ **नेत्र व्यायाम**

